* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
03 अप्रैल, 2023
चैत्र, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 163

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

हावड़ा के बाद अब हुगली के रिशरा में हिंसा और आगजनी






## गृह मंत्री ने नवादा में जनसभा को किया संबोधित

# दंगाइयों को उल्टा लटका कर सीधा करेंगे : शाह

- नीतीश कुमार पर साधा निशाना, कहा- भाजपा के दरवाजे बंद, 2024 में बिहार सरकार गिर जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नवादा।** गृह मंत्री अमित शाह रविवार को नवादा पहुंचे। शाह हिसुआ में आयोजित सम्राट अशोक जयंती कार्यक्रम में आये थे। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश और ललन बाबू के लिए भाजपा के दरवाजे अब हमेशा के लिए बंद हो गये हैं। 2024 लोकसभा चुनाव के बाद महागठबंधन सरकार गिर जायेगी। हमारी सरकार आयेगी। उन्होंने कहा कि मुझे सासाराम जाना था, लेकिन दुर्भाग्य है कि वहां लोग मारे जा रहे हैं। गोलियां चल रही हैं। इसलिए वहां नहीं जा सका। मैं वहां की जनता से यहीं से क्षमा मांगता हूं। लेकिन अगली बार वहां जरूर जाऊंगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनने पर दंगा करनेवालों को उल्टा लटका कर सीधा करने का काम करेंगे।

**नीतीश पीएम बनने के लिए तेजस्वी के साथ :** अमित शाह ने कहा कि नीतीश बाबू को पीएम बनना है। तेजस्वी को सीएम बनना है। इनके बीच बिहार की जनता पिस रही है, लेकिन देश की जनता ने तय किया है कि मोदी को तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनायेंगे। इसलिए लालू जी आप ये भूल जाओ कि नीतीश कुमार आपके बेटे को मुख्यमंत्री बनायेंगे।

अमित शाह ने कहा कि लालू के बेटे ने नीतीश को सांप, पलटूराम और यहां तक कि गिरगिट कह डाला, लेकिन नीतीश प्रधानमंत्री बनने के लिए उनके साथ चले गये।

**राज्यपाल को फोन किया, तो ललन सिंह बुरा मान गये :** केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैंने राज्यपाल को फोन किया, तो ललन सिंह बुरा मान गये। वह कहते हैं कि बिहार में क्यों हस्तक्षेप कर रहे हैं? मैं कहता हूं कि मैं केंद्रीय गृह मंत्री हूं। बिहार भी हमारी जिम्मेदारी है। नीतीश कुमार की सत्ता की भूख ने आपको लालू की गोद में बैठने पर मजबूर कर दिया। हमारी कोई मजबूरी नहीं है। हम जनता के बीच जायेंगे। लोगों को बतायेंगे। महागठबंधन की सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे।

**राम मंदिर का निर्माण शुरू हो गया :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नीतीश बाबू आपने अपने जीवन में कई पार्टियां बदली हैं। कई लोगों को धोखा दिया है, लेकिन जिस यूपीए में लालू के साथ आप गये हैं, उसने बिहार को क्या दिया? उन्होंने कहा कि कांग्रेस, जेडीयू, आरजेडी, टीएमसी अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बनने का विरोध करते थे। मोदी जी ने एक दिन सुबह श्रीराम मंदिर का शिलान्यास कर दिया और आसमान से भी ऊंचा राम मंदिर बनने की शुरुआत हो गयी है।

# देवघर में पांच नये कोरोना संक्रमित मिले, सभी कोरेंटिन

- स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी शुरू की
- मरीजों के संपर्क में आनेवालों की ली जा रही जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देश में कोरोना का मामला एक बार फिर बढ़ रहा है। झारखंड भी इससे अछूता नहीं है। झारखंड के देवघर जिले में पांच कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। इसकी पुष्टि सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी ने की। उन्होंने बताया कि शनिवार को देवघर सदर अस्पताल में विशेष रूप से कोविड-19 की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पांच लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। इसके पहले भी तीन कोरोना संक्रमित मिले थे। हालांकि, अब उन तीनों की रिपोर्ट नेगेटिव आ गयी है। पांच संक्रमितों में तीन महिला और एक पुरुष शामिल है। संक्रमित महिलाओं में भगवानपुर जसीडीह की 23 वर्षीय महिला, सारवां रोशन की 40 वर्षीय महिला और करीनाबाद की 40 वर्षीय महिला है, जबकि सत्संग नगर के 50 वर्षीय पुरुष और बावनबिघा के 31 वर्षीय पुरुष शामिल हैं। दोनों पुरुषों में एक भागलपुर से आया है, जबकि दूसरा बनारस से आया है। तीनों महिलाओं की कोई ट्रैवलिंग हिस्ट्री नहीं है। डॉ युगल किशोर चौधरी ने बताया कि फिलहाल सभी को दवाई देकर होम कोरेंटिन किया गया है।

### 24 घंटे में कोरोना के 3824 केस, पांच की मौत

नयी दिल्ली। पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के तीन हजार 824 नये मामले दर्ज किये गये हैं। यह पिछले 184 दिन यानी छह महीने में सबसे ज्यादा हैं। इसके साथ ही एक्टिव मामलों की संख्या भी बढ़ कर 18 हजार 389 हो गयी। इस बीच, वायरस से पांच लोगों की जान भी गयी है। देश में मौतों की संख्या बढ़ कर 5.30 लाख से ज्यादा हो गयी है। वहीं संक्रमित लोगों का आंकड़ा कुल 4.47 करोड़ को पार कर गया है। हेल्थ मिनिस्ट्री की बुलेटिन के मुताबिक, शनिवार को दो हजार 994 मामले मिले थे। वहीं पिछले 24 घंटों की बात करें तो एक्टिव मामले फिलहाल कुल संक्रमण का 0.04% है।

# लातेहार की बेटी सुनिधि बनी पतंजलि योगपीठ की 'साध्वी'

मुकेश कुमार सिंह



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के बारियातू प्रखंड अंतर्गत पंचायत गोनिया ग्राम बिश्रामपुर कि रहनेवाली सुनिधि प्रिया पतंजलि योगपीठ की साध्वी बन गयी हैं। उनके पिता का नाम जितेंद्र सिंह और माता रिंकी देवी है।

जितेंद्र सिंह ने बताया कि सुनिधि प्रिया इकलौती पुत्री है। वह प्रारंभ में बालूमाथ के दून स्कूल से शिक्षा ग्रहण की। वह मैट्रिक यहीं से की थी। उसके बाद पढ़ाई करने के लिए पतंजलि योगपीठ हरिद्वार चली गयी। सुनिधि पिछले चार वर्षों से हरिद्वार में पढ़ाई-लिखाई कर रही थी। इसी बीच उसके मन में देश सेवा करने की इच्छा जागृत हुई। उसने अपनी मां को इस बारे में बताया। उसकी उम्र अभी केवल 22 साल है। पहले परवार के लोग थोड़ा घबढ़ाये, पर बाद में सुनिधि की बात मान ली।

**शुरू में योग पीठ में नहीं लग रहा था मन :** जितेंद्र सिंह ने कहा कि हम लोग पूरा परिवार संयुक्त रूप से रहते आये हैं। संयुक्त परिवार में ही सुनिधि पली-बढ़ी है। वह जब पतंजलि योग पीठ गयी, तो शुरू में उसका मन नहीं लग रहा था। अक्सर फोन पर वह मन नहीं लगने की बात कहती थी। वह धीरे-धीरे वहां के वातावरण में ढलने लगी। उसे वहां अच्छा लगने लगा। योग पीठ के क्रियाकलाप उसे प्रभावित करने लगे।

**मेधावी छात्र रही है, गीता कंठस्थ याद है :** जितेंद्र सिंह ने कहा कि सुनिधि मेधावी छात्रा के रूप में रही है। उसे गीता कंठस्थ याद है। उन्होंने कहा कि पतंजलि योगपीठ के योग गुरु बाबा रामदेव के क्रियाकलाप से प्रभावित होकर मेरी बेटी ने भी देश सेवा करने के लिए मन बना लिया। पतंजलि योगपीठ में कई हजार बच्चे तथा बच्चियां बाबा रामदेव के सानिध्य में देश सेवा करने के लिए खड़े हैं। सुनिधि प्रिया 30 मार्च रामनवमी के दिन ब्रह्मचारिणी साध्वी बन गयी। संन्यासी बनने के लिए बाबा रामदेव के द्वारा कार्यक्रम रखा गया था। उस कार्यक्रम में हम सभी शामिल हुए। वहां योग गुरु बाबा रामदेव से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

**हमारे परिवार के लिए गौरव की बात :** जितेंद्र सिंह ने कहा कि सुनिधि प्रिया लातेहार जिला की पहली ब्रह्मचारिणी साध्वी पतंजलि योगपीठ में बनी है। यह हमारे परिवार और जिला तथा राज्य के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि अब हमारी पुत्री संन्यासी बन गयी है। बाबा रामदेव के द्वारा उसका नामकरण किया गया। सुनिधि प्रिया अब देव निधि दीदी के नाम से जानी जायेगी।

# राहुल गांधी दो साल की सजा के खिलाफ आज सूरत कोर्ट जायेंगे



**सूरत (आजाद सिपाही)।** 'सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है...' इस बयान से जुड़े मानहानि केस में सूरत कोर्ट ने 23 मार्च को राहुल गांधी को दोषी करार दिया था। ठीक दूसरे दिन यानी 24 मार्च को राहुल की लोकसभा सदस्यता भी रद्द कर दी गयी थी। अब 11 दिन बाद राहुल इस फैसले के खिलाफ सूरत की सेशन कोर्ट में याचिका लगानेवाले हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक राहुल की लीगल टीम तीन अप्रैल (सोमवार) को कोर्ट जायेगी। गौरलतब है कि 23 मार्च को कोर्ट ने राहुल की मौजूदगी में उन्हें दो साल जेल की सजा और 15 हजार जुर्माना लगाया था। कुछ देर बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत भी दे दी थी। साथ ही सजा को 30 दिन के लिए स्थगित कर दिया था। यानी इस दौरान राहुल की गिरफ्तारी नहीं होगी और वह हाइकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में फैसले के खिलाफ याचिका लगा सकते हैं।

# बिहार के पांच जिलों में हिंसा, 109 गिरफ्तार

**पटना (आजाद सिपाही)।** बिहार में रामनवमी पर हुई हिंसा पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को दंगाइयों से निपटने के सख्त निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहें। उपद्रवियों की पहचान कर उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें। किसी भी परिस्थिति में कोई गड़बड़ी नहीं कर पाये, इस पर नजर रखें। अफवाह फैलानेवालों पर नजर रखें। नालंदा में मारे गये युवक के पिता और भाई से फोन पर बात की और घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये के अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश भी दिया है। हिंसा के बाद रविवार को हालात की समीक्षा के लिए सीएम ने हाइलेवल मीटिंग की। उधर, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने कहा है कि बिहार शरीफ और सासाराम में कुछ घटनाएं हुईं, लेकिन जल्द इन पर काबू पाया गया। राज्य सरकार शांति व्यवस्था बनाये रखेगी। डीजीपी आरएस भट्टी ने बताया कि वर्तमान में लॉ-एंड-ऑर्डर नियंत्रण में है। बिहार शरीफ और सासाराम में अब तक 109 गिरफ्तारी हुई है। लगातार पहचान कर गिरफ्तारी की जा रही है। किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा। राज्य में अशांति फैलाने की कोशिश थी। अब तक एक व्यक्ति की मौत हुई है। बिहार के पांच जिलों में रामनवमी की शोभायात्रा के बाद हिंसा हुई है। नालंदा के बिहार शरीफ और सासाराम में फायरिंग और बमबाजी हुई। नालंदा में गोली लगने से एक की मौत हुई है। दोनों जगहों पर 38 लोग घायल हैं। भागलपुर और गया में भी विवाद हुआ है। मुंगेर में भी शनिवार की रात मूर्ति विसर्जन को लेकर दो गुटों में मारपीट और पथराव हुआ। पैरा मिलिट्री की 10 कंपनियां प्रभावित जिलों में भेजी गयी हैं।

# साहिबगंज में दो समुदायों में हिंसक झड़प, छह घायल

**साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** साहिबगंज शहरी क्षेत्र में बड़ी दुर्गा स्थान के पास कुली पाड़ा में शनिवार रात दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने जाते वक्त दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गयी। इस दौरान हुई पत्थरबाजी में एसडीपीओ राजेंद्र दुबे समेत पुलिस के तीन जवान और तीन आम नागरिक घायल हो गये। बताया जाता है कि मूर्ति विसर्जन के लिए जाते समय विशेष समुदाय के लोगों ने घर की छतों से पत्थरबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते माहौल हिंसक हो गया। नगर थाना पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इलाके में तनाव व्याप्त है। पुलिस की गश्त तेज कर दी गयी है। नगर थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार ने रविवार को बताया कि दोनों समुदायों से शांति बनाये रखने की अपील की जा रही है। उपायुक्त रामनिवास यादव, एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, एसडीओ सदर राहुल आनंद, पुलिस इंस्पेक्टर शशिशेखर चौधरी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी कुली पाड़ा पहुंच गये हैं।

# विदेशी मीडिया नहीं तय करेगा भारत की दिशा-दशा : अनुराग

- कोई विदेशी मीडिया भारत के कोर्ट से ऊपर नहीं, संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली में दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने विदेशी मीडिया की भारत मे दखलंदाजी पर बोलते हुए कहा कि भारत के बढ़ते कदमों को कुछ विदेशी ताकतें पचा नहीं पा रही हैं और कोई विदेशी मीडिया भारत के कोर्ट से ऊपर नहीं, संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली में दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। केंद्रीय मंत्री ने नये भारत की बात करते हुए आगे कहा कि भारत आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। 76% ग्लोबल अप्रूवल रेटिंग के साथ पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में मान्यता मिली है। भारत के ये बढ़ते कदम कुछ विदेशी ताकतों को रास नहीं आ रहा है। कुछ विदेशी मीडिया ऐजेंडा-प्रोपगंडा के तहत भारत को बदनाम करने में शामिल हैं, लेकिन विदेशी मीडिया भारत की दिशा-दशा तय नहीं करेगा। आज भारत में न नॉलेज गैप है, न डिजिटल डिवाइड है, ना टेक्नोलॉजी डिवाइड है। आज भारत के पास वह सब कुछ है, जो एक विकसित देश के पास है। सबसे बड़ी बात आज भारत के पास आज एक राष्ट्रवादी विचारधारा वाली, समाज को जोड़ने वाली सरकार है, जो भारत को विश्व गुरु बनाने का दम रखती है। भारत में विदेशी मीडिया के दखल पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज भी भारत में भी कई ऐसे विदेशी मीडिया संस्थान है, जो भारत विरोधी सोच के साथ काम कर रहे हैं। इन्होंने ऐसा नेक्सस बना रखा है कि अपने गलत कामों पर सरकार द्वारा पूछताछ पर भी ऐसे चिल्लाते हैं और पूरे विश्व में यह बताते हैं कि भारत में मीडिया फ्रीडम पर खतरा है। ये अपने गलत कामों पर मीडिया नाम की चादर डालना चाहते हैं। इसी गलत भावना के साथ यह कुछ मनगढ़ंत रिपोर्ट निकालते है, जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता। देश का मीडिया किसी विदेशी मीडिया को हमारे देश का नैरेटिव सेट करने का मौका ना दें।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

| सर्राफा | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


# देश की सेहत के लिए ठीक नहीं है बंगाल की तनावपूर्ण हालत

## ■ बार-बार की हिंसा ने 'भद्र प्रदेश' को कर दिया है बदनाम

## ■ यह कानून-व्यवस्था का मसला नहीं, सियासत का जहर है

**पश्चिम बंगाल के हावड़ा इलाके में रामनवमी की शोभायात्रा पर कथित पथराव के बाद दो गुटों के बीच भड़की हिंसा की आग अब भी सुलग रही है। हालांकि हिंसा नहीं हुई, पर सांप्रदायिक तनाव बरकरार है। हिंसा के मुद्दे पर राज्य की सियासत भी गरम हो गयी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यपाल से स्थिति के बारे में बात किये जाने और भाजपा की प्रदेश इकाई द्वारा इस मुद्दे पर हाइकोर्ट में याचिका दायर किये जाने से मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी बुरी तरह बिफर गयी हैं। ममता ने इस हिंसा के लिए भाजपा और बजरंग दल को जिम्मेदार ठहराया है और भाजपा ने इसके लिए ममता और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस को। लेकिन इस आरोप-प्रत्यारोप और सियासी शह-मात के खेल के बीच बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर 'भद्रलोक का प्रदेश' इतना तनावपूर्ण कैसे हो गया। क्यों बार-बार राज्य में हिंसा भड़क उठती है। चाहे चुनाव हो या फिर कोई धार्मिक आयोजन, राजनीतिक आंदोलन हो या फिर सामाजिक कार्यक्रम, हर वक्त बंगाल में हिंसा की आशंका बनी रहती है। जानकारों का मानना है कि यह सब कानून-व्यवस्था का मामला कतई नहीं है, बल्कि इसके पीछे जहरीली सियासत की वे चालें हैं, जिनके माध्यम से वोट बैंक तैयार किये जाते हैं। दूसरे शब्दों में इसे तुष्टिकरण भी कह सकते हैं। बंगाल को भारत का सांस्कृतिक और बौद्धिक केंद्र कहा जाता है, लेकिन हाल के दिनों में देखा गया है कि यह प्रदेश छोटी-छोटी बातों पर ही जल उठता है। बंगाल का इतना ज्वलनशील होना देश की सेहत के लिए अच्छा नहीं है, क्योंकि इसका असर देश के दूसरे हिस्सों से लेकर सीमा पार तक होता है। हावड़ा में हुई इस हिंसा की पृष्ठभूमि में बंगाल की स्थिति का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से सटी उद्योग नगरी हावड़ा का शिवपुर लगातार दूसरे साल रामनवमी पर सांप्रदायिक हिंसा की आग में जल उठा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चेतावनी और मुस्लिम बहुल इलाकों से रामनवमी की शोभायात्रा ले जाने की जिद ने इलाके में सांप्रदायिक हिंसा भड़का दी, जिसमें 15 से अधिक लोग घायल हो गये। जम कर आगजनी और तोड़फोड़ हुई है और संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है। हिंसा की यह आग अब तक पूरी तरह बुझी नहीं है, लेकिन इसे लेकर सियासत पूरी तरह उबाल पर है। सबसे चौंकानेवाली बात यह है कि यह हिंसा राज्य सचिवालय नवान्न से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर हुई।

### कैसे भड़की हिंसा

अंजनी पुत्र सेना नामक एक संगठन ने रामनवमी का जुलूस निकालने की घोषणा की थी। संगठन के मुताबिक जुलूस को रामकृष्ण घाट तक जाना था। विश्व हिंदू परिषद ने इलाके में रामनवमी जुलूस निकालने के लिए प्रशासन से अनुमति ली थी। प्रशासन ने जुलूस के साथ पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया था। जुलूस जैसे ही शिवपुर के फजीर बाजार पहुंची, उस पर पथराव हो गया। प्रशासन का कहना है कि शोभायात्रा निकालने वालों ने रूट मैप का पालन नहीं किया और गलत रास्ते से शोभायात्रा निकाली। हालांकि आयोजक पुलिस के इस दावे को खारिज करते हैं।

उधर तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि जुलूस में डीजे पर भड़काऊ गाने बजाये जा रहे थे, जिसके बाद यह घटना हुई। अंजनी सेना का आरोप है कि पथराव घरों की छतों पर से किया गया और पुलिस उपद्रवियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर पायी। पथराव की वजह से यात्रा में शामिल कई लोगों के सिर फूट गये। हिंसा भड़कने के बाद हावड़ा के पुलिस के कमिश्नर प्रवीण त्रिपाठी खुद शिवपुर पहुंचे, जिसके बाद पुलिस ने स्थिति को संभाला।

### हावड़ा में एक साल में तीन बड़ी हिंसा

हावड़ा में पिछले एक साल में तीन बार इस तरह की हिंसा देखने को मिली है। पिछले साल 10 अप्रैल को रामनवमी के जुलूस पर पथराव के बाद हिंसा भड़की थी। इसमें 10 लोग घायल हुए थे। इसके बाद भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान के खिलाफ हावड़ा में प्रदर्शन कर रहे कुछ लोगों ने 11 जून को पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर दिया।

इसके बाद हिंसा भड़की। हिंसा के बाद बंगाल पुलिस ने नूपुर शर्मा को भी नोटिस भेजा था। तीसरी बार यह हिंसा हुई।





### बार-बार क्यों भड़कती है हिंसा

हावड़ा पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से लगा हुआ है। कोलकाता की तरह हावड़ा में भी कमिश्नर प्रणाली है और यहां अधिकांश बड़े नेताओं का घर है। राज्य का सचिवालय नवान्न भी हावड़ा में ही है। इसके बावजूद हावड़ा में बार-बार हिंसा क्यों भड़क उठती है? इस सवाल का जवाब आसान नहीं है। जानकारों का मानना है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन का ढीला-ढाला रवैया ही इस तनाव का कारण है। इसके अलावा सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश भी एक वजह है। पचिम बंगाल में इस साल दो हजार से ज्यादा जगहों पर रामनवमी के जुलूस निकालने की अनुमति प्रशासन ने दी थी। अधिकांश जगहों पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इसका आयोजन किया था। जानकार कहते हैं कि पश्चिम बंगाल में डीजे के साथ शोभायात्रा निकालने की पहले कोई परंपरा नहीं थी। यहां अधिकांश लोग भगवान राम की तुलना में कृष्ण को मानते हैं और इसकी वजह चैतन्य महाप्रभु थे। भगवान कृष्ण और नारायण से जुड़े किसी भी आयोजन में हिंसा की खबरें नहीं आती हैं, लेकिन रामनवमी के जुलूस में हर साल कहीं न कहीं से हिंसा की खबरें आ ही जाती हैं। अमूमन उन इलाकों से, जहां मुसलमान ज्यादा हैं। इसलिए इसके पैटर्न को समझने की जरूरत है। 2011 के जनगणना के मुताबिक हावड़ा की आबादी करीब 48 लाख है। इनमें मुसलमानों की आबादी 26 फीसदी से ज्यादा है। पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद, मालदा, दिनाजपुर के बाद हावड़ा में ही मुसलमान सबसे ज्यादा रहते हैं। यहां बंगाली मुसलमान के साथ-साथ हिंदी भाषी मुसलमान भी रहते हैं। राजधानी के करीब होने की वजह से हावड़ा के शिवपुरी में खूब अवैध निर्माण हुआ है। इलाके में मुख्य सड़क के दोनों ओर बहुमंजिली इमारत बनी हुई है। साथ ही इलाके की गलियां काफी संकरी हैं।

### सियासत का हथियार बन गया है रामनवमी का त्योहार

पश्चिम बंगाल में कोई एक दशक पहले तक रामनवमी का त्योहार चुनिंदा मंदिरों और आम लोगों के घरों तक ही सीमित था, लेकिन अब सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा के बीच यह पर्व सियासत का प्रमुख हथियार बन गया है। रामनवमी के मौके पर हथियारों के साथ जुलूस निकालने के मुद्दे पर सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी के साथ भाजपा से जुड़े संगठनों का लगातार टकराव होता रहा है। दरअसल रामनवमी और हनुमान जयंती उत्सवों के बहाने विहिप और संघ ने वर्ष 2014 से ही राज्य में पांव जमाने की कवायद शुरू कर दी थी। और हर बीतते साल के साथ आयोजनों का स्वरूप बदला और इन संगठनों के पैरों तले की जमीन भी मजबूत होती रही। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने अगर तमाम राजनीतिक पंडितों के अनुमानों को झुठलाते हुए 42 में से 18 सीटें जीत लीं, तो इसमें इन आयोजनों की अहम भूमिका रही है। उसके बाद साल दर साल इस मौके पर आयोजन और उसकी भव्यता बढ़ती ही जा रही है। बीते लोकसभा चुनावों में भाजपा के मजबूत प्रदर्शन के बाद इस त्योहार पर सियासत का रंग और गहरा हुआ है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण विधानसभा चुनाव में सामने आया, जब भाजपा ने राज्य विधानसभा की 77 सीटें जीत कर वाम मोर्चा और कांग्रेस को पीछे छोड़ दिया। अब जल्दी ही होने वाले पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए दोनों पक्ष सक्रिय हो गये हैं।

शिवपुर हिंसा के मुद्दे पर सियासी टकराव इस कदर बढ़ गया है कि तृणमूल कांग्रेस और भाजपा एक-दूसरे को घेरने में लगे हैं। हिंसक वारदात के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यपाल से सीधे बात किये जाने और फिर विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा हाइकोर्ट में याचिका दायर किये जाने को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य सरकार को अस्थिर करने की साजिश करार देती हैं। उधर भाजपा का कहना है कि यह हिंसा तृणमूल कांग्रेस और ममता की तुष्टिकरण की नीतियों की वजह से हुई है। वास्तविकता चाहे जो हो, लेकिन इतना तय है कि पश्चिम बंगाल की यह स्थिति देश की सेहत के लिए अच्छी नहीं कही जा सकती है।

# धनबाद जेल में सिंह मेंशन और गैंगस्टर प्रिंस खान के समर्थकों के बीच जमकर हुई मारपीट

## गैंगस्टर गोडविन को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, आधे घंटे तक बजती रही पगली घंटी

**150 पुलिसकर्मियों को किया गया तैनात**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद मंडल कारा में रविवार को कैदियों के दो गुटों के बीच मारपीट होने की खबर सामने आयी है। जिसके बाद पगली घंटी बजायी गयी। वासेपुर के कुख्यात भगोड़ा गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई गोडविन खान को सिंह मेंशन समर्थकों ने रविवार की दोपहर धनबाद जेल के अंदर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। जेल के भीतर दो राउंड में झड़प हुई।

### जेल में बजी पगली घंटी

पहले जेल के भीतर किसी बंदी को अपने वार्ड में ले जाने को लेकर गैंगस्टर प्रिंस खान के समर्थक अनवर हथेला और सिंह मेंशन समर्थक विनोद सिंह के बीच झड़प की शुरुआत हुई। विवाद के बीच गैंगस्टर प्रिंस खान गैंग्स के उसका भाई गोडविन और बंटी खान के लिए काम करने वाले अनवर और मेंशन समर्थक विनोद सिंह के बीच देखते-देखते मारपीट शुरू हो गयी।




अनवर और सिंह मेंशन समर्थक विनोद सिंह के बीच हुई मारपीट के बाद नीरज हत्याकांड के शूटर सहित सिंह मेंशन समर्थकों ने अनवर की पिटाई की। अनवर को बचाने आये गोडविन खान को सिंह मेंशन समर्थकों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। इसी दौरान गैंगस्टर प्रिंस खान गैंग्स के कुछ अन्य समर्थक भी आ गये और विनोद सिंह को बुरी तरह से पीट दिया। विनोद सिंह की पिटाई की सूचना जब सिंह मेंशन समर्थकों को मिली तो सभी एकजुट होकर गैंग्स के वार्ड के पास आ गये। जेल प्रशासन को भी भनक लगी और प्रशासन के लोग वहां अलर्ट मोड में आ गये। इसी बीच सिंह मेंशन के कुछ समर्थक गैंग्स के वार्ड में गये और अनवर को खींचकर बाहर निकाल दिया। मेंशन समर्थक अनवर को पीट रहे थे, इसी बीच गोडविन खान उसे बचाने आ गया। गोडविन को देखते ही मेंशन समर्थक अनवर को छोड़ गोडविन को ढूंढने लगे। लात घुसा से सभी ने मिलकर गोडविन को दम भर मारा। बंदियों की मारपीट बेकाबू होती देख जेल प्रशासन ने पगली घंटी बजा दी।

धनबाद थाना की पुलिस डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिंहा और डीएसपी मुख्यालय अमर कुमार पांडेय के नेतृत्व में जेल के अंदर गयी। एसडीओ प्रेम तिवारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल भी जेल पहुंचा। जेल के अंदर की सीसीटीवी फुटेज की जांच हो रही है। प्रथम द्दष्टया देखा गया है कि विनोद सिंह अकेला जा रहा था जिसे रोककर दो बंदियों ने मारपीट की। इसके कुछ देर के बाद विनोद सिंह अपने समर्थकों के साथ दूसरे गुट पर हमला कर देता है।

यहां बता दें कि नीरज हत्याकांड में विनोद सिंह जेल में है तो अनवर प्रिंस खान गुट का सदस्य बताया जाता है। अनवर को हाल ही में पुलिस ने जेल भेजा है।

# डीजीपी छह अप्रैल को लंबित कांडों की करेंगे समीक्षा



**रांची।** झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह 6 अप्रैल को जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक के साथ लंबित कांडों की समीक्षा करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीजीपी 6 अप्रैल को दिन के 12 बजे से समीक्षा बैठक करेंगे।

झारखंड हाइकोर्ट के आदेश पर लंबे समय से लंबित कांडों को झारखंड पुलिस निपटाने में लगी है। इसके लिए एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाटकर की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति गठित की गयी है। एडीजी ने सीआइडी के साइबर अपराध एसपी को निर्देश दिया है कि रांची में आइटी एक्ट से संबंधित सर्वाधिक मामले लंबित हैं। अधिकतर मामलों में सीडीआर तक नहीं निकला है। इसलिए सीआइडी के एसपी साइबर अपराध इस मामले की समीक्षा अपने स्तर से करेंगे।

## विधायक सुदिव्य सोनू पर रविवार को भाजपा हुई हमलावर, कहा-

# उत्सव उपवन रिसोर्ट को लेकर पूछे कई सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** वनभूमि पर कब्जा कर उत्सव उपवन रिसॉर्ट चलाने के भाजपा नेता सुरेश साहू के आरोपों से घिरे सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू पर भाजपा रविवार को हमलावर हुई। शनिवार को सदर विधायक के बचाव में उतरे झामुमो नेताओं के दावों के बाद रविवार को एक बार फिर भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साहू ने सदर विधायक सोनू और झामुमो नेताओं पर निशाना साधा। एक के बाद एक कई सवाल करते हुए भाजपा नेता ने दावा किया कि भाजपा कार्यकर्ता लोहा सिंह की जनहित याचिका को लेकर हाइकोर्ट ने क्या निर्देश दिया है, यह अलग विषय है लेकिन



वर्तमान अपर समाहर्ता विल्सन भेंगरा और उनके पूर्व अपर समाहर्ता ने इससे संबंधित जमाबंदी रद्द करने की अनुशंसा की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि हरसिंगरायडीह का यह प्लॉट पूरी तरह से सरकारी भूमि के रूप में वनभूमि है, लेकिन सरकार में रहने के प्रभाव के कारण दोनों अपर समाहर्ता की अनुशंसा को ही निरस्त कर दिया गया है।

भाजपा नेता सुरेश साहू ने सदर अंचल क्षेत्र के भलगड़हा निवासी गोविंद दास और बोड़ो के हेमलाल साहु के जमीन विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि सदर विधायक सोनू और सत्ता के संरक्षण ही पचंबा के भू-माफिया मो. इश्तियाक उर्फ लालो और उसके गुर्गे सन्नी राइन ने हेमलाल साहू के जमीन पर जबरन कब्जा कर रखा है जबकि गोंविद दास के प्लॉट पर भी पिछले कई सालों से भू-माफियाओं ने कब्जा कर रखा है। भाजपा नेता सुरेश साहू ने आरोप लगाते हुए पचंबा में बढ़ता जमीन विवाद का कारण लालो और सन्नी राइन है और उन्हें सत्ता और सदर विधायक सोनू का पूरा संरक्षण हासिल है।

# नक्सल इलाकों में बनेंगे फोर्टिफाइट थाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों में फोर्टिफाइड थाना बनाया जायेगा। इसके लिए लिए छह अधिकारियों की कमेटी बनायी गयी है। इसमें दो आइएएस, तीन आइपीएस और एक इंजीनियर शामिल हैं। गृह विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। इसमें आइएएस में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव को कमेटी का अध्यक्ष बनाया



गया है। वहीं, सदस्य के रूप में वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव, एडीजी मुख्यालय या आधुनिकीकरण, आइजी प्रोविजन और आइजी अभियान के अलावा झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता को सदस्य बनाया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.4 °c | 16.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.05 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.41 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास दंगा पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे पांकी

# राज्य को इस्लामिक स्टेट बनाने की कोशिश की जा रही, ऐसा होने नहीं देंगे : रघुवर दास

**कहा- कांग्रेस और जेएमएम की गठबंधन सरकार जब से बनी है, तभी से ऐसे हालात हो गये हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी (पलामू)।** पांकी रोड किसी के बाप का नहीं ,उस पर सभी का अधिकार है। उक्त बातें रघुवर दास ने कहीं। वह रविवार को पांकी के हरना में दंगा पीड़ित परिवारों का हाल जानने पहुंचे थे। कहा, भारत आध्यात्मिक देश है। धर्म भ्रष्टों की सरकार बनने के बाद से बहुंख्यकों के त्योहारों पर सरकार के संरक्षण में विरोध होता है।

कांग्रेस और जेएमएम की सरकार ने गठन के पश्चात से ही इस्लामिक स्टेट बनाने की कोशिश की है। यह कभी पूरा नहीं होने दिया जायेगा। साढ़े तीन वर्षों में सरकार एक समुदाय को खुश करने के लिए सारे हथकंडे अपना रही है। इस दौरान दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार बढ़े हैं। राज्य सरकार की सह पर लोहरदगा में दो-दो बार दंगे हुए। विधानसभा में नमाज कक्ष बनाया गया। विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। भाषा का विवाद नियोजन नीति के नाम पर शुरू किया। हिंदी को हटा कर उर्दू को शामिल कर दिया। राष्ट्र विरोधी शक्तियां, जेएमएम, कांग्रेस और वामंपथी ये चाहते हैं कि जगह-जगह दंगे हों। सत्ता आती है और जाती है। डीसी और एसपी को चेतावनी देते हुए कहा कि निष्पक्ष तरीके से काम करो। राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं की तरह कार्य ना करें। नारी शक्तियों पर पुलिसकर्मियों ने लाठियां चलायीं। सवालिये लहजे में पूछ, क्या पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा स्वयं के घरों में महिलाओं की पिटाई करते हो।

जांच पड़ताल किये बगैर हिंदुओं को परेशान करोगे, तो पूरी भाजपा पांकी में जन आंदोलन करेगी। एक वर्ग को खुश करने के लिए महिला, बच्चों और बुजुर्गो को पीटा, यदि परेशान किया गया, तो डीसी और एसपी के आवास को घेरेंगे। छह सौ वर्ष तक मुगलों ने जबरन धर्मांतरण कराया। धर्म की रक्षा के लिए दस बार भी जेल जाना पड़े, तो तैयार हैं। जंगल राज की तरह पुलिस ने निर्दोष महिलाओं का हाथ तोड़ दिया।

### सनातनियों पर आक्रमण बढ़े हैं

पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तोरणद्वार लगाया जा रहा था। वहां के चूड़िहार लोगो ने निरंजन सिंह का मारकर माथा फाड़ दिया। तोरणद्वार का विरोध किया गया। चूड़िहारों के द्वारा मस्जिद के सामने बीच सड़क पर टेंट लगा कर अवरुद्ध किया जाता रहा है। जलसा बीच सड़क पर किया जाता है। तोरणद्वार लगाने के लिए शाम में विरोध कर बंद कराया गया। टाटीदीरी के हारूण मियां के ट्रैक्टर से रात में टुकड़ा ईंट मंगा कर मस्जिद पर चढ़वाया गया। षड्यंत्र कर हिंदुओं पर पेट्रोल बम और ईंट के टुकडों से हमला किया गया। सीओ ने काफी गड़बड़ कर 119 लोगों पर नामजद मुकदमा और 400 अज्ञात हिंदुओं पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिसकर्मियों के द्वारा रात में महिलाओं को परेशान किया जा रहा है। जांच के नाम पर हिंदुओं को परेशान किया जा रहा है। लालसूरज ने कहा, 15 फरवरी को हुई अनहोनी काफी दुखद है। सुबह के वक्त काफी लोग घटना वाले चौक में जुटते हैं। इस वजह से कई लोग वीडियो फुटेज में आये हैं। अंचलाधिकारी के द्वारा किये गये केस में एक ही व्यक्ति को दोबारा आरोपी बनाकर केस किया जा रहा है।

पीड़ित की मां अकली देवी ने कहा कि तोरणद्वार लगाने गया था। दूसरे समुदाय के लोगों ने मेरा बेटा को मारना शुरू कर दिया। हाइस्कूल के पास पति और दूसरा बेटा होटल में थे। इसके बावजूद झूठे केस मे फंसा दिया। रात्रि में थाना की पुलिस आकर दरवाजा और खिड़की तोड़कर घर में घुस गयी। बिस्तरों को फेंक दिया। घर के बुजुर्गों को पकड़ कर डराया गया। धक्का मुक्की में गिरने की वजह से हाथ टूट गया। झूठे केस की वजह घर के पुरूष सदस्य घर से बाहर भटक रहे हैं। इस मौके पर विधायक आलोक चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष विजयनंद पाठक, मंगल सिंह, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, किसलय तिवारी, विनोद सिंह, प्रोफेसर बचन ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# तुष्टिकरण नीति का परिणाम है रामनवमी शोभायात्रा पर पथराव : दीपक प्रकाश

**राज्य सरकार के इशारे पर प्रशासन बना मूकदर्शक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने हेमंत सरकार पर तुष्टिकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। श्री प्रकाश ने कहा कि प्रदेश भर में अलग-अलग स्थानों पर रामनवमी शोभायात्रा में हुए पथराव राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति, वोटबैंक की राजनीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कभी पंडाल और प्रतिमा के आकार को घटाने, कभी बाजा नहीं बजाने जैसे बेतुके आदेशों से राज्य सरकार उपद्रवी तत्वों को उकसाती है, उनके मंसूबों को बल देती है।

उन्होंने कहा कि क्या कारण है कि जहां भाजपा नेतृत्व वाली सरकार नहीं है, उन राज्यों में हिंदुओं के पर्व त्योहारों में समुदाय विशेष के उपद्रवियों के द्वारा बाधा डाली जाती है, उन्माद फैलाने की कोशिश होती है, शोभायात्रा, जुलूस पर पथराव होते हैं। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर, साहिबगंज, हल्दीपोखर में रामनवमी जुलूस के दौरान घटित घटनाएं या फिर शिवरात्रि में पांकी की घटना राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन भी दबाव में मूकदर्शक बनता जा रहा। चाहे उपद्रवियों पर मुकदमे दर्ज करने की बात हो या उन्हें गिरफ्तार करने की बात हो, ऐसा लगता है पुलिस प्रशासन राज्य सरकार के इशारे की प्रतीक्षा में बैठा रहता है।

# नमो बुक बैंक ने पूरा किया ढाई साल का सफर

## सांसद संजय सेठ ने शुरू की थी यह अनोखी पहल



आजाद सिपाही संवाददाता

**ढाई लाख पुस्तक संग्रह का लक्ष्य भी हो गया पूरा**

**अब पारस अस्पताल में भी लोग जमा कर सकेंगे पुस्तकें**

**रांची।** सांसद संजय सेठ द्वारा स्थापित नमो बुक बैंक ने ढाई साल का सफर पूरा कर लिया है। रविवार को पारस अस्पताल परिवार ने ढाई हजार पुस्तकें नमो बुक बैंक को प्रदान की। इसके साथ ही सांसद की इस अनोखी पहल ने ढाई लाख पुस्तक संग्रह का लक्ष्य भी हासिल कर लिया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने खुद पारस अस्पताल जाकर वहां से पुस्तकें प्राप्त की। उन्होंने अस्पताल परिवार द्वारा आयोजित इस सहयोग कार्यक्रम की सराहना की।

सांसद ने इस अवसर पर कहा कि नवंबर 2020 में बुक बैंक हमने आरंभ किया था, तभी मुझे विश्वास था कि समाज इस बुक बैंक को सफलता के शिखर तक ले कर जायेगा। यह कार्य पूर्ण हुआ। सांसद ने कहा कि यह ज्ञान बांटने का एक महायज्ञ है, जिसमें समाज ने आहुति देने का काम किया। समाज के हर वर्ग ने इसमें आहुति दी। जो भी लोग मेरी इस मुहिम में खड़े रहे, उनकी तारीफ के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।

सांसद ने कहा कि बुक बैंक के संचालन में समाज ने जो सहयोग दिया, उसके लिए आभार प्रकट करता हूं।

सांसद ने कहा कि इस बुक बैंक की प्रशंसा खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी की। बुक बैंक को लेकर उनके लिखे गये शब्दों ने हम सबमें और भी ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा हम सबको समाज हित में काम करने की शक्ति प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि बुक बैंक के लिए पुस्तकें प्रदान करने के क्रम में अस्पताल परिवार ने आज सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोगों को प्रोत्साहित किया। मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय ने घोषणा की कि पारस अस्पताल नमो बुक बैंक के पुस्तक संग्रह का एक केंद्र बनेगा। इस क्षेत्र के लोग यहां पर भी अपनी पुस्तकें जमा कर सकते हैं। उन्होंने सांसद को सुझाव दिया कि नमो बुक बैंक, नमो टॉय बैंक के बाद हमें नमो कपड़ा बैंक का भी शुभारंभ करना चाहिए। कई घरों में कपड़े पड़े रहते हैं, जो बच्चों को छोटे हो जाते, उनके काम नहीं आते। ऐसे कपड़े हम दूसरे बच्चों को दे सकते हैं। उनके सुझाव पर काम करने की बात सांसद श्री सेठ ने कही।

इस आयोजन में डॉ रमेश दास, डॉ नीतीश कुमार, डॉ अंशु अग्रवाल, डॉ अंकुर सौरव, डॉ अनुज कुमार, भागवत बिष्ट, कुमार यशवंत, ओम प्रकाश, शिव अक्षत, मेहा मानसी, पार्षद दीपक लोहरा, सुचिता रानी राय, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, चंदन पटेल सहित अन्य सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभायी।

## 5 अप्रैल को सभी टोल प्लाजा को युवक कांग्रेस करेगी जाम

# युवक कांग्रेस इस परिस्थिति में भिड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है: अभिजीत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे के ऊपर कुठाराघात किया जा रहा है। युवक कांग्रेस इस परिस्थिति में भिड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

कांग्रेस पार्टी ने इस देश में लोकतंत्र के अधिष्ठापन के लिए आजादी के पूर्व भी बलिदान दिया था और आज भी बलिदान देने को तैयार है। उक्त बातें श्री राज ने रविवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से कहीं। उन्होंने कहा कि अपने मित्र अडाणी के लिए देश की परिसंपत्तियों, अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र को प्रधानमंत्री द्वारा ताक पर रख दिये जाने के विरोध में युवक कांग्रेस द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी है। उन्होंने कहा कि 3 अप्रैल को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय से शांतिपूर्ण मशाल जुलूस निकाल कर उलगुलान किया जायेगा। वहीं, 4 अप्रैल को प्रदेश के हर जिला मुख्यालयों पर दो महापुरुषों की प्रतिमाओं के मध्य सत्याग्रह मार्च निकाला जायेगा। इसके बाद 5 अप्रैल को पूरे प्रदेश के हर टोल प्लाजा को युवक कांग्रेस के द्वारा जाम कर दिया जायेगा। मौके पर सत्यम सिंह, लक्ष्मीकांत, आशुतोष राय, जमील अख्तर, भूपेश कुमार, रमन सिंह, प्रवक्ता मणिकांत सिंह, अभिषेक सौरभ, अभिषेक तिवारी मौजूद थे।

### पोस्टकार्ड अभियान 6 से, पूछेंगे तीन सवाल

**श्री राज ने बताया कि 6 अप्रैल से पोस्टकार्ड अभियान के तहत युवा कांग्रेसी हर प्रखंड तक पहुंच कर लोगों को देश की वर्तमान भयावह स्थिति के बारे में अवगत करा कर वास्तविक सवालों से भाग रहे प्रधानमंत्री के नाम पोस्टकार्ड भेज कर तीन सवाल किया जायेगा। इसमें पहला सवाल अडाणी ने भाजपा को कितने करोड़ का फंड दिया है। दूसरा, आपके आधिकारिक विदेश दौरों पर अडाणी को कितने ठेके मिले हैं। तीसरा सवाल पूछा जायेगा कि वह सूत्र बताइए, जिसकी बदौलत आपके मित्र चंद वर्षों में 609वें नंबर से दूसरे नंबर के अमीर बन गये।**

# नेतरहाट में सनसेट प्वाइंट तक बनेगा रोपवे

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआटांड़।** झारखंड सरकार राज्य के पर्यटन स्थलों को बेहतर बनाने के प्रयास में जुटी है। इसी कड़ी में लातेहार जिले के नेतरहाट में स्थित सनसेट प्वाइंट में कई सुविधाएं बहाल की गयी हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आनेवाले दिनों में बनरी से सनसेट प्वाइंट तक रोपवे बनाने की भी योजना है। इसके लिए पर्यटन निदेशालय द्वारा रोपवे बनाने के लिए फिजिबिलिटी जांच और डीपीआर तैयार करने का टेंडर निकाला गया है। पर्यटन निदेशालय द्वारा करायी जा रही फिजिबिलिटी जांच में सभी मापदंडों पर सही पाये जाने की स्थिति में रोपवे लगाने का कार्य किया जा सकता है। उसके लिए वन विभाग को भूमि उपलब्ध करनी होगा। वहीं नेतरहाट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लोध फॉल, सुग्गा बांध नेतरहाट और बेतला के बीच झारखंड पर्यटन विकास निगम रांची से बस चलाने की योजना पर भी काम कर रहा है।

### नेतरहाट से आठ किमी दूर है सनसेट प्वाइंट

नेतरहाट से आठ किमी दूर पहाड़ों की खूबसूरत वादियों में सनसेट प्वाइंट है। कहा जाता है कि इसी जगह पर मैगनोलिया ने स्थानीय चरवाहे के वियोग में घोड़े सहित घाटी में छलांग लगा दी थी। इसलिए इस सनसेट प्वाइंट का नाम मैगनोलिया सन सेट प्वाइंट रखा गया। चालू वित्त वर्ष में नेतरहाट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चार करोड़ 14 लाख 66 हजार रुपये की योजना की मंजूरी सरकार ने दी है।

## महिला मोर्चा की ओर से मंडल स्तर पर स्वच्छता अभियान 5 से

# भाजपा 5 से 16 अप्रैल तक मनायेगी सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा लगातार विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच जाकर समरसता बढ़ाने का कार्य करती रही है। पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास मंत्र को साकार करने में जुटी है। दीपक प्रकाश रविवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में बोल रहे थे।

प्रदेश महामंत्री एवं कार्यक्रम के संयोजक सांसद आदित्य साहू ने कहा कि परिवारवाद और व्यक्तिवाद से जुड़ी पार्टियां सामाजिक न्याय और समरसता की बात कर सकती हैं लेकिन उसे कार्यरूप देने में वे विफल साबित हुई हैं। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ऐसे पार्टियों से टूटता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पांच अप्रैल को महिला मोर्चा द्वारा स्वच्छता अभियान मंडल स्तर पर मनाया जायेगा, जिसकी प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, छह अप्रैल को स्थापना दिवस बूथ स्तर पर मनाया जायेगा, जिसके प्रभारी प्रशिक्षण सह प्रमुख सुमन कुमार, छह अप्रैल को किसान मोर्चा द्वारा जिला स्तर पर जनसंघ का वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित होगा, जिसके प्रभारी रमाकांत महतो, सात अप्रैल को अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से मंडल स्तर पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जायेगा, जिसके प्रभारी पूर्व विधायक रामकुमार पाहन होंगे।

सात अप्रैल को अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा जिला स्तर पर फल वितरण किया जायेगा, जिसके प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण झा, 13 अप्रैल अनुसूचित जाति के द्वारा जिला स्तर पर सभी महापुरुषों की प्रतिमा की सफाई एवं बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व 14 अप्रैल को बूथ स्तर पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी जायेगी, जिसके प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज मिश्रा, 15 अप्रैल ओबीसी मोर्चा की ओर से मंडल स्तर पर प्रधानमंत्री की ओर से पिछड़े एवं गरीब वर्ग के लिए किये गये कार्यों की चर्चा के लिए प्रभारी प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह, 16 अप्रैल को भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से जिला स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण शिविर लगाये जायेंगे, जिसके प्रभारी प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक बनाये गये हैं।

# नियोजन नीति की मांग के समर्थन में छात्रों का 10 अप्रैल को झारखंड बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**कहा- सरकार ने हर साल पांच लाख नौकरी दिये जाने का वादा किया था। एक नियोजन नीति बनी थी, वह भी रद्द हो गयी, छात्रों का कॅरियर बर्बाद हो रहा**

**रांची।** झारखंड यूथ एसोसिएशन ने 10 अप्रैल को झारखंड बंद का आह्वान किया है। एसोसिएशन के समन्वयक इमाम शफी ने रविवार को ऑक्सीजन पार्क में प्रेस को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन साल से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की असफलता से युवा परेशान है। उनका करियर बर्बाद हो रहा है। सरकार ने हर साल पांच लाख नौकरी दिये जाने का वादा किया था। एक नियोजन नीति बनी थी, वह भी रद्द हो गयी। सरकार के इस रवैये को लेकर विरोध पर विरोध जारी है। 1 अप्रैल को संताल परगना के 6 जिलों में सैकड़ों स्टूडेंट्स सड़कों पर उतरे।

बजट सत्र के दौरान पिछले दिनों रांची में विधानसभा घेराव भी हुआ। अब एक बार फिर नियोजन नीति और अपना भविष्य बचाने को राज्य के युवा सड़कों पर उतरेंगे। 10 अप्रैल को होनेवाला आंदोलन ऐतिहासिक और शांतिपूर्ण होगा।

### चाहिए नियोजन नीति और पारदर्शिता

इमाम शफी के मुताबिक यूथ एसोसिएशन के अलावा झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन, आदिवासी मूलवासी संगठन सहित तमाम संगठनों से बंदी के लिए सहयोग मांगा गया है। इससे उम्मीद है कि जिस तरह संताल परगना में 1 अप्रैल को ऐतिहासिक बंदी हुई, उससे भी बड़ी बंदी राज्यभर के सभी जिलों में होगी। सभी प्रमुख सड़क मार्गों को जाम कर दिया जायेगा। राज्य में अब भी 3.50 लाख से अधिक सीटों पर मैनपावर की कमी है। सरकार खतियान आधारित नियोजन नीति लाकर नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ शुरू करे। युवाओं के मामले में करीब करीब सभी दल उदासीन रवैया अपनाये हुए हैं। खासकर झामुमो, कांग्रेस के नेता तो नौकरी मांगने पर स्टूडेंट्स संगठनों को भाजपाई, आजसू बताने लगते हैं, कभी पैसे की कमी, कभी कोरोना का बहाना तो कभी केंद्र से पैसे का आवंटन नहीं होने और दूसरे बहाने किये जाते हैं। इसके उलट मंत्रियों के लिए बंगला, गाड़ी और दूसरी सुविधाओं के लिए विधानसभा में एकमत हो जाते हैं। सरकार को मालूम होना चाहिए कि स्टूडेंट्स हित में गंभीर प्रयास नहीं करने पर रघुवर सरकार की विदाई हो गयी थी। ऐसे ही सरकार का उदासीन रवैया बना रहा तो 2024 में उसका बायकाट होगा, छात्र सरकार बना सकते हैं, तो गिरा भी सकते हैं। रामगढ़ उपचुनाव में हार सरकार के लिए एक ट्रेलर रहा है। छात्रों ने अबुआ राज के लिए हेमंत सरकार को चुना था, पर वह केवल ठगने में लगी है। राज्य लूटखंड बनता जा रहा है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे, आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।
- **वृष** — चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा।
- **मिथुन** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **कर्क** — साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, विरोधियों पर विजय।
- **सिंह** — स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, आमदनी में वृद्धि होगी, नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा।
- **कन्या** — कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, आपके धैर्य, परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।
- **तुला** — नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।
- **वृश्चिक** — परिस्थितियों में सुधार, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेगा।
- **धनु** — गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे, भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **मकर** — गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा, मन प्रसन्न रहेगा।
- **कुंभ** — लोकप्रियता का विस्तार, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति,विरोधियों पर विजय मिलेगी।
- **मीन** — रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

## भाजपा मंडल प्रवासी ने किया प्रखंड की बूथ समितियों का सत्यापन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया मंडल के प्रवासी डा संजय सिंह द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी 54 बूथों का सत्यापन किया। उन्होंने मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव के नेतृत्व में बनाए गए बूथों का संक्षिप्त पुनरीक्षण किया और प्रमाणित किया। इस अवसर पर मिथलेश पाठक,राजू यादव,अनिल प्रसाद, कौलेश्वर मिश्रा,बोधी महतो,विजय मंडल समेत अन्य उपस्थित थे।

## चुगलामों में मंदिर स्थापना वर्षगांठ को लेकर निकाली गयी भव्य कलश यात्रा



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम चुगलामो में देवी माँ प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का प्रथम वर्षगाँठ को लेकर भव्य कलशयात्रा का आयोजन किया गया। कलशयात्रा में बतौर मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी शामिल हुए। कलशयात्रा में 551 कलश लेकर श्रद्धालुओं ने सभी देवी देवताओं का आह्वान कर उत्तरवाहिनी सिमरिया नदी से जल लेकर यज्ञस्थल पर पहुंची ततपश्चात सभी शामिल श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने कहा यज्ञ आयोजन से क्षेत्र में भक्ति का संचार होता है वही विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा इस आयोजन में ग्रामीणों की भूमिका काफी सराहनीय है । यज्ञ समिति ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया ।यज्ञ समिति अध्यक्ष ने कहा यज्ञ के दौरान अनवरत भंडारा व प्रत्येक दिन आरती पूजन व प्रवचन की व्यवस्था की गई उन्होंने ग्रामीणों व अतिथियों से सहयोग की अपील की। मौके पर मुखिया फूलवंती देवी, पंसस अनिता देवी, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चौधरी, उत्तिम महतो, मनोहर चौधरी, प्रकाश चौधरी, मनोज चौधरी, रविकांत चौधरी, रामेश्वर महतो, राकेश कुमार, विजय पासवान नकुल चौधरी, दुलारचंद चौधरी, मुकेश रविदास, अध्यक्ष सत्यनारायण चौधरी,सचिव सोनूलाल चौधरी, कोषाध्यक्ष मुकेश दास राकेश चौधरी, श्रीकांत चौधरी, नीरज चौधरी, जितेंद्र चौधरी,लोकनाथ पासवान, पवन ठाकुर, सुरेश साव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रृद्धालु उपस्थित थे।

## जिप उपाध्यक्ष ने किया दूध संग्रह केंद्र का उद्घाटन

**इटखोरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारा-पथरिया मोड़ स्थित रांची मेंरू फ्रॉम फ्रेस का दूध संग्रह केंद्र खोला गया। जिसका उद्घाटन रविवार को जीप उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता बिरजु तिवारी ने फीता काट कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि जीप उपाध्यक्ष ने दूध संग्रह केंद्र के संचालक शशांक कुमार एवं विशाखा गुप्ता को नेक कार्य के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दूध केन्द्र संग्रह से किसानों को उनके दूध का सही मापदंड मिलेगा। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह, सतीश सिंह समेत ग्रामीण लोग उपस्थित थे।



## मायुमं की नयी टीम ने गौशाला में गौ आहार के साथ प्रोजेक्ट की शुरुआत की



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच की झुमरी तिलैया इकाई के नए सत्र 2023-24 की नई कमेटी ने गौशाला में गौ आहार कार्यक्रम के साथ प्रोजेटक्ट की शुरूआत की। मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष राज पचिसिया, सचिव आशीष जोशी, कोषाध्यक्ष चिंटू अग्रवाल, कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर शुभम चौधरी ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करती है। इसी उद्देश्य को लेकर सत्र की शुरूआत गौ आहार खिलाकर किया। उन्होंने बताया कि युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति होती है। 3 अप्रैल को महावीर जयंती के मौके पर निकलनेवाली शोभा यात्रा एवं 5 अप्रैल को अनुमान जन्मोत्सव पर भक्तों का स्वागत किया जाएगा। वहीं अप्रैल में अमृत धारा सहित कई अन्य प्रोजेक्ट को अंजाम दिया जाएगा। इस मौके पर कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर शुभम चौधरी, हर्षित सोमानी, रितेश दुग्गड़, संजय जैन, अर्जुन संघई, मनोज पिलानिया, शिवेश पचिसिया, संजय अग्रवाल, अजय शर्मा, मनीष पेड़ीवाल, अध्यक्ष राज पचिसिया, सचिव आशीष जोशी, कोषाध्यक्ष चिंटू अग्रवाल मौजूद थे।

## सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति का सम्मान समारोह आयोजित

# संरक्षक और ग्रामीणों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाह संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह गांव में सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति द्वारा रविवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद मौजूद थे। उन्होंने कहा कि रामनवमी महापर्व मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्म जीवन त्याग, तपस्या, संयम, और संकल्प पर आधारित था।



भगवान राम के द्वारा किए गए कार्य प्रशंसनीय थे। हम लोग एक सभ्य समाज के आदमी हैं और सभ्यता का परिचय देते हुए त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाते आए हैं। पूजा समिति में शामिल सभी सदस्यों के सहयोग एवं प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन के लिए सबों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही कोई भी कार्य आसानी से सरलता पूर्वक की जाती है। उन्होंने कहा कि हमसे लोग जब भी मदद मांगते हैं, मांगने वाले व्यक्ति से अपने आप में यह सोचता हूं कि जो लोग हम से मदद मांग रहे हैं और हमसे जितना मांगा जा रहा है, हम कहीं ना कहीं उससे अधिक देने का प्रयास करते हैं।

उससे अधिक करने का प्रयास करता हूँ और आज यह बात कहना चाहता हूं साथ ही कहा कि लोग हमसे जितनी मदद की उम्मीद करेंगे हम उससे अधिक मदद करेंगे। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी, संरक्षक एवं ग्रामीणों को अंग वस्त्र व मैडल देकर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, आईलेक्स स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार, अर्श पब्लिक स्कूल के निदेशक शत्रुघ्न प्रसाद, रामजी प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, विनोद प्रसाद, नंदलाल प्रसाद, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, प्रदीप केसरी, कमल शंकर पंडित, संतोष प्रजापति, वीरेंद्र प्रसाद, पप्पू प्रसाद,महेश प्रसाद, मनोज कुमार, राहुल कुमार, राजेश प्रसाद, राहुल कुमार, राजन प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, देवनंदन प्रसाद, पप्पू कुमार वर्मा सहित अन्य रामभक्त मौजूद थे।

## ग्रामीण बैंक ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

# रक्तदान शिविर बैंक का सराहनीय कदमः जिप चेयरमैन

आजाद सिपाह संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक ने अपना पांचवां स्थापना दिवस मनाया। स्थापना दिवस के अवसर पर हजारीबाग क्षेत्रीय कार्यालय में सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला परिषद के चेयरमैन उमेश मेहता और आर एम माधव चंद्र पॉल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया कैंप में झारखंड ग्रामीण बैंक के स्टाफ तथा ग्राहकों ने 30 यूनिट ब्लड डोनेट किया। आरएम श्री पॉल ने बताया की ग्रामीण बैंक स्थापना दिवस के अवसर पर महीने भर कई कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसी कड़ी में 1 अप्रैल को हजारीबाग क्षेत्र के समस्त 36 ब्रांचेज में स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस पल को यादगार बनाने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय एंड ब्रांचेज में केक काटा गया तथा ग्राहक सम्मान सभा आयोजित की गयी। क्षेत्रीय कार्यालय के आरएम अपने समस्त स्टाफ के साथ फारेस्ट कॉलोनी में स्थित स्पास्टिक विद्यालय में स्पेशल बच्चे के बिच फल, मिठाईया, कपड़े व विविध वस्तुए वितरित किये। रक्तदान शिविर लगाने का मकसद समय-समय पर रक्तदान करके कई लोगों की जिंदगियां बचाने वालों को धन्यवाद देना, साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना भी है।



बैंक के महीने भर चलने वाले स्थापना दिवस समारोह में वृक्षारोपण करना, पब्लिक एरिया के सफाई करना, स्थानीय स्कूल और कोचिंग में विजिट करके मेरिटोरियस छात्रों को पुरस्कृत करना, किसान सम्मान, वृद्धा आश्रम में भोजन व कपड़ा वितरण, ग्राहक सम्मान समारोह आयोजित करना आदि शामिल है। मुख्य अतिथि चेयरमैन उमेश मेहता ने कहा की यह ब्लड डोनेशन कैंप ग्रामीण बैंक प्रति वर्ष अपने स्थापना दिवस के अवसर पर करती है तथा बेसहाय व जरूरतमंद लोगो को काम आता है, जो की एकदम सराहनीय कदम है। श्री मेहता ने ग्रामीण बैंक के द्वारा आगामी महीने भर के अन्य कार्यक्रम के सफल होने के कामना की। मौके पर डीआरएम रुपेश कुमार, राजेश कुमार, राधेश्याम सिंह, धीरेन्द्र कुमार सिंह, बालमुकुंद सिंह, श्याम सुन्दर रजक, रागिनी कुमारी, योगेंद्र कुमार, नेहा गुप्ता, सत्य रंजन सिन्हा समेत विभिन्न ब्रांचेज के स्टाफ ने भी रक्तदान किया।

# भाजपा की बूथ स्तरीय बैठक संपन्न

आजाद सिपाह संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के दोनों मंडलो के अध्यक्षो की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षात्मक बैठक बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के सभागार भवन में विष्णुगढ़ प्रभारी सह पूर्व बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद के नेतृत्व में की गयी।

समीक्षात्मक बैठक में दोनों मंडलो से विभिन्न पंचायतो से बूथ कमिटि की सूची सौपी गई। दोनों मंडलो को मिलाकर बूथ करीब-करीब 40-50 प्रतिशत पूर्ण पाए गए जिस पर प्रभारी राकेश प्रसाद ने संतोष व्यक्त करते हुये बचे बूथों की कमिटि को एक सप्ताह के भीतर सौपने का निर्देश नियुक्त बूथ प्रभारियों को दिया। साथ ही प्रभारी राकेश प्रसाद ने कहा कि पन्ना प्रमुख ही भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ है,पन्ना प्रमुख पर ही सर्वाधिक जिम्मेदारी है । सशक्त बूथ निर्माण से ही गुजरात मे 100 सीटो में 84 पर भारतीय जनता पार्टी की जीत हुयी । इस मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार महतो, उपाध्यक्ष महादेव मंडल, महामंत्री गुरु प्रसाद साव, पूर्वी महामंत्री सुखदेव रजवार, मंत्री हरि यादव, मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, शेख मेराज, भाजयुमो अध्यक्ष संजय कुमार महतो, सुरेश राम, भाजयुमो महामंत्री महेंद्र कुमार महतो, अनुसूचित जाति मोर्चा महामंत्री दीपक कुमार रजक, हरेंद्र कुमार, किशोर यादव, सुरेश कुमार दास,झल्लू पंडित,लालजी महतो आदि उपस्थित थे।



## अखिल भारतीय नौजवान संघ की बैठक हुई

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक और जिला सचिव कयूमउद्दीन ने बताया कि 3 अप्रैल को दोपहर 12 से साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में विस्तारित बैठक रखी गयी है। जिसमें जिले भर के सैकड़ों नौजवान भाग लेंगे। कोडरमा जिला में नौजवान संघ को मजबूत करने, आगे आंदोलन आदि सवालों पर चर्चा किया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री प्रकाश रजक मौजूद रहेंगे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in


# केंद्र के रवैये के खिलाफ कांग्रेसी करेंगे जय भारत सत्याग्रह

आजाद सिपाह संवाददाता

**बरही।** प्रखण्ड के नगर भवन में विधानसभा के सभी प्रखण्ड अध्यक्षों, पंचायत अध्यक्ष, पंचायत प्रभारी समेत कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य जय भारत सत्याग्रह को लेकर आयोजित किया गया। जिसमें बरही विधायक उमाशंकर अकेला, प्रभारी अशोक सिंह मुख्य रूप से शामिल थे। बैठक की अध्यक्षता व संचालन बरही प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि आज देश में लगातार बढ़ रही अलोकतांत्रिक घटना, सदन में विपक्ष के संसद सदस्यों को बोलने ना देने और केंद्र के सत्ताधारी दल के नेता नरेंद्र मोदी के तानाशाही रवैये से प्रतीत होता है कि केंद्र की भाजपा सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर सरकार चला रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आम जनता से आह्वान करती है कि आपका धन और देश का धन लूटने से बचाने के लिए आप सभी आवाज उठाएं। कांग्रेस पार्टी सदैव आपके साथ है। आम जनता के सहयोग से सड़क से सदन तक जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी। वहीं प्रभारी अशोक सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में लोकतंत्र की लगातार हत्या हो रही है। आम नागरिकों को संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों का हनन किया जा रहा है। राहुल गांधी के द्वारा बैंक का पैसा लेकर विदेश भागने वालों का नाम लेने और सदन के अंदर अडानी के कंपनी में 20 हजार करोड़ रुपया किसका है,जानकारी मांगने पर 2019 के एक चुनावी सभा में दिए भाषण को आधार बनाकर मानहानि का केस कर दिया जाता है। इस मामले में 2 वर्ष की सजा हो जाती है और दूसरे ही दिन सदन में लोकसभा की सदस्यता साजिश के तहत समाप्त कर दिया जाता है। जनता के सवालों को सदन में उठाने पर माइक म्यूट कर दिया जाता है। राहुल गांधी को सदन में बोलने नहीं दिया जाता है। आम जनता की समस्या बेरोजगारी और महंगाई पर सदन में या टीवी डिबेट में भी चर्चा नहीं की जाती है जबकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में चर्चा करना दूसरे के विचारों को सुनना मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा नफरत की राजनीति की जा रही है। मौके पर कांग्रेस प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विस विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, उपाध्यक्ष यमुना यादव, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, चंदवारा प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, तोखन रविदास, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, पदमा प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, युवा विधानसभा अध्यक्ष मनोहर यादव, प्रखंड युवा अध्यक्ष अमित जयसवाल, मो वारिस, मुखिया सिकंदर राणा, कोनरा मुखिया यास्मीन तब्बसूम, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, पंसस मो तैयब, सेवा दल के अध्यक्ष उदय केशरी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, 20 सूत्री सदस्य मो तौकीर रजा,सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



## लाइफलाइन एक्सप्रेस पहुंची चंदवारा 5 अप्रैल से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन कोडरमा व इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाईफलाईन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत चंदवारा प्रखंड स्थित पिपराडीह रेलवे स्टेशन में नि:शुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा पिपराडीह रेलवे स्टेशन पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिये। नि:शुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम हेतु ट्रेन पिपराडीह रेलवे स्टेशन पहुंच गयी है। उप विकास आयुक्त ने स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर सारी व्यवस्था की जानकारी सभी नोडल पदाधिकारी से ली। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवारा का भ्रमण कर साफ सफाई, पानी, बिजली इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। बता दें कि नि:शुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी दिनांक 05 अप्रैल से 10 अप्रैल 2023 तक, कान की जांच और कान की सर्जरी दिनांक 12 अप्रैल से दिनांक 16 अप्रैल 2023 तक, मुड़े हुए पैर का परिक्षण एवं सर्जरी दिनांक 18 अप्रैल से दिनांक 20 अप्रैल 2023 तक, स्तन और ग्रीवा कैंसर जागरुकता एवं परिक्षण दिनांक 05 अप्रैल से 10 अप्रैल 2023 तक, दांत की जांच एवं उपचार दिनांक 20 अप्रैल से 25 अप्रैल 2023 तक और बी.पी व शुगर की जांच दिनांक 5 अप्रैल से 25 अप्रैल 2023 तक किया जायेगा। उपरोक्त स्वास्थ्य जांच हेतु ओ.पी.डी का समय पूर्वाह्न 09 बजे से अपराह्न 04 बजे तक निर्धारित है। किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु हेल्पलाइन नं. 9820303974 पर संपर्क किया जा सकता है।

## अंबेडकर समिति ने किया शहादत सभा का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** 2 अप्रैल 2018 को अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार अधिनियम को बचाने के प्रति देश के कुल 13 साथी ने अपनी शहादत दी थी और यह तारीख इतिहास में दलित शहादत दिवस के रूप में तब्दील हो गया जिसकी रविवार को 5वीं बरसी मनायी गयी। इस अवसर पर शहादत सभा का आयोजन किया गया जिसमें 1 मिनट का मौन धारण कर शहादत वीरों को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर आंबेडकर समिति अध्यक्ष सिकन्दर कुमार दास, शम्भू कुमार दास, सुनील कुमार दास, प्रकाश दास, टेकलाल दास, पूना दास, बरमदेव दास, मुकेश पासवान, कृष्णा पासवान, राजकुमार रजक, गोपी दास, संजय रजक, जितू दास, अजय दास, पिंटू दास, संतोष दास, सिकंदर भुइंया, मुकेश पासवान, कृष्णा पासवान, सूरज पासवान, राजवीर कुमार दास, पप्पू कुमार दास, अरुण कुमार दास, अनिल कुमार दास, मनोज दास, सोनू दास, दीपक दास, किशोर दास, राजेश दास, अजित दास, सिकंदर दास मौजूद थे।

## सोनाली हत्याकांड के आरोपियों को फांसी की मांग पर बंद रहा डोमचांच बाजार



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** सोनाली कुमारी हत्याकांड के विरोध में रविवार को डोमचांच बाजार बन्द रहा। बन्द के दौरान सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान बन्द रहे तो वहीं दुकानें और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां भी ठप रही। इस संबंध में सोनाली के परिजनों ने कहा कि जो कुछ भी मेरी बेटी के साथ हुआ है, वह किसी और के साथ ना हो इसलिए आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। साथ ही केस की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट के तहत हो ताकि आरोपियों को जल्द से जल्द सजा मिल सकें। वहीं सोनाली की छोटी बहन ने कहा कि इस कांड के बाद अब किसी भी लड़की को घर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा इस डर के कारण कि कहीं फिर किसी के साथ ऐसा दुर्घटना ना हो जाय। साथ ही इन्होंने कहा कि कोर्ट पर हमें पूरा विश्वास है। हम लोगों को विश्वास है कि कोर्ट के द्वारा आरोपियों को फांसी की सजा मिलेगी। वहीं सोनाली की बड़ी बहन ने कहा कि मेरी बहन की तो जान चली गयी लेकिन फिर किसी और सोनाली के साथ ऐसा ना हो इसलिए अभी इन आरोपियों को फांसी की सजा होना बहुत जरुरी है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे डोमचांच वासियों का बहुत सहयोग और समर्थन है लेकिन वहीं बात करें जनप्रतिनिधियों की तो अभी तक कोई भी यहाँ नहीं आये हैं। ज्ञात हो कि सोनाली की हत्या एक तरफा प्यार में शादी से इंकार करने पर दिव्यांग दीपक ने डेढ़ लाख रुपये की सुपारी देकर साथियों के साथ मिल कर की। इसके बाद शव को बोरे में भर कर अंबादाह खदान में फेंक दिया था। गत 21 मार्च को सोनाली गायब हुई और 28 मार्च को अंबादाह खदान से उसका शव बरामद किया गया था।

## टेंपो और कार की टक्कर, 14 लोग घायल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवादा चौक पर कार और टेम्पू के टक्कर मे 14 लोग घायल हो गए। घटना बीती रात की है। घायलों की पहचान संदीप शर्मा, सुभाष ठाकुर दोनो के पिता जगदीश ठाकुर, जगदीश ठाकुर पिता टोटो ठाकुर, सौरभ कुमार पिता बबलू राय, रूपी देवी पति सुभाष शर्मा, खुशबू कुमारी पिता राजेंद्र शर्मा, विशाल कुमार, अंशु कुमारी दोनो के पिता महेंद्र शर्मा, प्रमिला देवी पति संदीप शर्मा, रानी शर्मा, विशाल शर्मा, वंश कुमार, कोमल कुमारी सभी साकिन पुरनानगर, थाना नवलशाही के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार टेम्पू मे सवार लोग पुरनानगर से डोमचांच पुरनाडीह मेला देखने जा रहे थे। इसी दौरान नवादा चौक पर पुरनाड़ीह से नवलशाही की ओर जा रहे कार से टक्कर हो गयी जिसमें टेम्पू पर सवार 14 लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से निजी क्लिनिक पुरनाडीह ले जाया गया। मरीजों को गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया, जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

## मृतक परिवार से चंद्रवंशी समाज के प्रतिनिधियों ने की मुलाकात



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला के राजपुर थाना क्षेत्र में बीते 28 मार्च को राजपुर निवासी विष्णु चंद्रवंशी पिता पवन चंद्रवंशी का निर्मम तरीके से हत्या कर दिया गया था। हत्या के 5 दिन हो जाने के बावजूद किसी प्रकार का सुराग ना मिलने पर चंद्रवंशी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को मृतक के परिजनों से मिले। और ढाढस बंधाया। साथ राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान से मुलाकात किया। थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और तलाश लगातार जारी है। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया की 48 घंटे के अंदर सारे अपराधियों की गिरफ्तारी करके प्रेस रिलीज जारी कर दिया जाएगा। सन ऑफ चंद्रवंशी के संस्थापक सदस्य अनुज चंद्रवंशी ने कहा कि 48 घंटे के अंदर अगर सभी अपराधियों को गिरफ्तार करके जेल नही भेजा गया तो चंद्रवंशी समाज उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। प्रतिनिधि मंडल में सन ऑफ चंद्रवंशी क्षत्रिय के संस्थापक सदस्य अनुज सिंह चंद्रवंशी, झारखंड प्रदेश संयोजक अजीत चंद्रवंशी, चंद्रवंशी युवा मंच के जिला उपाध्यक्ष आनंद चंद्रवंशी, राजू राम, आशुतोष कुमार, बादल कुमार तथा अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के कई पदाधिकारी शामिल रहे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
05

## अग्रवाल ग्रुप से 11 और विमल बुधिया ग्रुप से मात्र 4 उम्मीदवार कार्यकारिणी में

# रामगढ़ चेंबर पर विनय अग्रवाल गुट का कब्जा

बीरू कुमार





**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज पर विनय अग्रवाल के ग्रुप का कब्जा हो गया। मतगणना के बाद विमल बुधिया की टीम बुरी तरीके से धराशाई हो गयी। चुनाव पदाधिकारियों ने जब रिजल्ट सुनाया तो विनय अग्रवाल ग्रुप में खुशी की लहर दौड़ गयी। चेंबर भवन में ही नारेबाजी भी शुरू हो गयी। विनय कुमार अग्रवाल 642 वोट लाकर एक नंबर पर रहे। इसके बाद गोपाल शर्मा 637, अमरेश गणक 585, मंजीत साहनी 584, अमित कुमार सिन्हा 581, संतोष तिवारी 569, विमल बुधिया 567, मनोज चतुवेर्दी 565, विष्णु पोद्दार 528, जितेंद्र प्रसाद डब्ल्यू 526, भूपेंद्र सिंह 504, दिनेश पोद्दार 498, मुरारी लाल अग्रवाल 498, विजय मेवाड़ 479 और इंद्रपाल सिंह सैनी 446 लाकर कार्यकारिणी के सदस्यों में विजयी घोषित किये गये।

जीत की घोषणा के बाद विनय अग्रवाल की पूरी टीम जयघोष के साथ बाहर निकली। पूरा चेंबर भवन जश्न के माहौल में डूब गया। चेंबर भवन के बाहर जमकर आतिशबाजी हुई। लोगों ने ठुमके भी लगाये। इस दौरान विनय अग्रवाल की टीम ने रामगढ़ के व्यापारियों के लिए हर सुख-दुख में खड़े रहने की घोषणा भी की।

विनय अग्रवाल ग्रुप के 11 लोग कार्यकारिणी में शामिल हो गये। इससे यह तय हो गया है कि अब पदाधिकारियों के चुनाव में इनका पूरा वर्चस्व रहेगा। विजयी ग्रुप में विनय अग्रवाल, गोपाल शर्मा, अमरेश गणक, मंजीत साहनी संतोष तिवारी, मनोज चतुवेर्दी, विष्णु पोद्दार, भूपेंद्र सिंह, दिनेश पोद्दार, मुरारी लाल अग्रवाल और इंद्रपाल सिंह सैनी शामिल हैं।

## कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ



पतरात (आजाद सिपाही) । पतरातू प्रखंड के पलानी गांव स्थित करम टोला में श्री श्री 108 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा तीन दिवसीय महायज्ञ को लेकर रविवार को कलश यात्रा निकाली गई।सैकड़ों की संख्या में स्त्री पुरुष कलश यात्रा में शामिल हुए। जो पंच वाहिनी मंदिर समीप पतरातू डैम के फाटक पहुंचकर पूजा अर्चना करने के बाद कलश में जल भरकर कर पुण: महायज्ञ स्थान करम टोला पहुंचा। कलश यात्रा में शामिल आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी ने कहा की यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में साकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस मौक पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, हिंदू हृदय सम्राट भैरव सिंह, आजसू के वरिष्ठ नेता नित्यानंद कुमार, अशोक पाठक सहित कई लोग शामिल थे।

## मगध के कुंडी गांव में 250 घरों में जले बल्ब



टंडवा (आजाद सिपाही )। पिछले तीन माह से ट्रांसफार्मर खराब होने से मगध के कुण्डी गाव अंधेरे मे था। लिहाजा बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव के प्रयास से 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव और उपमुखिया राजेश साव ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद सराढू पंचायत के उपमुखिया राजेश साव ने बताया कि लगभग ढाई सौ मकानो मे रौनक आ गयी। इस मौके पर भीम साव समेत अन्य शामिल थे।

## रामगढ़ नप क्षेत्र में भाजपा का बूथ सत्यापन कार्यक्रम



कुजू (आजाद सिपाही)। भाजपा रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 1 सांडी और वार्ड संख्या 9 मरार में बुथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बुथ कमेटी का सत्यापन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष संजय शाह ने की। मौके पर रंजीत सिन्हा, उमेश साहू, नीरज झा, जग्गू महतो, हरि महतो, नरोत्तम सिंह, राजेश महतो, मुकेश ठाकुर, राधेश्याम गुप्ता, सूरज पांडेय, विनोद कुमार गुप्ता, बीरेश कुमार शामिल रहे।

## चोटिल शंभूलाल ठाकुर से मिले पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, जाना हाल चाल



कुजू (आजाद सिपाही)। हजारीबाग पूर्व सांसद सह भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय रविवार को हजारीबाग से रांची लौटने के क्रम में कुजू रुके। जहां उन्होंने मुरपा श्री हनुमान चौक स्थित रामगढ़ जिला किसान प्रकोष्ठ के महामंत्री शंभू लाल ठाकुर से मुलाकात कर हालचाल जाना। मालूम हो कि शंभूलाल ठाकुर 15 दिन पूर्व अपने आवास से कुजू चौक जाने के क्रम में मोटरसाइकिल से गिर कर चोटिल हो गए थे। जिससे उनका बांया हाथ फ्रैक्चर हो गया था।

## एनटीपीसी मजदूर यूनियन की हुई बैठक



पतरातू (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक )की साप्ताहिक बैठक यूनियन कार्यालय पीटीपीएस में हुयी । बैठक की अध्यक्षता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रखंड सचिव सह एटक के राज्य कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार महतो ने की । बैठक में मजदूरों की समस्या का समाधान कैसे हो इसकी चर्चा की गयी। इसके अलावा यूनियन के सदस्यों द्वारा झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन सरकार द्वारा श्रम विरोधी विधेयक वापस लिए जाने का स्वागत किया है। इस मौके पर मनोज पहान, संतोष मुंडा ,रमेश महतो , सरवन करमाली, प्रभात महतो विकास मुंडा ,राहुल विश्वकर्मा ,आदित्य कुमार ,जय नंदन सिंह, विनय कुमार गुप्ता, अनिकेत कुमार सिंह श्याम नंदन सिंह ,उमेश करमाली ,मनोरंजन महतो ,मोहन महतो, नरेश बेदिया , वीरेंद्र कुमार, सहित कई यूनियन के सदस्य शामिल थे ।

## कृष्णा साहू सुंडी समाज के टंडवा प्रखंड अध्यक्ष बने

टंडवा (आजाद सिपाही)। चतरा के जिला अध्यक्ष अमरदीप साहू युवा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र साहू एवं झारखंड प्रदेश महामंत्री गुरुदयाल साव के द्वारा टंडवा प्रखंड के राष्ट्रीय सुंडी समाज का अध्यक्ष कृष्णा साहू पिता सुखदेव साव एवं सचिव सुनील कुमार साहू को उत्तरदायित्व दिया गया। जिसमें नव निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा साहू ने कहा कि सुंडी समाज की टंडवा प्रखंड का जो मुझे दायित्व मिला है। उसे पूर्ण रूप से निर्वाह करने का प्रयास करूंगा, और सभी प्रदेश के जिला के पदाधिकारियों का हार्दिक नमन किया। इस मौके पर विस्थापित नेता कृष्णा साहू को बधाई को देने वाले में बसंत साहू कुमरांग खुर्द राजेश साव ,भीम साव, सीताराम साहू पूर्व प्रमुख,रोहित कुमार, रामविलास साव, कुंडी ,लखन साहू, रामनंदन साहू लीला देवी, कुरलोंगा सुनील साहू आदि शामिल है।

## गृह रक्षा वाहिनी होम गार्ड जवान के निधन पर भुरकुंडा में शोकसभा का आयोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। गृह रक्षा वाहिनी होम गार्ड सह समाजसेवी विजय राम के आकस्मिक निधन पर रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में शोकसभा का आयोजन हुआ। इसमें क्षेत्रवासियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। ज्ञाज हो कि पिछले एक सप्ताह से विजय राम लिवर जैसी गंभीर बिमारी से ग्रसित चल रहे थे। रांची स्थित प्राइवेट अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। रविवार की सुबह उनका आकस्मिक निधन हो गया। जिससे स्व. विजय राम के परिवार सहित क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर उमड़ पड़ी। शोक व्यक्त करने वालो में मुखिया अजय पासवान, पंसस दीपक भुंइया, किशुन नायक, आजाद भुइंया, रोशन पासवान सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

## भुरकुंडा में भाजपा महिला मोर्चा का सुषमा स्वराज अवार्ड समारोह संपन्न

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला रामगढ़ के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में सुषमा स्वराज अवार्ड समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपाईयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण जागरूकता के तहत आत्मनिर्भरता के साथ समाज में बेहतर कार्य कर रही दर्जनों महिलाओं को सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महिला मोर्चा की अध्यक्ष लक्ष्मी देवी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अवल्ल हैं। आज महिलाएं भी देश व राज्य के विकास में पुरूषों के साथ कंधा से कंधा मिलकर आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मंजू लता दुबे, प्रदेश मिडिया प्रभारी बबीता देवी सहित रामगढ़ जिला प्रभारी शशि कला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरीता ठाकुर, जिला मंत्री महामंत्री खुशबू देवी, मीडिया प्रभारी ऋति श्रीवास्तव, भाजपा भुरकुंडा मंडल के अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह व योगेश दांगी आदि लोग उपस्थित थें।

## अपने रिश्तेदार के साथ रजरप्पा मंदिर जा रही थी पीड़िता, जनियामारा जंगल में घटी घटना

# नाबालिग लड़की के साथ दो लोगों ने किया दुष्कर्म

### एक गिरफ्तार, एक फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** हवस के दरिंदों ने रजरप्पा के जनियामारा जंगल में नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म किया है। दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। रविवार को दिनदहाड़े हुई इस वारदात की सूचना जैसे ही रजरप्पा पुलिस को मिली उन्होंने कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने एक आरोपी भुचुंगडिह निवासी रहीम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरा आरोपी गोला निवासी वीरा मांझी अभी भी फरार है।

### थाना प्रभारी ने दी घटना की पूरी जानकारी

घटना की जानकारी देते हुए रजरप्पा थाना प्रभारी एचएन सिंह ने बताया कि खोखा बयांग की रहने वाली नाबालिग युवती अपने एक रिश्तेदार के साथ बाइक से रविवार को रजरप्पा जा रही थी। रास्ते में जनियामारा जंगल के पास उसे शौच लगा। जब वह जंगल में अंदर घुसी तो वहां रहीम अंसारी और वीरा मांझी ने उसे पकड़ लिया।

### दरिंदों ने पीड़िता के रिश्तेदार को मारा पीटा और भगाया, फिर किया मुंह काला

उन दोनों ने सबसे पहले उसके साथ मौजूद रिश्तेदार की पिटाई की और उसे भगा दिया। इसके बाद उन लोगों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि वीरा मांझी की तलाश में पुलिस की टीम निकल चुकी है। उसके घर और रिश्तेदारों के घर में छापेमारी की जा रही है। इसके अलावा गिरफ्तार रहीम अंसारी से भी वीरा के ठिकाने के बारे में पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता को चिकित्सीय जांच हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# बेरोजगार कोयलांचल संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोलियरी लोकल सेल पुनः चालू कराने व हक-अधिकार की मांग को ले रविवार को भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में झारखंडी बेरोजगार कोयलांचल संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में लोकल सेल चालू कराने, हक-अधिकार, मोर्चा की मजबुती सहित विभिन्न समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही सर्वसम्मति से मोर्चा का विस्तार किया गया। इसमें अध्यक्ष किशुन नायक, उपाध्यक्ष रोशन पासवान, प्रेम पासवान व गोपाल नायक, सचिव संजय नाथ करमाली, सह सचिव बिक्रम कुमार गुप्ता, विजय पासवान व विजय साहू, कोषाध्यक्ष सागर कुमार, सह कोषाध्यक्ष कृष्णा यादव व पंकज कुमार, मीडिया प्रभारी मंसूर खान, मुख्य संरक्षक मुखिया अजय पासवान, नौशाद हुसैन, मुखिया रामनरायण कुमार, दीपक कुमार, संजीत राम, लखन पासवान, विजय दुबे, पसंस दीपक भुइंया, आजाद भुइंया, शिवशंकर भुइंया भुनेश्वर मेहता शामिल हैं। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में अकाश कुमार, श्रवण कुमार, चंद्रमणि कुमार, सतीश ठाकुर, प्रकाश दास, अमित पासवान, लाली करमाली, सुजीत पासवान, सुनील करमाली, भोला कुमार, जितेंद्र कुमार, अभिषेक सोनी, शंकर राम, अमृतसागर, रामप्रसाद पासवान, सूरज कुमार, विक्की करमाली आदि शामिल हैं। कहा गया कि भुरकुंडा कोलियरी लोकल सेल चालू कर अपने भागीदारी सुनिश्चित करने एवं हक-अधिकार को ले आगे की रणनीति बनाई जाएगी। साथ ही सीसीएल महाप्रबंधक और भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी को जल्द ही ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। मौके पर स्थानीय मुखिया सह मोर्चा के संरक्षक अजय पासवान एवं अध्यक्ष किशुन नायक ने कहा कि पूर्व में भी पिछले दस वर्षों से बेरोजगार कोयलांचल वासियों के हक-अधिकार में मोर्चा आंदोलनरत रहा है। लोकल सेल चालू होने के बाद कोयलांचल शहरी क्षेत्र के प्रभावितों को भागीदारी में उनके हक से वंचित रखा जाता है। जबकि लोकल सेल चालू होने के बाद इस क्षेत्र में रह रहे लोग ही ज्यादा प्रभावित होंगे। उन्हें ही प्रदूषण की मार झेलनी पड़ती है। बैठक के अंत में मोर्चा द्वारा गृह रक्षा वाहिनी होम गार्ड पद पर कार्यरत समाजिक व्यक्ति विजय राम के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

# पीवीयूएन पावर प्लांट के खिलाफ विस्थापितों का गुस्सा भड़का, हुई बैठक, आज सौंपेंगे ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



बैठक में उपस्थित स्थानीय विस्थापित ग्रामीण

**भुरकुंडा।** पांच सूत्री मांगों को लेकर बलकुदरा पंचायत के रिचीबंधा नयाटोला मैदान में रविवार को स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सुनील मुंडा और संचालन सनी मुंडा ने किया। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। कहा गया कि पीटीपीएस द्वारा विगत वर्षो पूर्व स्थानीय विस्थापितों की सैकड़ों एकड़ जमीन का अधिग्रहण राष्ट्रहित, उद्योगहित, विकासहित और जनहित के लिए किया गया था। लेकिन आज तक स्थानीय विस्थापितों को हक-अधिकार नहीं मिला। इसके कारण स्थानीय-विस्थापित रोजगार के अड्डाव में दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। साथ ही बेरोजगारी, भुखमरी और पलायन की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। पीटीपीएस वर्षों से उक्त जमीन पर बिजली उत्पादन कर राष्ट्रहित, उद्योगहित में कार्य कर प्रत्येक वर्ष करोड़ों का मुनाफा कमाता रहा है। बावजूद इसके पीटीपीएस जनहित और विकासहित की दुहाई देकर इसके विपरीत कार्य करता रहा। कहा गया कि उक्त भूमि पर वर्तमान समय में पीवीयूएन द्वारा पावर प्लांट लगाने का कार्य किया जा रहा है, जो कि कंपनी द्वारा बाहर से लाये गये स्थायी मजदूर, टेक्निकल कर्मियों को बहाल कर पावर प्लांट लगाने का कार्य किया जा रहा है। इससे स्थानीय विस्थापित रैयतों में काफी क्षोभ एवं आक्रोश व्याप्त है। कहा गया कि स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों के माध्यम से सोमवार को पीवीयूएन/एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक को पांच सूत्री मांग-पत्र सौंपा जायेगा। मांग-पत्र में पीवीयूएन अंतर्गत पीटीपीएस से हुए ग्राम पंचायत बलकुदरा के विस्थापित रैयतों को भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 धारा 24 (2) के अनुरूप नौकरी-मुआवजा का भुगतान और पुनर्वास की व्यवस्था करने, टेक्निकल, उच्च शिक्षा प्राप्त और तृतीय औरं चतुर्थ वर्गीय नौकरी को विस्थापित और स्थानीय ग्रामीण बेरोजगारों के लिए शत प्रतिशत आरक्षित करने, पीवीयूएन में स्थायी/अस्थायी रोजगार और ठेका कार्य केआवंटन में प्रथम प्राथमिकता स्थानीय विस्थापितों को देने, बलकुदरा पंचायत में विकास कार्य करने के प्राचीन शिव मंदिर बलकुदरा के बगल में छठ तालाब का गहरीकरण, गार्डवॉल और सुंदरीकरण करने और सामुदायिक भवन की चहारदिवारी और पेवर ब्लॉक निर्माण करने, बलकुदरा फोरलेन से शनी यादव पुराना टोला के घर तक पीसीसी रोड बनाने, दोनों तरफ (लगभग 400 मीटर) गार्डवॉल पेवर ब्लॉक लगाने, बलकुदरा फोरलेन के ओवरब्रिज के समीप यात्री शेड बनाने, बलकुदरा के महली टोला, बी गेट, नया टोला, रिचीबंधा, सीसाटोंगरी, महुडर टोला, बड़काटोला, पाहन टोला, पुराना टोला में डीप बोरिंग सहित सोलर लाइट युक्त पानी की व्यवस्था करने सहित तमाम टोलों में पीसीसी पथ बनाने और बिरसा मुंडा की प्रतिमा का सुंदरीकरण की मांग की गयी है। कहा गया कि लिखित मांगो पर सकारात्मक पहल नहीं की गई तो स्थानीय विस्थापित ग्रामीण बाध्य होकर पारंपरिक हरवे-हथियार के हो रहे कार्यों को रोक देंगे। इस पत्र की प्रति राजयपाल, मुख्यमंत्री सहित तमाम पुलिस पदाधिकारियों को दी गयी है। इस बैठक में झामुमो के युवा नेता योगेंद्र यादव, मनोज महली, गुलचंद मुंडा, आनद मुंडा, विजय मुंडा, संतोष सिंह, रवि महली, सनी मुंडा, राधा देवी, ललिता देवी, अंजु देवी, संगीता प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## संत मेरी चर्च में भक्ति और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ खजूर पर्व



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के संत मेरी चर्च में रविवार को खजूर पर्व की धर्मविधि भक्ति और आस्था के साथ संपन्न की गई। आज के दिन प्रभु येसू खीस्त के विजयमान येरूसालेम प्रवेश की स्मृति मनाई जाती है। प्रभु येसू का उदेश्य यही था कि वे मानव मुक्ति के लिए दु:ख उठाएँ, मर जाएँ और जी उठें। फादर करमा कच्छप ने कहा कि आज के दिन खजूर डाली के जूलुस द्वारा प्रभु येसू के येरूसालेम प्रवेश की समारोही यादगार मनाते हैं। सर्वोच्च में होसन्नाह्न यह गीत गाते हुए गीरजाघर में प्रवेश करते है। वहीं से धर्म विधी शुरू हो जाती हैं। इस अवसर पर फादर करमा कच्छप धर्मविधि की शुरूआत करते हुए कहा कि मसीह ने हम सभी लोगों के लिए दु:ख भोगा। हम उनका अनुकरण करें। इसी में हमारी मुक्ती निहित है। समारोह को सफल बनाने में रामगढ़ पल्लि के सभी खीस्त ने सहयोग किया। साथ ही साथ प्रचारक किशोर हेमरोम, प्रेम लकड़ा, सुधीर डुंगडुंग, सिमोन एक्का, हनूक एक्का, विजय हंसदा, सुनिल कुमार, निर्मल तिग्गा, मनोज पोल, आशा कच्छप, रीता मिंज, अन्जेला टोपनो, मेरी ग्रेस एक्का आदि लोगों का योगदान रहा।

## कुजू में हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा और महायज्ञ की तैयारी को लेकर बैठक

कुजू (आजाद सिपाही)। कुंदरिया बांध कुजू स्थित निमार्णाधीन हनुमान मंदिर में हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ की तैयारी को लेकर ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में बैठक की। जिसकी अध्यक्षता चिंतामणि महतो व संचालन आशीष कुमार मुखर्जी ने की। बैठक में निमार्णाधीन हनुमान मंदिर में हनुमान जी का प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा और महायज्ञ कराने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही, परिसर में शिवलिंग और माँ शेरावाली की प्रतिमा को स्थापित करने का निर्णय लिया गया। वही, आगामी 9 अप्रैल को एक बैठक आहूत की गई। बैठक में विनोद कुमार मेहता, महेंद्र प्रसाद मेहता, विकास कुमार साव, जगदीश मेहता, राजेश कुमार सिंह, सीताराम मेहता, बाबूनी पांडेय, राकेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, पंकज कुमार सिन्हा, संसार शर्मा, अजय कुमार गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, शेरू मेहता, संजय साव, अभिषेक कुमार, टिंकू कुमार, किनम भुइयां, चंदन कुमार, धर्मेंद्र साहू, पंकज कुमार, मनोज कुमार साहू, शंभू विश्वकर्मा, आदित्य श्रीवास्तव, बबलू गुप्ता, कमलेश पंडित, राहुल कुमार केसरी, टेकनारायण मेहता, अभिषेक कुमार रजक, उमेश रजक, आनंद कुमार विश्वकर्मा, राजू कुमार, राहुल कुमार, सूरज कुमार,अमित पांडेय, रामा लायक, कृष्णा लायक, सीताराम मेहता समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय श्रीश्री 1008 हनुमंत महायज्ञ का हुआ शुभारंभ



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बासल क्षेत्र के पलानी गांव के करमटोला में श्रीश्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का रविवार को पंचबहीनी मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी शामिल हुए। कलश यात्रा पंचबहीनी मंदिर प्रांगण से निकलकर विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए लबगा डैम पहुंचा। यहां पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंचोच्चारण के बीच कलशे में जल भरवाया गया। इसके बाद पुन: कलश यात्रा यज्ञस्थल पर पहुंची। जहां कलशों की स्थापना सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान पुरोहित ने संपन्न कराया। मौके पर रोशनलाल चैधरी ने कहा की यज्ञ से क्षेत्र में साकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही क्षेत्र सुख-समृद्धि व हरियाली-खुशहाली आगमन भी होता कलश यात्रा में आजसू के केंद्रीय सचिव विजय साहु, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम,, भैरव सिंह, किशोर महतो सहित दर्जनों श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल थें।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। दस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, जयप्रकाश पांडेय, प्रो. रामानुज सिंह, उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी व लड्डू का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने कहा बताया कि सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में लखन राम, राकेश शर्मा, लालू राम, सुकरा करमाली, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

# सांप्रदायिक उपद्रव

धर्मनिरपेक्ष देश होने के कारण हमारे संविधान में सब धर्मों को एक समान दर्जा दिया गया है, परंतु विडंबना ही है कि यहां धार्मिक आयोजनों में सांप्रदायिक उपद्रवों के कारण दुखद घटनाएं होती रहती हैं। इस वर्ष भी 30 मार्च को श्री रामनवमी की शोभायात्राओं के दौरान देश के अनेक राज्यों में शुरू हुआ बवाल तीसरे दिन भी जारी था और इस दौरान गुजरात के वड़ोदरा, साबरकांठा, आणंद और द्वारका आदि में भारी उपद्रव हुआ जिसमें एक व्यक्ति की जान भी चली गयी। दिल्ली (जहांगीरपुरी) में दो समुदायों में झड़प के अलावा जे.एन.यू. में पूजा को लेकर दो गुटों की लड़ाई में अनेक छात्र घायल हो गयो। पश्चिम बंगाल के हावड़ा और बांकुड़ा में आगजनी के अलावा मकानों की छतों से शोभायात्रा में शामिल लोगों तथा पुलिस पर पथराव किया गया। बांकुड़ा में केंद्रीय राज्यमंत्री सुभाष सरकार की कार पर पथराव किया गया। तेलंगाना के हैदराबाद में शोभायात्रा के दौरान महात्मा गांधी के हत्यारे नाथू राम गोडसे की तस्वीर लहरायी गयी। महाराष्ट्र के सम्भाजी नगर में शोभायात्रा पर पथराव व पैट्रोल से भरी बोतलें फैंकी गईं व मुम्बई के मानखुर्द में 30 के लगभग गाड़ियों को क्षति पहुंचायी गयी। झारखंड के धनबाद व चिरकुंडा के अलावा लोहारदगा जिले, साहिबगंज तथा पूर्वी सिंहभूम में शोभायात्राओं में शामिल लोगों पर धारदार हथियारों से हमले में कई लोग घायल हो गये। बिहार के सासाराम, नालंदा, गया, भागलपुर तथा बिहारशरीफ में बम और गोलियां चलीं तथा भीड़ ने दुकानों और वाहनों में आग लगा दी। नालंदा में गोलीबारी में एक व्यक्ति मारा गया तथा दो अन्य घायल हो गये। मध्य प्रदेश के खरगौन में चार मकान जला दिये गये, कर्नाटक के कोलार में शोभायात्रा पर पथराव और चाकूबाजी की घटनाएं हुईं, जहां आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी में ड्कूषहसक झड़पों में दर्जनों लोग घायल हो गए, वहीं एक मंदिर में आग लगाने की घटना भी हुई। लखनऊ में छात्रों के 2 गुटों के बीच जमकर संघर्ष हुआ। इस सारे घटनाक्रम बारे लोग अपने-अपने हिसाब से टिप्पणी कर रहे हैं। राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा अपने वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिशों के चलते यह सब हो रहा है। ये घटनाएं क्यों हो रही हैं, इनका वास्तविक कारण तो विधिवत जांच के बाद ही पता चलेगा, परंतु इसे किसी भी दृष्टि से हमारे जैसे धर्मनिरपेक्ष और सर्वधर्म समभाव रखने वाले देश के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। देश के चंद राज्यों में श्री रामनवमी के अवसर पर निकाली जाने वाली शोभायात्राओं में इस प्रकार का असुखद घटनाक्रम होता आ रहा है। अतः यदि सभी दलों के नेताओं को आमंत्रित करके शोभायात्राओं के आयोजक उन्हें अपने साथ जोड़ लें तो ऐसी घटनाएं होंगी ही नहीं।

**ये घटनाएं क्यों हो रही हैं, इनका वास्तविक कारण तो विधिवत जांच के बाद ही पता चलेगा, परंतु इसे किसी भी दृष्टि से हमारे जैसे धर्मनिरपेक्ष और सर्वधर्म समभाव रखने वाले देश के लिए उचित नहीं कहा जा सकता।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अंदेशा जताया गया है कि साल 2050 में दुनिया की 2.40 अरब शहरी आबादी जल संकट से जूझ सकती है। इससे सबसे ज्यादा भारत के प्रभावित होने की आशंका है। तय है कि कोई देश कितना खुशहाल है, लोग कितने खुश हैं, यह काफी हद तक इस बात पर भी निर्भर करता है कि उनके पास कितना पानी है। जिन देशों में लोगों की जरूरतों के लिए पर्याप्त पानी नहीं होता, या वे उपलब्ध जल का सदुपयोग नहीं कर पाते, वे देर- सवेर पिछड़ जाते हैं।**

# पानी की बचत करने से भी आती है खुशहाली

अमिताभ

संयुक्त राष्ट्र की हालिया रिपोर्ट से जाहिर हुआ है कि दुनिया की 26 प्रतिशत आबादी यानी दो अरब लोगों के पास अब भी पीने का साफ पानी नहीं है। रिपोर्ट का मानना है कि ग्लोबल वार्मिंग की समस्या और विकराल होने वाली है। इससे पानी का संकट उन इलाकों में भी बढ़ेगा, जहां फिलहाल पानी की किल्लत नहीं है।

अंदेशा जताया गया है कि साल 2050 में दुनिया की 2.40 अरब शहरी आबादी जल संकट से जूझ सकती है। इससे सबसे ज्यादा भारत के प्रभावित होने की आशंका है। तय है कि कोई देश कितना खुशहाल है, लोग कितने खुश हैं, यह काफी हद तक इस बात पर भी निर्भर करता है कि उनके पास कितना पानी है। जिन देशों में लोगों की जरूरतों के लिए पर्याप्त पानी नहीं होता, या वे उपलब्ध जल का सदुपयोग नहीं कर पाते, वे देर-सवेर पिछड़ जाते हैं। लोगों को पीने के लिए और साफ- सफाई के लिए पानी चाहिए। कृषि और उद्योग धंधे पानी के बिना नहीं चल सकते। किसी भी राष्ट्र के जनजीवन और जीवन-स्तर का आधार पानी भी है।

**पानी की एक-एक बूंद तभी बचेगी, जब पानी को सावधानी से इस्तेमाल करेंगे।**

विशेषज्ञों का कहना है कि अच्छे, आधुनिक रहन-सहन के लिए प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 1000 क्यूबिक मीटर पानी की आवश्यकता है। तभी लोग स्वस्थ रहेंगे, खेत-खलिहान भरे रहेंगे और कल-कारखाने चलते रहेंगे। कई देशों में इस समय मौजूदा आबादी के लिए इतना पानी तो है, लेकिन बढ़ती जनसंख्या के कारण प्रति व्यक्ति पानी कम होता जा रहा है। अगले तीसेक बरसों में इन देशों को जल-संकट का सामना करना पड़ सकता है। इन देशों में भारत, मिस्त्र, ईरान और पेरू भी शामिल हैं।



**अफ्रीका के कुछ देश कई साल से भुखमरी के शिकार हैं। इसकी एक बड़ी वजह है पानी। भारत के अधिकांश भागों में पर्याप्त पानी तो है, लेकिन दोषपूर्ण वितरण और त्रुटिपूर्ण प्रबंधन के कारण करोड़ों लोगों को पर्याप्त जल नहीं मिल पाता। एक अनुमान के अनुसार देश के डेढ़ लाख गांवों में पानी उपलब्ध नहीं है।**

अफ्रीका के कुछ देश कई साल से भुखमरी के शिकार हैं। इसकी एक बड़ी वजह है पानी। भारत के अधिकांश भागों में पर्याप्त पानी तो है, लेकिन दोषपूर्ण वितरण और त्रुटिपूर्ण प्रबंधन के कारण करोड़ों लोगों को पर्याप्त जल नहीं मिल पाता। एक अनुमान के अनुसार देश के डेढ़ लाख गांवों में पानी उपलब्ध नहीं है। भारत की तरह चीन के कई हिस्सों में भी पानी की कमी है। इन के अलावा अन्य कई देश भी पानी के लिए इंद्र देवता पर निर्भर हैं। पर्याप्त वर्षा न होने से जनजीवन और अर्थ-व्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

गर्मियां शुरू हो गयी हैं। नल सूख रहे हैं। हर नागरिक को पर्याप्त पानी मिलना चाहिए। पानी की हर बूंद कीमती है। पानी की एक- एक बूंद तभी बचेगी, जब पानी को सावधानी से इस्तेमाल करेंगे। हम सब इसमें सहयोग कर सकते हैं। बचत कैसे हो सकती है? कुछ मामूली बातों पर गौर और अमल करने से मुमकिन है। दांत साफ करने में पानी का ज्यादा इस्तेमाल होता है। इस दौरान अगर नल को 5 मिनट भी खुला रखें, तो करीब 40 लीटर पानी यूं ही बह जाता है। मग में पानी भर कर ब्रश करने से केवल एक-आध लीटर पानी खर्च होता है। यानी ऐसे पूरे साढ़े 39 लीटर पानी की बचत होती है।

आमतौर पर हाथ धोने के लिए नल एक-डेढ़ मिनट खुलता है। इस बीच 10-12 लीटर पानी बह जाता है। यहां भी मग का प्रयोग किया जा सकता है। जरा-सी सावधानी से 9-10 लीटर पानी की बचत हो सकती है। हालांकि पुरुषों में हल्की दाढ़ी का फैशन है। लेकिन फिर भी, ज्यादातर पुरुष प्रायः रोजाना शेव बनाते हैं। शेव करते समय नल खुला न रखें। मग भर कर शेव करने की आदत डालें। इस तरह पानी की काफी बचत हो सकती है।

गर्मियों में बाथरूम में फव्वारे तले नहाने का मजा ही निराला है। लेकिन जरा रुकिये। शरीर पर साबुन लगाते वक्त फव्वारे को लगातार चलाये रखने से पानी बेकार जाता है। फव्वारे तले नहाने से 90 लीटर पानी बह जाता है। अगर पहले एक बार नहाने के बाद फव्वारा बंद कर दिया जाये, और साबुन लगाने के बाद पुनः खोला जाये, तो पानी बच सकता है। इस प्रकार, फव्वारे तले नहाने का लुत्फ भी उठाया जा सकता है, और सूझबूझ से बरतने से केवल 20 लीटर पानी इस्तेमाल होता है। करीब 70 लीटर पानी बचत मामूली नहीं है। फव्वारे की बजाय बाल्टी भर कर नहाना फायदेमंद रहता है। और हां, खुले पानी की बजाय बाल्टी द्वारा ही कार, स्कूटर आदि की धुलाई करना फायदेमंद रहता है। इसी प्रकार, कपड़े धोएं तो नल के नीचे न धोएं। बाल्टी में डाल कर धोने से पानी की बचत होगी।

पालक, मेथी जैसी सब्जियों को धोते वक्त न केवल समय लगता है, बल्कि पूरी तरह मिट्टी एवं धूल निकालने के लिए काफी खुला पानी चाहिए। यदि काटने से पहले इनकी साबुत गड्डी को पानी से धो लिया जाए, तो न केवल पानी की बचत होगी, बल्कि सब्जी आसानी से साफ भी हो जायेगी। और तो और, घर या बाहर, जहां कहीं भी बिना वजह नल बहता देखें, तो उसे फौरन बंद कर दें। घर के बाहर जाते वक्त या रात को सोने से पहले चैक कर लें कि सभी नल बंद हैं।

## जमशेदपुर और देश-विदेश की खबरें

# गौड़ सेवा संघ की गम्हरिया इकाई का गठन, अध्यक्ष बने दिलीप गौड़



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** गौड़ सेवा संघ की केंद्रीय इकाई का सम्मेलन आसंगी गांव में केंद्रीय अध्यक्ष चतुर्भुज बारीक के नेतृत में आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित सम्मेलन में संघ के सदस्य शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान गम्हरिया इकाई का गठन किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक जिला अध्यक्ष अशोक गौड़ और सचिव मुरली प्रधान उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान सभी के सहमति से गम्हरिया इकाई का गठन किया गया। इस अवसर पर दिलीप गौड़ को अध्यक्ष पद का पादभर सौपा गया। वही सचिव निताई प्रधान, कोषाध्यक्ष सुजीत प्रधान, उपाध्यक्ष चिन्तामणि प्रधान और परमानंद प्रधान, सह सचिव पृष्टि प्रधान और निताई प्रधान को चुना गया। मौके पर चतुर्भुज प्रधान ने कहा समाज को आगे बढ़ने के लिए शिक्षित और संगठित होना आवश्यक है। केंद्रीय महासचिव पिटोवास प्रधान ने कहा सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए संघ का युवा, महिला, बुद्धिजीवी और उच्च पदाधिकारियों की इकाई गठित कर समाज के हरेक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। इस अवसर पर हरे कृष्णा प्रधान, मेबु प्रधान, काशीनाथ प्रधान, सूरज गौड़, सुशील प्रधान, मनोज गौड़, पवित्र महाकुड़, घनश्याम महाकुड़ सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# नगर-निगम ने क्षेत्र की मूलभूत समस्या को लेकर की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर-निगम छेत्र के वार्ड नंबर 13.14 मंटु मैदान स्थित हेमंत कुम्हार के आवास में सालडीह बस्ती एंव माझी टोला बोर्डर ऐरिया के मूलभूत समस्या को लेकर कर बैठक की गई। रविवार को बैठक की अध्यक्षता आदित्यपुर नगर-निगम के पर्व मेयर प्रत्याशी सह युवा नेता विशेष कुमार उर्फ बाबु तांती के द्वारा किया गया। बैठक में वार्ड नंबर 13.14 के स्थानीय वार्ड पार्षद को जल्द से जल्द आदित्यपुर नगर-निगम के महापौर एंव अपर नगर आयुक्त से संपर्क कर बोर्डर ऐरिया के रोड एंव नाली की मगमती को लेकर चर्चा की गई। ताकि जल्द से जल्द स्थानीय वार्ड पार्षद को काम कराने व ऐनोसी देने की मांग की जा सके। बेठक में युवा नेता विशेष कुमार ऊफ बाबु तांती,हेमंत कुम्हार, विनोती देवी, माला देवी,बबीता देवी, दुलारी महतो,शांती महतो, लछमी गोराई,जेमा मुंडा,टुसु रानी महतो, सरसती महतो,कामनी देवी, संध्या देवी, अपूणा देवी,सोलमी मुर्मू, शिवानी महतो,प्रकाश पूर्ती, संजीव महतो शामिल रहे।

थरूर बोले: भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा घबरायी

# 2024 चुनाव में बहुमत हासिल नहीं कर पायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** थरूर ने कहा- भाजपा को एहसास हो गया है कि राहुल उनके लिए गंभीर खतरा हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को हराने के लिए विपक्षी दलों के एकजुट होने के कयास लगाए जा रहे हैं। इस्री बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि अगर वह पार्टी नेतृत्व में शामिल होते तो छोटे दलों को आगे लाते, ताकि इखढ को हराया जा सके। बात करते हुए थरूर ने कहा कि लोकसभा से राहुल को अयोग्य घोषित किये जाने के बाद विपक्षी एकता की लहर आयी है। यह लहर चौंकाने वाली है। विपक्षी दलों को समझ आने लगा है कि एकता मजबूत बनाती है और फूट हमें कमजोर करती है।

### विपक्षी दल साथ आये तो भाजपा को बहुमत नहीं

थरूर ने कहा कि 2024 में अगर अधिकांश विपक्षी दल एक साथ आ जाते हैं और एक-दूसरे के वोटों को आपस में नहीं बांटते तो भाजपा के लिए बुरी खबर हो सकती है। इस फॉर्मूले से बीजेपी को 2024 के चुनावों में बहुमत हासिल करना कठिन होगा। बीजेपी ने 2019 के चुनावों में केवल 37 प्रतिशत वोटों के साथ, लेकिन लोकसभा की 60 प्रतिशत से अधिक सीटों के साथ जीत हासिल की। बाकी वोट 35 विजयी दलों को गये।

### बीजेपी के लिए राहुल खतरा

शशि थरूर ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि इखढ इस यात्रा से घबरा गई है। सालों तक बीजेपी ने राहुल गांधी का मजाक उड़ाने की कोशिश की, लेकिन अब उन्हें एहसास हुआ कि वह उनके लिए एक गंभीर खतरा हैं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस वह आधार होगी, जिसके इर्द-गिर्द 2024 में भाजपा का मुकाबला करने के लिए विपक्षी गठबंधन बनाया जा सकता है। इस पर थरूर ने कहा कि निष्पक्ष रूप से हम राष्ट्रीय पदचिह्न वाली एकमात्र विपक्षी पार्टी हैं। लगभग 200 सीटें हैं, जहां चुनाव होंगे। कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है।

पेगासस जैसा नया स्पाइवेयर खरीदने की तैयारी में केंद्र सरकार

# 986 करोड़ रुपये का बजट, ग्रीस-इजराइल की फर्म लगा सकती हैं बोली




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार पेगासस जैसा नया स्पाईवेयर तलाश रही है। पेगासस को अमेरिकी सरकार ब्लैकलिस्ट कर चुकी है और भारत में भी यह स्पाइवेयर विवादों में रह चुका है, ऐसे में सरकार पेगासस की प्रतिद्वंद्वी सॉफ्टवेयर कंपनियों से डील के बारे में बात कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रीस-इजराइल समेत दुनिया की 12 सर्विलांस कंपनियां भारत सरकार के सामने बोली लगा सकती हैं। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के डिफेंस और इंटेलिजेंस अधिकारी पेगासस बनाने वाली कंपनी एनएसओ का कोई ऐसा कॉम्पिटिटर खोज रहे हैं जो इतना चर्चा में न रहा हो। माना जा रहा है कि सरकार नए स्पाईवेयर के कॉन्ट्रैक्ट के लिए 12 करोड़ डॉलर (986 करोड़ रुपये) तक खर्च करने को तैयार है। इसके लिए करीब 12 कंपनियां बोली लगा सकती हैं।

### इन देशों की स्पाइवेयर फर्म भी लगा सकती हैं बोली

इन दोनों कंपनियों के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इटली, फ्रांस, बेलारूस और साइप्रस की स्पाईवेयर फर्म भी इसमें बोली लगा सकती हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पास ऐसे ही स्पाइवेयर हैं, जिन्हें प्राइवेट मिलिट्री कॉन्ट्रैक्टर्स ने नहीं बल्कि देश की ही इंटेलिजेंस एजेंसी ने डेवलप किया है।

### भारत को इजराइली कंपनियों के स्पाइवेयर में ज्यादा इंटरेस्ट

यह भी जानकारी सामने आयी है कि भारतीय अधिकारी कई स्पाइवेयर में इंटरेस्ट दिखा रहे हैं, जिनमें से अधिकतर को इजराइली कंपनियों ने बनाया है। इजराइल में सबसे एडवांस स्पाइवेयर कंपनियां मौजूद हैं, जो यहां की मिलिट्री के साथ मिलकर स्पाइवेयर बनाती हैं। स्पाईवेयर के ऑप्शन में क्वॉड्रीम और कॉग्नाइट शामिल हैं। क्वॉड्रीम को लेकर इजराइली अधिकारियों का कहना है कि वॉशिंगटन पोस्ट के जर्नलिस्ट जमाल खशोगी की मौत के बाद इस स्पाइवेयर को सऊदी असर में बेचे जाने का अप्रूवल मिला था। कॉग्नाइट को लेकर मेटा की इंवेस्टिगेशन में बड़े स्तर पर स्पाईवेयर के दुरुपयोग की बात सामने आने पर नॉर्वे के सॉवरीन वेल्थ फंड ने इसका स्टॉक हटा दिया था और अमेरिका की वेरिंट कंपनी ने इसे अपने स्टॉक से अलग कर दिया था।

### ग्रीस के स्पाइवेयर प्रेडेटर का नाम जासूसी कांड में आ चुका

इस मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि भारतीय अधिकारी ग्रीस की कंपनी इंटेलेक्सा का स्पाईवेयर खरीदने के बारे में सोच रहे हैं। इस कंपनी ने इजराइली मिलिट्री के पूर्व अधिकारियों की मदद लेकर प्रेडेटर नाम का स्पाईवेयर तैयार किया है। इस स्पाइवेयर का पहले से ही एक जासूसी कांड में नाम आ रहा है, जिसमें ग्रीस के स्पाई चीफ और प्रधानमंत्री भी फंसे हुए हैं। सिजिटन लैब और फेसबुक के मुताबिक, प्रेडेटर कई ऐसे देशों में ऑपरेशनल है जहां मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। इन देशों में मिस्त्र, सऊदी अरब, मेडागास्कर और ओमान शामिल हैं।

# सोआ एसएचसीएम में 'पखाल उत्सव' हुआ शुरू

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओडिशा के पारंपरिक भोजन 'पाखल' का प्रचार और प्रसार के लिए एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा संचालित स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसएचएम) में उत्कल दिवस पर 'पखाल उत्सव' शुरू किया गया है। सोआ के उपाध्यक्ष शास्वती दास ने इस उत्सव का शुभारंभ किया है जो 5 दिनों तक चलेगा। एसएचएम के छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य पखाल को हर उड़िया के घर तक पहुंचाना है। दास ने उत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह एक अभिनव प्रयास है। उन्होंने कहा कि पखाल को विश्व दरबार में उड़िया लोगों की एक अलग पहचान बनाई है और इससे उड़ियाओं की पहचान मजबूत हो रही है। हर उड़िया की पसंदीदा खाद्य पखाल है। इसलिए ओड़िशा के खाने के स्वाद को ध्यान में रखते हुए पखाल और अन्य आमिश और निरामिश व्यंजनों की व्यवस्था निश्चित रूप से स्वागत योग्य है। श्रीमती दास ने उत्कल दिवस के अवसर पर उत्सव आयोजित करने के लिए एसएचएम के सभी कार्यकर्ताओं के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। डाइनिंग हॉल में तीन विषयों को लेकर आयोजित किया गया है, इन तीन डाइनिंग कक्षों को अर्कक्षेत्र, नलबन और पिपिली मठसाही के नाम दिया गया है। जबकि कृत्रिम तालाबों, कुओं, विभिन्न प्रकार की सब्जी की खेती और ग्राम देवी की मूर्ति पूजा जैसे छात्रों के प्रयासों से ग्रामीण परिवेश का निर्माण किया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### केतार बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर मुखिया ने की बैठक



**केतार (आजाद सिपाही)।** राजकीय मध्य विद्यालय केतार के प्रांगण में रविवार को स्थानीय लोगों एवं व्यवसायी वर्ग के लोगों के साथ मुखिया प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में आम बैठक की गई। इस बैठक में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के समीप लगे जलजमाव एवं केतार बाजार में अतिक्रमण को लेकर लोगों ने अपनी अपनी राय दी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कर्पूरी गेट से मुख्य बाजार होते हुए मां चतुर्भुजी मंदिर तक सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण को मुक्त कराया जाएगा। झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के समीप लगे जल जमाव को मोटर से पानी निकासी करायी जाएगी। कर्पूरी गेट से राजकीय मध्य विद्यालय तक एवं धीरज प्रसाद के घर से राजकीय मध्य विद्यालय होते हुए पण्डा नदी तक सड़क के दोनों तरफ नाला का निर्माण कराया जाये। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि सड़क के दोनों तरफ पानी निकासी के लिए नाला का निर्माण के बाद ही पीसीसी सड़क का निर्माण होने दी जाएगी। मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने बताया कि अंचलाधिकारी मुकेश मछुआ से मिलकर जल्द ही केतार बाजार के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाने की प्रकिया शुरू होगी, ताकि आम ग्रामीणों को राहत मिल सके। बैठक में रामविचार साहू, रामाश्रय प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, छोटे शर्मा, सुरेश कुमार, मदन पटेल, दया प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद, अनिल प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, अवध प्रसाद, निरंजन प्रसाद, विनोद सोनी, उदय कुमार, जय शंकर कुमार, सत्यप्रकाश, ज्वाला कमलापुरी, सूर्यदेव प्रसाद, जगवत राम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### अंतरराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट मैच के आयोजन को लेकर युवा शक्ति क्लब के सदस्यों ने की बैठक



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** युवा शक्ति क्लब के तत्वावधान में स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आगामी सात अप्रैल 2023 से होने वाली अन्तरराज्यीय कॉस्को नाईट क्रिकेट मैच के सफल आयोजन को लेकर रविवार को विद्यालय प्रांगण में क्लब सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक वर्मा ने कहा कि नाईट क्रिकेट टूनामेंट को लेकर ग्राउंड लेबलिंग तथा मैदान में पर्याप्त रोशनी के लिए ग्राउंड के चारों तरफ बिजली का टॉवर पोल लगाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। कहा कि इस मैदान में पहली बार होने वाली नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घघाटन सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर करेंगे। साथ ही विशिष्ठ अतिथि के तौर पर भवनाथपुर विस क्षेत्र के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव मौजूद रहेंगे। बैठक में आयोजन समिति के उपाध्यक्ष आनंद यादव, सुधीर यादव, सचिव पिंटू टोपो, कोषाध्यक्ष अनूप गुप्ता, खेल प्रभारी सिद्धार्थ सिंह, तेजस्वी यादव सदस्य पंकज यादव, श्रीकांत चंद्रवंशी, अमित, धनंजय, उदित पासवान आदि उपस्थित थे।

### एयरटेल टॉवर पर चढ़कर एक व्यक्ति ने की आत्महत्या

**खरौंधी (आजाद सिपाही)।** खरौंधी थाना क्षेत्र के अमरोरा गांव में लगे एयरटेल के टॉवर पर सबसे ऊपरी हिस्से में चढ़कर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मृतक शंकर राम (26) पिता गगन बिहारी राम कोण, सोनभद्र का रहने वाला था। उसका अमरोरा में गया राम के घर ससुराल था। मृतक के ससुर गया राम ने बताया कि वह शनिवार को ससुराल आया था, रात को घर में भोजन कर सोया था। सुबह उठकर गांव में घूमने चला गया। लगभग सुबह 8 बजे घूमकर आया तो अपने घर जाने की बात कहने लगा, तो घर वाले ने खाना-पीना खाकर जाने की बात कही। परंतु कुछ देर बाद पता चला कि वह बगल में लगे मोबाइल टावर पर चढ़ रहा है आसपास के लोग वहां दौड़कर पहुंचे तबतक वह टॉवर के सबसे ऊंचे स्थान पर पहुंच चुका था, जहां वह अपने मफलर से गर्दन बांधकर बाहर झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर थाना प्रभारी अभय कुमार ने मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से मृतक की लाश को मोबाइल टॉवर लगभग 120 फिट की ऊंचाई से नीचे उतरवाकर पंचनामा तैयार कर पोस्मार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। मृतक के घरवाले भी सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंच गए थे। मृतक के पिता गगन बिहारी राम ने बताया कि मेरी बहु देवी होली में पति से झगड़ा कर अपने मायका आयी थी। शनिवार को मेरा पुत्र उसे लेने ससुराल आया था। वह बिदाई करने की बात कर रहा था लेकिन ससुराल वालों द्वारा विदाई न कर उसके साथ मारपीट की गयी थी। जिससे नाराज होकर वह मोबाइल टावर पर चढ़ गया और अपनी जान दे दी। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है। आवेदन प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसआई सोनू कुमार, सीआई मोजिब खान, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपमुखिया प्रतीक कुमार द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, सुनील कुमार दुबे, अंजनी कुमार द्विवेदी, सुमन दिवेदी, संजीत कुमार द्विवेदी, अरविंद कुमार गुप्ता, अरुण पासवान, राकेश उरांव, पंकज दुबे, मनोज दुबे, जाकिर हुसैन, नंदू राम, चंदन राम उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : नये सत्र 2023-24 के लिए की गयी नये पदाधिकारियों की घोषणा**

# लायंस क्लब गढ़वा सिटी के अध्यक्ष बने ला. सुशील केशरी

**नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन एवं सह चेयरमैन ने चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात की पदाधिकारियों की सूची जारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** लायंसटिक ईयर 2023-24 के लिये नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन ला. दया शंकर गुप्ता एवं सह चेयरमैन नोमिनेशन कमेटी ला. विजय कुमार के द्वारा चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण किये जाने के पश्चात लायंस क्लब गढ़वा सिटी के नये पदाधिकारियों की घोषणा की गयी, जिनका सर्वसम्मति से समर्थन किया गया।

सत्र 2023-24 के लिए पदाधिकारियों की सूची जारी की गयी है जिसमें अध्यक्ष ला. सुशील कुमार केशरी, वाईस प्रेसिडेंट प्रथम- ला. उमा शंकर श्रीवास्तव, वाईस प्रेसिडेंट द्वितीय-ला. डा. अशोक कुमार, वाईस प्रेसिडेंट तृतीय- ला. राम नारायण प्रसाद, सचिव- ला. संजय कुमार, उप सचिव- ला. अजय कुमार, कोषाध्यक्ष- ला. सुनील कुमार, उप कोषाध्यक्ष- ला. शिव कुमार गुप्ता, मेम्बरशिप चैरपेरशन- ला. अजय कुमार गुप्ता, क्लब ऐडमिनिस्टेटर- ला. संजय कुमार सोनी, पीआरओ- ला. संतोष कुमार कश्यप, लीडरशिप चेयरपरशन- ला० किरण गुप्ता, एलसीआईएफ को-ऑर्डिनेटर - ला. राजमणि प्रसाद, क्लब एक्स्टेंशन ऑफिसर - ला. दया शंकर गुप्ता, क्लब सर्विस चैरपेरशन- ला. लखन प्रसाद कश्यप, लायन टेमर-ला. दीपक कुमार केशरी, टेल ट्विस्टर - ला. सुरेंद्र विश्वकर्मा शामिल हैं। उक्त जानकारी ला. राजमणि प्रसाद ने रविवार को दी।

## 72 दिनों के पश्चात सऊदी अरब में मृत मजदूर का शव पैतृक गांव लाया गया

**दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव ने ट्विटर के माध्यम से एवं मृतक के भाई ने मुख्यमंत्री से लगायी थी शव लाने की गुहार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** 72 दिनों के पश्चात सऊदी अरब में मृत मजदूर का शव शनिवार की देर रात्रि पैतृक घर भिलमा लाया गया। थाना क्षेत्र के बलियारी पंचायत अंतर्गत भिलमा गांव निवासी सुरेश मेहता की मृत्यु 22 जनवरी 2023 को हो गई थी। सुरेश सऊदी अरब में मजदूरी का काम करने गए हुए थे। मृत्यु के पश्चात कंपनी के द्वारा परिजनों को मेल कर सूचना दी गयी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेश मेहता की मृत्यु हृदयाघात से हुई थी। मृत्यु की सूचना मिलने के बाद युवा समाजसेवी दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर के द्वारा ट्विटर व अन्य माध्यमों से मृतक के शव को वतन लाने की गुहार लगायी गयी, जिसका जवाब ट्विटर के ही माध्यम से कई देशों के प्रतिनिधि ने शव को भेजने में मदद करने का भरोसा दिलाया था। उधर मृतक का भाई रामप्रवेश मेहता ने भी मुख्यमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सचिव सहित श्रम विभाग को पूरा वाकया बताकर मदद की गुहार लगायी थी। तत्पश्चात श्रम विभाग के हवाले से सऊदी अरब की सरकार व सुरेश के नियोक्ता कंपनी से बात कर शव को सऊदी अरब से मुंबई से पटना हवाई जहाज के माध्यम से लाया गया। उसके पश्चात झारखंड सरकार के एम्बुलेंस से पैतृक घर भिलमा शनिवार की देर रात्रि में लाया गया। ताबूत में बंद शव देखते ही घर में पत्नी, बच्चों सहित परिवार के अन्य सदस्यों की चीत्कारों से वातावरण गमगीन हो गया। वहीं रविवार की सुबह घर पर गांव के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं प्रमुख सतेंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, युवा समाज सेवी शशांक शेखर, जिला परिषद सदस्य उत्तरी प्रतिनिधि दिनेश कुमार, भाजपा नेता विनोद प्रसाद सहित जनप्रतिनिधियों सहित समाज के हर वर्ग के लोगों ने मृतक के परिजनों को ढाढस बंधाया। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित एक पुत्री व दो पुत्र छोड़ गया। मृतक का अंतिम संस्कार डूमरसोता गांव में सोन नद में किया गया।

### प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। उसके विरूद्ध मेराल थाना में उत्पाद अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत 4 मार्च को प्राथमिकी दर्ज किया गया था। पुलिस ने प्राथमिकि अभियुक्त राजेश चौधरी 21 वर्ष पिता अयोध्या चौधरी को उसके घर सोहबरिया से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया।

### बोलेरो की टक्कर से तीन बाइक सवार घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के झगराखाड़ गांव के डीहवार बाबा के समीप बोलेरो और मोटरसाइकिल के आमने-सामने के टक्कर में मोटरसाइकिल सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलावस्था में भाजपा नेता निरंजन पाठक, जेपी गुप्ता, विष्णुकांत कुमार ने स्थानीय लोगों की सहायता से भवनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां समाचार लिखे जाने तक तीनो घायलों का डॉ. इन्द्रकिशोर के द्वारा इलाज किया जा रहा था। घायलों में सगमा निवासी मनोज पासवान, उसकी 12 वर्षीय पुत्री राजनंदनी कुमारी एवं 6 वर्षीय आंशिक कुमारी शामिल हैं। घटना के संबंध में स्थानीय लोगो ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार भवनाथपुर से अपने ससुराल बंसानी पंचायत के मुखिया लाइची देवी के घर जा रहे थे तभी डीहवार बाबा के समीप बोलेरो गाड़ी सं. सीजी 09 0438 ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। वहीं गाड़ी को भवनाथपुर थाना प्रभारी ने जब्त कर लिया।

## भवनाथपुर के युवक की यूपी में दुर्घटना से मौत

**शव पैतृक आवास बेलपहाड़ी पहुंचते ही पूरा गांव का माहौल हो गया गमगीन**

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर । प्रखंड क्षेत्र का एक और युवक पलायन का शिकार हुआ। मृतक के परिजनों के करुण चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। प्रखंड क्षेत्र के बेलपहाडी निवासी 25 वर्षीय इस्ताक अंसारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। खबर के अनुसार जाफिर अंसारी का पुत्र उत्तर प्रदेश के अनपरा में ओढ़ी मोड़ के समीप गैरेज में काम करता था। कार्य के दौरान एक हाइवा द्वारा कुचले जाने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। आनन फानन में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया किन्तु वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। शव का अंत्यपरीक्षण किये जाने के बाद मृतक का शव शुक्रवार की देर रात मृतक के पैतृक आवास बेलपहाड़ी पहुंचा। शव आते ही पूरा गांव गमगीन हो गया। वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बता दें कि भवनाथपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से आये दिन रोजगार की तलाश में पलायित युवकों के मरने की खबर मिलती रहती है किंतु जनप्रतिनिधियों या सरकारी अमलों द्वारा कोई ठोस रणनीति नहीं बनायी जाती है।

## रौनियार वैश्य महासभा का जिला महासम्मेलन आज



**रौनियार वैश्य जिला कमेटी के सदस्यों ने प्रखंड के कई गांवों में घूमकर दिया सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** गोदरमाना विद्यालय में तीन अप्रैल को होने वाले रौनियार वैश्य जिला महासम्मेलन को लेकर जिला कमेटी ने प्रखंड के कई गांव में घूमकर निमंत्रण दिया। जिसमें रमना बाजार के अलावे हरादग कला, चुंदी सहित अन्य गांवों में भ्रमण कर जिला सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद गुप्ता ने कहा कि रौनियार वैश्य परिवार प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिला सम्मेलन झारखंड एवं छत्तीसगढ़ के बॉर्डर स्थित गोदरमाना में तीन अप्रैल को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाज को एकजुट करना, नशा मुक्त, शिक्षा पर अपने बच्चे को जोर देना तथा बढ़ते दहेज पर लगाम लगाने सहित अन्य बातों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कहा कि इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सरवन प्रसाद गुप्ता, प्रदेश महासचिव विनोद बिहारी गुप्ता, प्रमंडलीय महिला अध्यक्ष लवली गुप्ता, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद गुप्ता, लातेहार जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, पलामू जिला अध्यक्ष संजय प्रसाद गुप्ता सहित छत्तीसगढ़ के कई जिला अध्यक्ष शामिल रहेंगे।

इस अवसर पर मुन्ना प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, दिनेश गुप्ता, बद्री प्रसाद, संजय प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, बबलू गुप्ता, अक्लू साह, संजीत गुप्ता, मंजन प्रसाद, संतोष प्रसाद, कालीचरण प्रसाद, धनंजय प्रसाद, रमेश प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## युवाओं को बूथ स्तर पर जोड़ें कार्यकर्ता : किसलय तिवारी



**भाजपा नगर मंडल गढ़वा के सभी बूथों में बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने की विशेष बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा नगर मंडल गढ़वा के द्वारा शहर के सभी बूथों में बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है। आज उसी के निमित्त बूथ संख्या 134 में बूथ समिति की एक विशेष बैठक नरगिर आश्रम गढ़देवी मुहल्ला में की गयी। बैठक में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ में सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल, नगर मंडल प्रभारी पुष्परंजन, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, युवा मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष रंजीत चौरसिया शामिल थे। बैठक की अध्यक्षता हृषिकेश पांडेय ने की। प्रदेश अध्यक्ष ने महिलाओं, युवाओं एवं नये मतदाताओं को बूथ में जोड़ने का दिशा-निर्देश दिया। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रधानमंत्री के द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी मिल सके। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। पूरी दुनिया में भारत की नयी पहचान बनी है। प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का 100वां एपीसोड को विशेष रूप से सुनने और देखने की योजना गढ़वा शहर में बनायी गयी है। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग प्रधानमंत्री के मन की बात को सुन कर लाभ उठा सकें। कहा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ आयेगी।

बैठक में धर्मनाथ झा, सुधीर सिंह, वेद प्रकाश केसरी, विराट राजा विश्वास, प्रकाश पटवा, भरत केसरी, जयंत केशरी, कृष केशरी, राकेश कुमार ,गुड्डू हरि, आकाश कुमार, सूरज चन्द्रवंशी, चेतन कुमार, आर्यन पांडेय, अभिषेक पांडेय, अरविंद केशरी, प्रभाकर सिंह, शशिकांत कुमार सहित अन्य सैकड़ों भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : झारखंड बनाम बिहार चैता महा दुगोला में रातभर झूमे श्रोता**

# बिहार के व्यास तारकेश्वर सिंह किये गये विजेता घोषित

**मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने आयोजन के लिए युवा शक्ति परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यों का किया उत्साहवर्द्धन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के बलीगढ़ पंचायत अंतर्गत अजनिया मोड़ के पास युवा शक्ति परिषद के द्वारा झारखंड बनाम बिहार के बीच चैता महा दुगोला का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं विशिष्ट अतिथि दीपक साहू, खरौंधी जिला पार्षद धर्मराज पासवान, भवनाथपुर जिला पार्षद रजनी शर्मा, केतार प्रमुख चंद्रावती देवी, बलीगढ़ मुखिया ललिता कुमारी, शिक्षक बबलू सिंह व समाजसेवी पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर चैता महा दुगोला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए अनंत प्रताप देव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करने से हमें विरासत में मिली संस्कृति सुरक्षित रहती है। उन्होंने युवा शक्ति परिषद के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का उत्साहवर्धन किया।

भवनाथपुर जिला पार्षद रजनी शर्मा ने प्रत्येक वर्ष चैता दुगोला का आयोजन करने की बात कही। तत्पश्चात निर्णायक मंडली के द्वारा दोनों कलाकारों के बीच टॉस कराया गया। जिसमें झारखंड की टीम ने टॉस जीतकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

झारखंड की ओर से व्यास आश्रेश अकेला एवं बिहार से व्यास तारकेश्वर सिंह ने पूरी रात दर्शकों को अपनी संगीत से झुमाया। कार्यक्रम रात्रि 10:00 बजे से लेकर सुबह 7:00 बजे तक चला। जिसमें चैता दुगोला का विजेता निर्णायक मंडली के द्वारा बिहार से आए हुए व्यास तारकेश्वर सिंह को घोषित किया गया। थाना प्रभारी संतोष कुमार दल बल के साथ कार्यक्रम में मुस्तैद रहे।

मौके पर युवा शक्ति परिषद के अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, सचिव छोटन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रमेश राम, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील यादव, उप सचिव महेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रवक्ता मनीष कुमार गुप्ता, संगठन सचिव पुरुषोत्तम प्रसाद, सूचना मंत्री अशोक ठाकुर, केतार पंचायत मुखिया प्रमोद कुमार, उपप्रमुख शंभू सिंह, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच सह दवा वितरण शिविर का आयोजन

**तिलदाग पंचायत सचिवालय प्रांगण में जनक विकास धारा ऑगेर्नाइजेशन एवं आरोग्यं हॉस्पिटल गढ़वा ने संयुक्त रूप से लगाया शिविर**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रविवार को गढ़वा प्रखंड के तिलदाग पंचायत सचिवालय के प्रांगण में जनक विकास धारा ऑगेर्नाइजेशन एवं आरोग्यं हॉस्पिटल गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सह दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन पूर्वाह्न 10:30 बजे से किया गया। कार्यक्रम में शुभारंभ मुख्य अतिथि अनीता देवी मुखिया पंचायत तिलदाग एवं विशिष्ट अतिथि मुरली श्याम तिवारी पीएलभी गढ़वा एवं संस्था के सचिव रामा शंकर चौबे, आरोग्यं हॉस्पिटल के डॉक्टर दीपक पांडे एवं होम्योपैथिक के डॉक्टर भरत कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में मरीजों की सभी प्रकार की जांच एवं दवा वितरण किया गया।

शिविर में कुल 176 मरीजों की जांच डॉ प्रतिमा विश्वकर्मा, अंजलि मेडिको, सादिया अशरफी, रवि कांत वर्मा, प्रकाश, शशि रंजन सहित अन्य जांच कर्मियों ने की। जांच में मुख्य रूप से अरूण यादव, नीतीश कुमार, अक्षय कुमार, दीप शिखा कुमारी, पायल कुमारी, विकास कुमार शामिल थे। दवा वितरण में कुणाल गौरव, चंचल कुमार, सोनी कुमारी, अस्मिता, आर्यन शामिल थे। मौके पर राकेश कुमार दुबे, संजय चंद्रवंशी, सुधा देवी पंचायत समिति सदस्य, पीयूष कांत उप मुखिया दिलदार, चंदेल चंद्रवंशी, सुखारी शर्मा, समुद्री देवी, सुनिता देवी, चिंता देवी अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। स्वास्थ्य शिविर के सफल बनाने में विजयमल साहू, प्रियंका कुमारी, अरविंद कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


# सेन्हा में रघुवर दास का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत पलामू प्रमंडल जा रहे सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का रविवार को कुडू बस स्टैंड में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय समस्याओं की ओर रघुवर दास का ध्यान आकृष्ट कराया गया। संगठनात्मक पहलुओं पर भी भाजपा नेताओं ने उनसे रायशुमारी किया। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भाजपा समर्थकों को मार्गदर्शन देकर उनमें जोश व उत्साह का संचार किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के राजू रजक, कृष्णा मोदी, सूरज साहू, अमित कुमार बंटू, राजेश प्रसाद, जगजीत भारती, पंकज भारती, आनंद साहू, तपस्वी यादव, आनंद कुमार यादव, मनीष ठाकुर, राम साहू, शुभम साहू, बलराम राम, सुरेंद्र साहू, इंद्रजीत गुप्ता, अजीत लोहिया, नसीर अंसारी, विनय जयसवाल समेत अन्य मौजूद थे।

## घर से भागी पत्नी, पुलिस को सूचना दी



**सेन्हा-लोहरदगा।** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम निवासी अपिद्र राम के घर में आपसी विवाद के उपरांत पत्नी मनीता देवी 23 मार्च दिन गुरुवार समय लगभग 11:30 बजे बिना बताये गुस्सा में घर से निकल कर चली गयी। अपिद्र राम ने थाना में आवेदन के माध्यम से थाना प्रभारी को उतपन्न हुई घरेलू विवाद एवं घर से निकल कर पत्नी का जाने के मामला से अवगत कराते हुए सनहा दर्ज करने का गुहार लगाया। बताया कि मुझे लगा कि गुस्सा के कारण रिश्तेदार के पास जा रही है। यह सोच कर उसे जाने से नही रोके परंतु समय बीतते ही घर नहीं आने पर अपने तथा अपनी पत्नी के रिश्तेदार में छान बिन करना आरम्भ कर दिया। लेकिन किसी परिवार के बीच नही पहुंचने की बात पर अपिन्द्र राम को पत्नी के लापता होने का संदेह हुआ तो सेन्हा थाना में आवेदन के माध्यम से लापता होने की सूचना थाना प्रभारी को देते हुए सनहा दर्ज कराया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने रविवार को जानकारी देते हुए कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में पति पत्नी के बीच हल्की नोक झोंक हुई थी।

### आदिम जनजाति आवासीय बालिका विद्यालय का मामला

# तीन दर्जन छात्राएं वायरल फीवर से बीमार

**स्वास्थ्य जांच के अलावे उन्हें दवा दी जा रही है। वहीं कई छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला नेशनल पार्क रोड के कुटमु स्थित आदिम जनजाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय की तीन दर्जन से अधिक छात्राएं वायरल फीवर के शिकार हो गयी हैं। अधिकांश छात्राओं ने बुखार, सर्दी, खांसी, चक्कर आने वाली पेट दर्द की शिकायत की है। मामले पर बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आशीष रंजन नजर बनाए हुए हैं। स्वास्थ्य जांच के अलावे उन्हें दवा दी जा रही है। वहीं कई छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार जल्द ही स्वस्थ होने की उम्मीद है। जानकारी मिलने पर आईटीडीए निदेशक विंदेश्वरी ततमा विद्यालय पहुंचे। उन्होंने विद्यालय के वार्डन को कई दिशा निर्देश दिया है।

# अविलंब अंचलाधिकारी की पदस्थापना हो : प्रतुल



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा जो की लातेहार जिला का एक अहम प्रखंड है। जिसका अंचल प्रभार में है। कार्मिक विभाग अविलंब चंदवा अंचल में अंचलाधिकारी की नियुक्त करें। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रेस बयान जारी करके और ट्वीट करके कहा। श्री शाहदेव ने कहा कि जिस अंचल की आबादी करीब डेढ़ लाख है। 17 पंचायत वाला यह अंचल करीब 15 महीनों से प्रभार में चल रहा है। यहां आखिरी बार बतौर अंचलाधिकारी सुरेंद्र सिंह रहे थे। उसके बाद से ही यह प्रभार में है। अंचल क्षेत्र में दो-दो नए कोल माइंस खुलने हैं,मुआवजा राशि को लेकर भी विवाद है। इस अंचल के कई हिस्सों में जमीन का गहरा विवाद है। अंचलाधिकारी के प्रभार में होने के कारण उन पर भी अत्याधिक कार्य दबाव है। जिसके कारण सही से भूमि विवादों का निपटारा नहीं हो पा रहा है। यदि जल्द ही अंचलाधिकारी की नियुक्ति नहीं होती है और जमीन विवादों का निराकरण नहीं होता है तो क्षेत्र में कभी भी हिंसक घटना घट सकती है। क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार कई ऐसे मामले हैं जो महीनों-वर्षों से लंबित हैं। आरएस- सीएस का मामला हो,जमीन म्यूटेशन का मामला हो या फिर अन्य जमीन विवाद इसका निपटारा होने में काफी परेशान हो रही है। प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री और कार्मिक विभाग से चंदवा अंचल में पूर्णकालिक अंचलाधिकारी के अतिशीघ्र पोस्टिंग करने की मांग की है।

# विवाहिता ने आत्महत्या की



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पारिवारिक प्रताड़ना और विवाद से तंग आकर रविवार सुबह कुडू थाना क्षेत्र के जिंगी गांव निवासी जावेद अंसारी की पत्नी नाजिया परवीन (26) ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद सदर अस्पताल पहुंचे मृतका के परिजनों ने सुनियोजित तरीके से नाजिया को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। घटना को लेकर गांव में सनसनी फैल गयी। चर्चाओं का बाजार गर्म है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच पड़ताल शुरू किया है। इस संदर्भ में परिजनों ने बताया कि, लगभग दो वर्ष पूर्व कुडू जिंगी गांव निवासी जावेद अंसारी का निकाह सेन्हा थाना क्षेत्र के डाडू अंबाटोली निवासी नाजिया परवीन से हुई थी। इस दंपति को एक वर्षीय एक पुत्री है। बताया गया की, मृतका नाजिया के ससुराल में अक्सर कहासुनी का विवाद होता था। रविवार सुबह मृतका का अपनी ननद कौशर जहां से रोटी को लेकर विवाद हुआ था। मामला बढ़ने के बाद मृतका का ससुर अताउल अंसारी मृतिका समेत परिवार के अन्य सदस्यों को खरी खोटी सुनाया था। इसके बाद सुबह लगभग आठ बजे सब्जी की खेती में दी जाने वाली कीटनाशक दवा नाजिया ने पी लिया। तत्काल हालत बिगड़ने पर उसका पति जावेद अंसारी गांव के झोलाछाप चिकित्सक मंसूर अंसारी के पास ले जाकर इलाज शुरू कराया। समय बीतने के साथ जहर शरीर में फैल जाने से नाजिया की मौत हो गयी। मृतका के परिजनों ने दोपहर जब उसे सदर अस्पताल लाया तो, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में मृतका का पति जावेद अंसारी ने कहा कि खेती बारी करने के कारण वह रोजा नहीं रखता है रविवार सुबह अपनी बहन कौशर जहां द्वारा बनाया गया रोटी को खा लिया था। बहन द्वारा विरोध किया गया। इसके बाद पत्नी नाजिया से उसकी झड़प हुई। पिता अताउर अंसारी ने भी उसे खरी-खोटी सुना दिया। जिसके बाद वह घर में रखा कीटनाशक पी ली। फिलहाल, मामले को लेकर दोनों पक्षों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पुलिस मामले के सभी संभावित पहलुओं पर पड़ताल कर रही है।

## जागरूकता रैली निकाली गयी



**लातेहार।** लातेहार नगर पंचायत में स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसके तहत पालिथीन को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। ऐसे में सफाई को लेकर सरकार के द्वारा कई प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे है। इसी कड़ी में लातेहार महिलाओं ने नगर पंचायत के साथ मिलकर शहर में सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वच्छता मशाल मार्च निकाला। मशाल मार्च का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। दरअसल लातेहार जिला मुख्यालय में अभी भी लोग बड़े पैमाने पर पॉलिथीन का उपयोग करते है। इसके अलावा कई लोग अपने घर के बाहर या आसपास गंदगी का अंबार भी लगाते हैं। नगर पंचायत के द्वारा अपने स्तर से इस मामले को लेकर कई बार जागरुकता कार्यक्रम भी किया गया परंतु उसका ज्यादा असर नहीं दिखा। ऐसे में लातेहार की महिलाओं ने शहर को स्वच्छ बनाने का अभियान आरंभ किया है। इसी कड़ी में सबसे पहले शनिवार को नगर पंचायत के साथ मिलकर शहर में स्वच्छता जागरूकता मार्च निकाला। इस जागरुकता मार्च में शहर की बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं ने इस दौरान शहर में सफाई रखने तथा सफाई के फायदे से संबंधित कई स्लोगन के नारे भी लगाईं। स्वच्छता मशाल मार्च में लातेहार की आम महिलाओं के साथ साथ नगर पंचायत के कर्मियों और नगर पंचायत के प्रतिनिधि भी उपस्थित हुए। नगर पंचायत की अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, वार्ड पार्षद गुड़िया सिन्हा, संतोष रंजन, आशा देवी, बली पाठक, इंद्रदेव उरांव, वीरेंद्र पासवान समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस दौरान कई लोगों ने इस दौरान संकल्प लिया कि वे अब पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेंगे।

## ख्रिस्ता पर्व पर शोभायात्रा निकली

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर में रविवार को ख्रीस्ता पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जो चेकनाका से प्रारंभ होकर बाघटोला होते हुए मिशन चर्च में आकर समाप्त हुआ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ईसाई धर्मावलंबि समुदाय के लोगो ने हाथों में ख्रिस्ता लिए हुए चल रहे थे। शोभायात्रा की समाप्ति के पश्चात ज्योतिष बाखला की अगुवाई में चर्च में मिस्सा पूजा का आयोजन हुआ। शोभायात्रा और पूजा अनुष्ठान को सफल बनाने में संत अन्ना की धर्म बहनें, बालिका छात्रावास की छात्राओं, कैथोलिक सभा, महिला संघ और युवा संघ के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### अस्त्र-शस्त्र परिचालन एवं बाजा प्रतियोगिता, सम्मान एवं समापन समारोह

# बाजा प्रतियोगिता में बजरंग दल अमला टोली अव्वल रहा



आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। स्थानीय गुदरी बाजार स्थित शोक विनाशक संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार की देर रात केन्द्रीय महावीर मंडल, लोहरदगा द्वारा अस्त्र शस्त्र परिचालन एवं बाजा प्रतियोगिता सह सम्मान एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रान्त संघ चालक सच्चिदानंद लाल समेत अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया। इससे पूर्व हनुमान जी की पूजा अर्चना और हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ किया गया। इसके बाद बजरंग बली का महाआरती की गयी। इसके बाद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। सबसे पहले प्रान्त संघचालक आरएसएस के सच्चिदानंद लाल व जिला संघचालक मनोज दास ने सांकेतिक लाठी भांजकर इसकी शुरुआत की। इसके बाद अतिथियों का स्वागत साफा पहनाकर किया गया। इसके बाद निर्णायक मंडली के सभी सदस्यों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। किसी ने लाठी तो किसी ने तलवार लेकर अपना करतब दिखाया। इसके बाद अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में शामिल अखाड़ों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। वहीं बाजा प्रतियोगिता में भी लोगो ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। नवमी झांकी में प्रथम चन्द्रशेखर आजाद, द्वितीय नारी शक्ति थाना टोली, तृतीय शोक विनाशक संकट मोचन हनुमान मंदिर, अस्त्र शस्त्र जूनियर में प्रथम हटिया गार्डन, द्वितीय सुनहला संघ, तृतीय अंबेडकर नगर, अस्त्र शस्त्र सीनियर में प्रथम रघुनंदन लेन, द्वितीय बरवा टोली शिव मंदिर, तृतीय हटिया गार्डन, बाजा प्रतियोगिता में प्रथम बजरंग दल अमला टोली, द्वितीय थाना टोली तृतीय शास्त्री चौक, विशेष पुरस्कार अखाड़ा सज्जा तेतर टर, नया अखाड़ा बाबली बगीचा, शोभायात्रा अनुशासित टीम सेरेंगहातु, मातृशक्ति के रूप में आदिशक्ति महिला टीम, निगनी को दिया गया। मौके पर मुख्य संरक्षक परमेश्वर साहू, मोहन दुबे, रितेश कुमार, संरक्षक ब्रज बिहारी प्रसाद, कमल प्रसाद केशरी, राजेश महतो, गुप्तेश्वर प्रसाद, राजेश साहू, विजय खत्री, धनन्जय कांस्यकार, बिनोद उरांव, पंकज साहू, आनन्द पांडेय, विनोद सोनी, प्रणीत सिंह, संजय नायक, लक्ष्मण सोनी, अशोक रजक, रितेश सिंह समेत सैकड़ों महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। वहीं विशेष रूप से अतिथियों का भी सम्मान किया गया।

## छोटे भाई ने बड़े भाई की निर्मम हत्या

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के चम्पा पंचायत ग्राम मेराम छोटे भाई जेम्स सारस उर्फ 30 वर्ष ने अपने बड़े भाई बंसत सारस की रविवार दोपहर धारदार टांगी से चेहरे और सिर पर हमला कर निर्मम तैराके से हत्या कर दी। हत्या कर वह जंगल की ओर भाग गया। इस संबंध में मृतक की पंती मुनी देवी ने बताया कि दोपहर देवर बैल चराकर घर आया हुआ था। खाना खाने इस क्रम में सबसे पहले मेरे साथ मारपीट की उसके बाद वह घर में रह गया। मेरे द्वारा जलसहिया का करने हेतु जब जिओ टैग गांव निकली तो मेरे पीछे अपने बड़े भाई की टांगी से वार कर हत्या कर दी। ग्रामीणों की सुचना पर जब मैं घर पहुंची तो सिर से खुन बह रहा था। मौके पर ही उनकी मौत हो गयी थी इधर ग्रामीणों द्वारा थाने में सुचना देने पर पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची। जहां से अरोपी जंगल की ओर भाग गया था। पु. अनी रतन टूडू, रौशन कुमार एएसआई जोसेफ लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा जंगल में छापामारी कर अरोपी को गिरफ्तार किया। अरोपी जेम्स सारस ने बताया कि बड़े भाई द्वारा शादी नहीं कराने व अकेलापन से परेशान होकर बड़े भाई की हत्या कर दी।

## पंचायत स्तरीय एक दिवसीय शिव चर्चा का आयोजन



**लातेहार।** रविवार को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बचरा, लेधपा के प्रांगण में पंचायत स्तरीय एक दिवसीय शिव चर्चा के आयोजन में सैकड़ों शिव शिष्यों ने भाग लिया। दर्जनों लोगों ने देवाधिदेव महादेव का शिष्य बनकर खुद का अहोभाग्य माना। एक दिवसीय शिव चर्चा में स्थानीय एवं दूसरे प्रखंडों के गुरु भाई बहनों ने अपने-अपने विचार और भजन प्रस्तुत कर लोगों को गुरु के प्रति समर्पित होना के लिए प्रेरित किया। मौके पर रूपा कुमारी, मानो कुमारी और समुद्री देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिव जगत के गुरु है। अर्थात संसार के जितने भी लोग है सभी उनके शिष्य हैं। हम सदियों से उनका भगवान भाव से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। कार्यक्रम में शिव शिष्य होने में सहायक तीन सूत्र पर विशेष जोर दिया गया। मंच का संचालन मुन्ना भुइयां ने किया। पूरे कार्यक्रम को लेकर पूर्व प्रमुख अशोक सिंह ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर जिला संयोजक नूनू मल्हार, रामसेवक प्रसाद, कामेश्वर तूरी अंजू देवी। वहीं प्रखंड संयोजक सुनेश्वर सिंह, शीला देवी, फूलचंद सिंह, दिलीप सिंह, जन्नाली कुमार, वहीं पंचायत संजोयक रीना देवी, विमल लोहरा, जमेदार सिंह, संपूरन सिंह, शिव नारायण सिंह, नंदकिशोर सिंह, आदित्य सिंह, सुनीता देवी, अवनीधर सिंह, सुखीराम उरांव, बालमोहन भगत, सीताराम प्रजापति, राजदेव सिंह, कृष्णा प्रसाद, जेठू प्रसाद, कर्मदेव सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

# लोहरदगा से कांग्रेस न्याय का बिगुल 5 अप्रैल को फूंकेगा : सुखेर भगत

### कार्यक्रम में अविनाश पांडे, राजेश ठाकुर, आलमगीर, रामेश्वर उरांव समेत अन्य नेतागण रहेंगे मौजूद



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम की सफलता को लेकर रविवार को विशेष बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सूखेर भगत की अगुवाई में आयोजित की गयी। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा 5 अप्रैल 2023 को जिलास्तरीय जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय मैदान में दस बजे आयोजित है। कहा कि मोदी सरकार द्वारा राहुल गांधी की सदस्यता को रद्द किए जाने के विरोध में विशेष महाजुटान होगा। जिसमें अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ,विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, क्षेत्र के लोकप्रिय नेता राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के कई मंत्री, विधायक एव प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। राहुल गांधी को न्याय दिलाने के लिए लोहरदगा जिले से बिगुल फूकी जायेगी। जिसमे जिलेभर से हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्त्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रखण्डवार प्रभारी एवं सह प्रभारी बनाकर दायित्व दिया गया है। इस क्रम में भंडरा प्रखंड समूल अंसारी, सनियारो उरांव, सेन्हा प्रखंड मोहन दुबे, मुस्ताक अहमद। किसको प्रखंड सलीम अंसारी, सुचित्रा भगत, लोहरदगा प्रखंड निशित जयसवाल, दिनेश गुप्ता, कुडू प्रखंड रीना कुमारी भगत, शाहिद अहमद बेलू,। कैरो प्रभात भगत, संतोषी उरांव, पेशरार दीपक महतो, रविंद्र सिंह, साथ ही लोहरदगा जिला के पुराने, एवम वरिष्ठ नेताओं को विशेष रूप से आमंत्रित करने हेतु प्रदीप विश्वकर्मा और कुणाल अभिषेक को जिम्मेदारी दी गयी है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया स्थापना दिवस



कैरो। कैरो में मनाया गया हर्षोर्लाश कि साथ 16वां स्थापना दिवस प्रखंड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में धूम-धाम से मनाया गया 16वां स्थापना दिवस कार्यक्रम की सुरुआत मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव अजय तिवारी ने द्वीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के नये कंप्यूटर एवं प्रधानाचार्य कक्ष का उद्घाटन माननीय प्रदेश सचिव, संकुल संयोजक शाषिधरलाल अग्रवाल, गुमला विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, लोहरदगा संकुल प्रमुख बिपिन कुमार दास के द्वरा किया गया। आगंतुक अतिथि परिचय सह सम्मान की उद्घोषणा स्थानिय विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार के द्वरा किया गया। विदयालय के पूर्व क्षात्र को आज इस अवसर समम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय वृत कथन संगरक्षक शरत कुमार विद्यार्थी के द्वारा किया गया इस बीच कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भैया बहनों ने प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति को देखने के लिए सैकड़ो अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधनकरिणी सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपथित रहे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अचार्यवृन्द उपस्थित थे।

### रेजांगला लद्दाख से अमर वीर शहीदों की मिट्टी से भरा कलश रविवार को पहुंचा मनिका

# अहीर रेजिमेंट हक है हमारा : वृंद बिहारी प्रसाद यादव



कलश यात्रा में शामिल प्रांतीय यादव महासभा के लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका।** प्रांतीय यादव महासभा झारखंड के आह्वान पर रेजांगला (लद्दाख) से अमर वीर शहीदों की मिट्टी से भरा कलश रविवार को मनिका पहुंचा। यहां कलश को प्रांतीय यादव महासभा की प्रखंड इकाई की ओर श्रद्धांजलि दी गई। जिलाध्यक्ष बृन्द बिहारी प्रसाद यादव के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इससे पहले जिला इकाई की ओर से नामुदाग पंचायत के चेचंधा व मानिकडिह गाव में डोर टू डोर लाए गए कलश की अगवानी की गयी। यहां से सिर पर कलश लेकर यात्रा शुरू हुई। इसमें शामिल अहीर समाज के सैकड़ों लोग अपने-अपने हाथों में झंडा लिए पैदल व बाइक से मार्च करते हुए रेजांगला के वीर शहीद अमर रहें, अहीर वीर शहीद जिन्दाबाद, अहीर रेजिमेंट हमारा अधिकार है जैसे नारा लगाते हुए मेन रोड से होते हुए माणिकडिह मन्दिर पहुंचे। यहां आयोजित सभा में पंचायत अध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि रेजांगला की पवित्र मिट्टी देश के सभी यादवों की धरोहर है। 1962 में चीन-भारत के युद्ध में शहीद हुए 114 शूरवीर अहिरों का हमसभी पर कर्ज है। इसके बाद कलश यात्रा मनिका प्रखंड के 10 पंचायत में कलश यात्रा की जायेगी। जिला अध्यक्ष वृंद बिहारी प्रसाद यादव ने कहा कि 18 नवंबर 1962 को लेह-लद्दाख की दुर्गम और बर्फीली पहाड़ियों पर 13 कुमाऊं की चार्ली कंपनी के मेजर शैतान सिंह के नेतृत्व में तीन कमीशन अधिकारियों समेत 124 जवानों ने 1300 से अधिक चीनियों से लोहा लिया था। युद्ध में चार्ली कंपनी के 124 में से 114 जवान शहीद हो गए थे। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि लातेहार जिला लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण पूर्व की भांति लागू करो पूर्व की भांति लागू होनी चाहिए नहीं तो यादव समाज यादव समाज लगातार आंदोलन करते लगातार आंदोलन करते रहेगा। कार्यक्रम का संचालन सेठा यादव ने किया। मौके पर महासभा जिलाध्यक्ष बृन्द बिहारी प्रसाद यादव, राजेश्वर यादव, प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर प्रसाद यादव, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार यादव, छिपादोहर प्रखंड अध्यक्ष मुसाफिर यादव, रूपेश यादव गंगा प्रसाद यादव, राधाकृष्ण प्रसाद यादव, रजमुनी यादव, समोधी यादव, दरोगी यादव, रामबिलास यादव, पपु यादव, उमेश यादव, मनकी यादव, प्रयाग यादव, जटेश्वर यादव, बालकेस यादव, जिला सचिव दामोदर यादव, परमानन्द यादव, कृष्णा यादव, लोचन यादव, नरेश यादव, माली यादव, अंजु यादव, शम्भु यादव, बिनोद यादव समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यहां गाजे-बाजे के साथ भव्य तरीके से जुलूस निकाला गया।

## बरवाडीह को अनुमंडल का दर्जा नहीं दिये जाने से लोगों में निराशा



**बरवाडीह।** बरवाडीह को अभी तक अनुमंडल का दर्जा प्राप्त नहीं हो सका है। इसे लेकर प्रखंड क्षेत्र के तमाम लोग काफी निराश नजर आ रहे हैं। करीब 23 साल से बरवाडीह को अनुमंडल बनाने का सब्जबाग दिखाने से आहत बरवाडीह के लोगों ने अब इसकी मांग करना भी छोड़ दिया है। और अनुमंडल का दर्जा दिलाने की इच्छाशक्ति जनप्रतिनिधियों में कम हो गयी है। बता दे कि झारखंड में जेएमएम की सरकार बनने के 3 साल बाद भी अनुमंडल बनाने की मांग पूरी नहीं हो पायी है। बरवाडीह को अनुमंडल बनाये जाने की आश लोगों ने अभी तक नहीं छोड़ी है। और वे आशा भरी नजरों से जनप्रतिनिधियों की ओर देख रहे हैं। झारखंड के अलग राज्य बनाने के समय से बरवाडीह को अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव भेजने का आश्वासन लोगों को मिलता रहा है। बरवाडीह में पुलिस का अनुमंडल कार्यालय कई वर्षो से संचालित किया जा रहा है। परन्तु बरवाडीह को अनुमंडल का दर्जा नहीं दिया गया है। हाल में विधानसभा में बरवाडीह को अनुमंडल का दर्जा देने की मांग मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा उठाई गयी थी। परंतु कई महीने गुजर गए लेकिन अभी तक अनुमंडल बनाने की कागजी प्रक्रिया शुरू नहीं हो पायी है।

### जीएलए कॉलेज परिसर स्थित बटालियन मुख्यालय में सीआरपीएफ ने मनाया 134वें बटालियन का 30वां स्थापना दिवस

# सीआरपीएफ की जांबाजी से कायम हुई शांति व्यवस्था : डीआइजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सीआरपीएफ जवानों की जांबाजी से पलामू प्रमंडल सहित अन्य जिलों एवं अंतरराज्यीय सीमाओं पर शांति व्यवस्था कायम है। सीआरपीएफ की वीरता की कई गाथाएं हैं। नक्सल विरोधी अभियान में सीआरपीएफ 134 बटालियन की अहम भूमिका रही है। बूढ़ा पहाड़ का क्षेत्र चारों तरफ से आइइडी से घिरा था। जवानों ने वीरता दिखाते हुए इसे नक्सल मुक्त कराया। बूढ़ा पहाड़ अभियान में 134 बटालियन के जवानों की भी अहम भूमिका रही। जवानों ने इसे नक्सलियों से मुक्ति दिलाई, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। इसकी चहुंओर सराहना की गई। यह बातें सीआरपीएफ पलामू रेंज के डीआइजी विनय नेगी ने कही। वे सीआरपीएफ 134वीं बटालियन के 30वें स्थापना दिवस पर शनिवार की देर शाम जीएलए कॉलेज परिसर स्थित बटालियन मुख्यालय में आयोजित सांस्कृतिक संध्या समारोह में बोल रहे थे।



आयोजित कार्यक्रम में शामिल कलाकार और सीआरपीएफ के अधिकारी-जवान।

सीआरपीएफ 134 बटालियन का गठन 1 अप्रैल 1994 को जम्मू के बनतालाब में हुआ था। वर्ष 2008 से यह बटालियन पलामू में तैनात है तथा नक्सल विरोधी अभियान में जुटे हैं। उन्होंने सीआरपीएफ 134 बटालियन के 30वें स्थापना दिवस पर वाहिनी के सभी अधिकारियों एवं जवानों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। साथ ही जवानों को विषम परिस्थितियों में भी खुश रहने की सीख दी। सकारात्मक सोच के साथ सकारात्मक माहौल बनाया। उन्होंने जवानों एवं उनके बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति को मनमोहक बताया। सीआरपीएफ 134 बटालियन के कमांडेंट सुदेश कुमार ने सभी का स्वागत किया। वहीं बटालियन की स्थापना एवं पलामू में तैनाती पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी तथा जवानों की सक्रियता और उनकी कुर्बानियों को याद किया। साथ ही बटालियन की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ 134 बटालियन पलामू के डगरा, चक, मनातू, ताल, कुहकुह आदि क्षेत्र में तैनात हैं। शहीद जवानों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। समारोह का संचालन 134 बटालियन के उप कमांडेंट अंशू माली एवं धन्यवाद ज्ञापन द्वितीय कमान अधिकारी दीपेंद्र कुमार ने की। इस मौके सीआरपीएफ 112 बटालियन के कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू, सीएमओ डॉ राजेश गुप्ता, द्वितीय कमान अधिकारी नरेंद्र कुमार, पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, 172 वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी जेपी सिंह, 134 वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी दीपेंद्र कुमार, डीएसपी सुरजीत कुमार, विजय कुमार सहित अन्य अधिकारी जवान उनके परिजन एवं बच्चे उपस्थित थे।

#### सांस्कृतिक संध्या में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

स्थापना दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में जवान एवं उनके बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से समा बांधा। शुरूआत सिपाही जीडी राजीव रोशन एवं निष्कर पांडेय के बम, बम, बोल रहा है काशी... गीत के साथ हुई। इसके बाद बालिका सृजीता हलधर ने मिक्स गाने पर नृत्य प्रस्तुत की।

## 8-9 अप्रैल को बंशीधर महोत्सव का आयोजन, केंद्रीय मंत्री करेंगे उद्घाटन



**पलामू सांसद ने किया श्री बंशीधर नगर महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयास से कोरोना कालखंड के बाद पहली बार बंशीधर महोत्सव का आयोजन 8 एवं 9 अप्रैल को होने जा रहा है। जिसका उद्घाटन केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। महोत्सव में मेदिनीनगर-पलामू वासियों को शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र वितरण रविवार को मेदिनीनगर स्थित मुख्य बाजार में सांसद वीडी राम ने खुद किया। इस दौरान वाराणसी से आए राधे कृष्ण स्वरूप (राजा एवं रिशु) तरसा ढोल बजाते हुए कलाकारों के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे। सांसद ने कहा कि गढ़वा जिले के अनुमंडल मुख्यालय श्री बंशीधर नगर स्थित श्री बंशीधर मंदिर एक ऐतिहासिक धरोहर है। इस मंदिर में 32 मन (1280 किलो) शुद्ध सोने से निर्मित भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ वाराणसी से मंगाया गया अष्टधातु का मां राधिका की प्रतिमा स्थापित है। झारखंड, छत्तीसगढ़ व उत्तर प्रदेश के संगम स्थल पर श्री बंशीधर मंदिर बांकी नदी के किनारे अवस्थित है। श्रीकृष्ण की यह अद्भुत प्रतिमा जमीन में करीब 5 फीट गड़े शेषनाग के फन पर निर्मित 24 पंखुड़ियों वाले विशाल कमल पुष्प पर विराजमान है। भगवान श्रीकृष्ण की आदमकद प्रतिमा करीब साढ़े चार फीट की है। नगर उंटारी राजपरिवार के संरक्षण में यह मंदिर देश व विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। वहीं स्थानीय लोगों के लिए आस्था व विश्वास का केंद्र है। सांसद ने कहा कि मेरे अथक प्रयासों से हर वर्ष यहां श्री बंशीधर महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन कोरोना के चलते पिछले वर्ष से श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन नहीं हो पा रहा है। इस कारण श्री कृष्ण भक्तों में मायूसी है। मेरे काफी प्रयासों के बाद इस वर्ष पुनःबंशीधर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मैं पूरे पलामू वासियों को इस बंशीधर महोत्सव में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित रहा हूं। इस मौके पर श्याम नारायण दूबे, महापौर अरुणा शंकर, मंगल सिंह, विपिन सिंह, प्रेम सिंह, परशुराम ओझा,अमित तिवारी,नरेंद्र पांडे, अविनाश वर्मा, मुरारी पांडे, विजय ओझा, शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, ईश्वर पांडे, संजय कुमार, संजय गुप्ता, विशाल दूबे,अभिषेक चौरसिया, जय दूबे, शुभक तिवारी, ज्योति पांडे, अरुण सिंह, स्वेतांग गर्ग, छोटू सिन्हा, सुनील पांडे, जवाहर चंद्रवंशी, सिकंदर चौधरी, भोला पांडेय, मनीष तिवारी, राघवेंद्र तिवारी, अमित आनंद, संदीप दास, आनंद सिंह, सुशील सिंह, रिंकू दूबे, पंकज शर्मा, किशन मकड़िया, सरवन गुप्ता, राजेश गुप्ता, मनोहर कुमार लाली, रूपा सिंह, रीना किशोर, सीटू गुप्ता, सुनीता सिंह, सुमन गुप्ता, आनंद किशोर तिवारी, अमर मिश्रा, पंकज निराला, विवेक चौबे, वासु कुमार, शुभम राज, सूरज कुमार, संतु चंद्रवंशी, रंजन वर्मा, धीरज गुप्ता, संजय प्रजापति, शशि भूषण मिश्रा, राजकुमार वर्मा, किशोर पाण्डेय एवं संजय वर्मा आदि उपस्थित थे।

## क्षेत्र की जनता के हर सुख-दुख में साथ हूं: कमलेश सिंह



**किडनी की बीमारी से त्रस्त मरीज को विधायक ने दिया एक लाख रुपये का चेक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के कचरा गांव निवासी मुकेश कुमार को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी राहत कोष से एक लाख रुपये का चेक दिया। रविवार को एक सादे समारोह में विधायक ने मुकेश कुमार को चेक प्रदान कर बेहतर ढंग से इलाज कराने की सलाह दी। मुकेश कुमार का इलाज लखनऊ के पीजीआई में चल रहा है। मुकेश पैसे के अभाव में इलाज कराने में असमर्थता महसूस कर रहे थे। उन्होंने हुसैनाबाद विधायक से मिलकर अपनी समस्या बताई। इसके बाद विधायक ने तत्काल मुख्यमंत्री को अनुसंशित पत्र प्रेषित किया। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी राहत कोष से एक लाख रुपए का चेक विधायक को प्राप्त होने के बाद उन्होंने मुकेश कुमार को बुलाकर चेक दे दिया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज के नागरिक उनके परिवार के सदस्य हैं। एक-एक सदस्य के सुख-दुख में हमेशा साथ रहते हैं। यही वजह है कि उन्हें हर संभव मदद का प्रयास करते हैं। मौके पर एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, मनान खान, हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष गुड्डु सिंह, बिमलेश कुमार सिंह, विनय पासवान, राजकुमार ठाकुर, बलराम मेहता, रंजेश पासवान,बबन सिंह,रविरंजन सिंह,ललित सिंह और गपु सिंह आदि मौजूद थे।

## एकजुट होकर लड़नी होगी हक की लड़ाई, तभी होगा समाज का सर्वांगीण विकास: अविनाश देव

**मनायी गयी बाल शहीद रामचंद्र विद्यार्थी की जयंती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड कुम्हार समन्वय समिति पलामू के हुसैनाबाद अनुमंडलीय समिति के तत्वावधान में ब्लॉक रोड के सिंचाई कॉलोनी मध्य विद्यालय प्रांगण में रविवार को बाल शहीद रामचंद्र विद्यार्थी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हुसैनाबाद अनुमंडलीय समिति के अध्यक्ष विगन प्रजापति और संचालन सचिव मुरली मनोहर प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में माटी कला बोर्ड के सदस्य सह झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के समन्वयक अविनाश देव भी शामिल हुए। उन्होंने बाल शहीद रामचंद्र विद्यार्थी की तस्वीर के समक्ष दीप-प्रज्ज्वलित व श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने बाल शहीद रामचंद्र विद्यार्थी की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी का जन्म एक अप्रैल 1929 को उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला के नौतन हतियागढ़ गांव निवासी बाबूलाल प्रजापति के घर हुआ था। माता मोतीरानी के पुत्र रामचंद्र विद्यार्थी सातवीं कक्षा से ही आजादी का दीवाना था। 09 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन का बिगुल फूंका था। तब रामचंद्र विद्यार्थी उस आंदोलन में कूद पड़े और उन्होंने 14 अगस्त 1942 को ही देवरिया कचहरी पर तिरंगा फहरा दिया था। तभी अंग्रेजों ने उनको गोली मार दिया और वे शहीद हो गए। उन्होंने आजादी की अलख जगाने के लिए मात्र 13 वर्ष की उम्र में अपने प्राणों की आहूति दे दी। ऐसा विरला उदाहरण हमें इतिहास में कोई दूसरा नहीं मिलेगा। प्रजापति समाज का इतिहास हमेशा से ही देशप्रेम से ओतप्रोत व गरिमामयी वाला रहा है। उन्होंने कहा कि आज हमलोग आजाद देश के वासी हैं, फिर भी हमारा समाज आर्थिक, सामाजिक व वैचारिक रूप से समृद्ध नहीं हो पाया है। जिसके लिए हम सभी को संगठित होकर अपने एवं अपने ही जैसे अन्य समाज, जो कि अभी तक हाशिये पर हैं, उनके लिए एकजुटता से हक की लड़ाई लड़कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना होगा, तभी जाकर समाज का सर्वांगीण विकास संभव होगा। उन्होंने कुम्हारों पर हो रहे अत्याचार के निदान पर भी प्रकाश डाला। साथ ही, संगठन की मजबूती के लिए सदस्यों के एकजुट रहने की सलाह दी। धन्यवाद ज्ञापन समिति के संरक्षक सुदर्शन प्रजापति ने किया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के हुसैनाबाद अनुमंडलीय कोषाध्यक्ष महावीर प्रजापति, सदस्य पप्पू प्रजापति, सत्येंद्र प्रजापति, नंदू प्रजापति, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य परमेन्द्र प्रजापति, अनिता मनोहर, अच्छे लाल प्रजापति, अनूप प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, मनोज कुमार प्रजापति, कृष्ण कुमार पंडित, ललन प्रजापति, परशुराम प्रजापति, नंदकिशोर प्रजापति, उमेश प्रजापति, राजमुनि प्रजापति, भीम प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, रंजीत प्रजापति, कृष्णा प्रजापति, रमेश प्रजापति, अरविंद प्रजापति, शिवनाथ प्रजापति, कुंदन प्रजापति, बाबू प्रजापति, शोभा प्रजापति, रंजीत प्रजापति, राजमोहन प्रजापति, रमेश प्रजापति, प्रभु प्रजापति, अनिल प्रजापति, संतोष प्रजापति, बसंत प्रजापति, मुरली श्याम प्रजापति आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।


लोगों को सम्मानित करते अविनाश देव।

## बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कार और चरित्र निर्माण भी आवश्यकः राकेश तिवारी

**जपला विद्या मंदिर में आयोजित आचार्य कार्यशाला का समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्या विकास समिति झारखंड के निर्देशन में आयोजित तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ। जिसका शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के सचिव राकेश तिवारी, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, आरएसएस के सह विभाग कार्यवाह शशि कुमार, व्याख्याता सुप्रिया जैन, राजेश कुमार सिंह और सतीश सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, भारत माता एवं ओंकार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। आचार्य कार्यशाला के तृतीय दिवस पर नवीन शैक्षिक तकनीक का प्रयोग अनिवार्य रुप से कैसे हो इस विषय पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य,प्रतियोगिता, परिणाम,शुद्ध भाषाभिव्यक्ति, शुद्ध एवं सुंदर लेखन एवं उपलब्धि पर चर्चा किया गया। इस दौरान विद्या भारती द्वारा निर्धारित केंद्रीय आधारभूत विषय संगीत शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा और संस्कृत शिक्षा के सफल क्रियान्वयन की योजनाएं बनाई गई। वहीं, सचिव राकेश तिवारी ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और चरित्र का निर्माण भी आवश्यक है। शिक्षा में संस्कार का होना अति आवश्यक है। इस मौके पर वरिष्ठ आचार्य हरिमोहन पाठक, मृत्युंजय प्रसाद, रंजीत मिश्र, राजेश्वर सिंह यादव, दीपक पांडेय, जयनारायण सिंह, मनोज सिंह, हर्षदा चौबे, उषा कुमारी, श्वेता सिंह, प्रचार-प्रसार विभाग से अभिषेक पाठक, राजकुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



## बेमौसम बारिश से फसल बर्बाद, व्यापार मंडल अध्यक्ष ने की मुआवजा देने की मांग



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में विगत दिनों तेज हवा के साथ हुई बारिश और ओला वृष्टि से खेतों में पड़ी गेहूं, सरसो व चने की फसलें बर्बाद हो गई है। जिन किसानों ने गेहू व अन्य फसल काट कर खेतों में रखा है वह नीचे खिरने लगा। फसल की बालियां भी टूट गई हैं। क्षेत्र में हुई बेमौसम बरसात से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने सरकार से मांग की कि फसलों का सर्वे करवाकर किसानों को मुआवजा दिया जाए। हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने बताया कि क्षेत्र में पिछले दो दिनों से बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की रबी की फसलें पूरी तरह खराब हो चुकी है। जिस कारण सुखाड़ की मार झेल रहें किसान काफी चिंतित और मायूस हैं। वहीं, सुखाड़ से प्रभावित सभी किसान को सुखाड़ राहत योजना का लाभ भी नहीं मिल पाया है। उन्होंने राज्य सरकार से किसान हित में किसान आयोग का गठन करते हुए उन्हें उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## देवरी मस्जिद में तरावीह संपन्न, देश में अमन खुशहाली के लिए मांगी गयी दुआ



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के देवरी मस्जिद में रमजान चांद रात से चल रही तरावीह की नमाज शनिवार की रात संपन्न हुई। नमाज-ए-तरावीह हाफिज सब्बीर कारा ने अदा कराई। नमाज के बाद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। हाफिज सब्बीर कारी ने कहा कि मुसलमानों को रमजान महीने में रोजा के साथ तरावीह की नमाज जरूर अदा करनी चाहिए, क्योंकि कुरान का तिलावत सुनने वाला पुण्य का हकदार होता है। वहीं, नमाजियों ने हाफिज सब्बीर कारी को नजरान के रूप में नगद राशि दी। इसके बाद नमाजियों ने देश में अमन-चैन व तरक्की की दुआ मांगी।

## बेटी का अश्लील वीडियो बना बदनाम करने का आरोप में महिला ने दो युवकों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत बुधुआ गांव की एक महिला ने देवरी ओपी में आवेदन देकर दो युवकों के खिलाफ बेटी का अश्लील वीडियो बनाकर परेशान करने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक महिला ने बताया कि उसकी बेटी 31 मार्च को एडमिट कार्ड लेने के लिए हुसैनाबाद प्लस टू उवि के लिए निकली थी। मासिक माहवारी (पीरियड) की वजह से वह नहर के मोड़ के पास थोड़ी दूर जाकर खेत में बैठी थी। इसी बीच गांव के ही निभु कुमार सिंह व अंकित कुमार सिंह वहां पहुंच गए और उसका आपत्तिजनक स्थिति में वीडियो बना लिया। यही नहीं, गांव में हल्ला भी कर दिया। लोक लाज के भय से लड़की ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। इस संबंध में देवरी ओपी में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

## स्पोर्ट्स



हैदराबाद की पीच पर बैटिंग करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने आइपीएल सीजन के 16वें संस्करण के चौथे मुकाबला में सनराइजर्स हैदराबाद को 72 रन के बड़े अंतर से हरा दिया।

### धमाकेदार आगाज : बटलर, जायसवाल और सैमसन ने जमाए अर्धशतक, चहल ने चटकाए चार विकेट

# राजस्थान ने सनराइजर्स हैदराबाद को 72 रन से हराया

एजेंसी

**हैदराबाद।** राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 16वें सीजन में धमाकेदार आगाज किया है। टीम ने चौथे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को उसी के घर में 72 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। टीम ने 10वीं बार 200 या उससे ज्यादा के स्कोर को डिफेंड किया है। यह राजस्थान की हैदराबाद पर ओवरऑल 9वीं जीत है। दोनों टीमें 17 बार आमने-सामने हो चुकी हैं। हैदराबाद ने 8 मुकाबले ही जीते हैं। हैदराबाद के मैदान पर राजस्थान ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 203 रन बनाए। वहीं, 204 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 131 रन ही बना सकी। आखिरी ओवर में अब्दुल समद ने आखिरी ओवर में 23 रन बनाते हुए जीत के अंतर को कम किया। उन्होंने नवदीप सैनी की बॉल पर दो चौके और दो छक्के जमाए।


54 रन की धुआंधार पारी खेलवे वाले इंग्लिश बल्लेबाज जोस बटलर।

#### राजस्थान ने बनाए 203 रन

हैदराबाद के मैदान पर मेजबानों ने टॉस जीता और राजस्थान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 203 रन बनाए। टीम मौजूदा सीजन में 200 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली टीम बनी है। टीम को इंग्लिश बल्लेबाज जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल ने विस्फोटक शुरूआत दिलाई। दोनों ने 35 बॉल पर 85 रन बनाए। जायसवाल ने चौथा और बटलर ने 16वां अर्धशतक जमाया।

#### बटलर-यशस्वी जायसवाल ने दिलाई विस्फोटक शुरूआत

इंग्लिश बल्लेबाज जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल ने राजस्थान की टीम को विस्फोटक शुरूआत दिलाई। दोनों ने 35 बॉल पर 85 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। इस साझेदारी को फजल हक फरुकी ने तोड़ा। उन्होंने बटलर को बोल्ड किया।

#### बटलर का 16वां अर्धशतक

ओपनिंग करने आए जोस बटलर ने अपने क्ढछ करियर का 16वां अर्धशतक जमाया। उन्होंने 20 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। बटलर 22 बॉल पर 54 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 245.45 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। बटलर की पारी में 7 चौके और तीन छक्के शामिल रहे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
11

## आरोप : भाजपा सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने में पूरी तरह हो रही विफल

# झारखंड में सत्ता-विपक्ष के लोग भ्रष्टाचार में हैं संलिप्त: सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** झारखंड में पक्ष और विपक्ष दोनों ही दल के लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। भाजपा सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। मैंने विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कई सवाल भी पूछा, लेकिन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने सवालों का गलत तरीके से जवाब देकर अपना पिंड छुड़ा लिया। उक्त बातें जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कही। वे रविवार को कतरास स्थित समाजसेवी विजय कुमार झा के अवासीय कार्यालय पर आयोजिय पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे।



कतरास में समाजसेवी विजय झा के आवासीय कार्यालय में मौजूद विधायक सरयू राय।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार व विपक्ष भ्रष्टाचार के मामले में एक-दूसरे के गले लगकर पीठ सहलाने का काम कर रहे है। स्वास्थ्य विभाग में दवा खरीदने को लेकर निविदा (टेंडर) निकला और जिस-जिस कंपनी ने टेंडर में हिस्सा लिया और जिसके नाम से टेंडर निकला उस कंपनी से दवा न खरीद किसी और से दवा खरीदा जा रहा है। मुखिया हेमंत सोरेन को इसकी भनक तक नहीं मिल पाती है। यही झारखंड सरकार की विडंबना है। जिस प्रकार बाजार में लोग आलू-प्याज की खरीदारी करते है उसी प्रकार झारखंड में सिविल सर्जन के तबादले किए जा रहे है। यह सरकार सिर्फ लूट-खसोट की सरकार बन कर रह गई है। झारखंड के जितने भी मामले में मुख्यमंत्री दोषी है उतना ही पिछली रघुबर दास की सरकार भी दोषी है। रविवार की दोपहर को सरयू राय कतरास में विजय कुमार झा से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारी ली। इस मौके पर विजय कुमार झा, उदय सिंह, गौतम मंडल, शंकर चौहान, अरविंद सिंह, अनन्त श्रीकृष्ण, विनय सिंह, राणा प्रताप चौहान आदि उपस्थित थे।

# रोजगार को लेकर युवा बेरोजगार मंच ने बनाई आंदोलन की रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** धनसार परियोजना स्थित काली मंदिर के समीप रविवार को युवा बेरोजगार मंच के बैनर तले स्थानीय बेरोजगार युवकों ने बैठक की। जिसमें विश्वकर्मा प्रोजेक्ट में शुरू होने वाले नए आउटसोर्सिग में रोजगार की मांग की गई। युवा बेरोजगार मंच के अध्यक्ष गुड्डू सिंह ने बताया कि हम स्थानीय युवा बेरोजगार लंबे समय से विश्वकर्मा प्रोजेक्ट में मैनुअल लोडिंग की मांग करते आ रहे हैं। जिसमें प्रबंधक से पूर्व में हुए वार्ता में स्थानीय लोगों को डीओ ट्रक लोडिंग के लिए मात्र तीन ट्रक दिया गया हैं, जबकि प्रबंधक ने चार ट्रक लोडिंग के लिए देने का आश्वासन दिया था। पहले प्रबंधन अपना करार पूरा करे उसके बाद इस आउटसोर्सिंग कंपनी में यहां के बेरोजगारों और बचे हुए मजदूरों को काम दिया जाए।



अन्यथा आंदोलन का रास्ता अपनायेंगें। बैठक में आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। स्थानीय लोगों ने कहा कि आउटसोर्सिंग में किसी की रंगदारी व गुंडागर्दी नहीं चलने दी जाएगी। धनसार व आसपास के लोग परियोजना प्रभावित हैं। रोजगार के नाम पर प्रबंधन स्थानीय लोगों को बरगलाते आ रहे हैं। परियोजना से उड़ने वाले धूल एवं प्रदूषण से स्थानीय लोग बेहाल हैं। अगर आउटसोर्सिंग में स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर रामवृक्ष दास, किशु कुमार, असगर अंसारी, नाथू चौधरी, सुनील पासवान, अनपूर्ण देवी, रीता देवी, गीता देवी और सरिता देवी आदि उपस्थित थीं।

दूसरी ओर, बेरोजगारों ने नई आउटसोर्सिंग परियोजना में स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने की मांग धनबाद विधायक राज सिन्हा से भी की है। आउटसोर्सिंग में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिलाने को लेकर राज सिन्हा ने अपनी सहमति दे दी है। उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी को स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार में प्राथमिकता देना होगा।

# ड्यूटी से लौटे मजदूर की हृदयाघात से मौत

## नाराज मजदूरों ने शव के साथ किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र के नदखुरकी फिडर ब्रेकर में कार्यरत सेलपिकर मजदूर अजय सिंह (47) की मौत शनिवार की रात ड्यूटी से घर पहुंचने के बाद हृदय गति रूकने से हो गयी। वह मधुबन थाना क्षेत्र के फुलारीटांड का रहने वाला था। परिजनों ने घटना की सूचना ट्रांसपोर्ट कंपनी एसएमएमजेवी प्रबंधन को दी। लेकिन प्रबंधन ने कंपनी का मजदूर होने से ही इन्कार कर दिया। इससे आक्रोशित मजदूरों ने रविवार की सुबह कोयला इस्पात मजदूर पंचायत यूनियन की अगुवाई में शव के साथ बेनीडीह केकेसी मेन रेलवे साइडिंग का चक्का जाम कर दिया। जिससे बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र का कोयले की ट्रांसपोटिंग एवं रैक लोडिंग कार्य लगभग तीन घंटे तक बाधित रहा।



शव रखकर प्रदर्शन करते मजदूर (बॉक्स में) मृतय की फाइल फोटो।

मृतक मजदूर की पत्नी सुजाता सिंह को अनुकंपा के आधार पर नियोजन एवं एक लाख रुपया मुआवजा के साथ ही दाह संस्कार के लिए 50 हजार रुपये की राशि देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। हालांकि ट्रांसपोर्ट प्रबंधन ने एक लाख रुपया मुआवजा देने पर असमर्थता जताया, जिस पर मजदूर आक्रोशित हो गए और जमकर हंगामा करने लगे। दोपहर तीन बजे पीओ केके सिंह के हस्तक्षेप पर ट्रांसपोर्ट प्रबंधन अजय अग्रवाल व यूनियन नेताओं के साथ वार्ता की। जिसमें मृतक की पत्नी को सेलपिकर मजदूर के रूप में नियोजन एवं 50 हजार मुआवजा देने पर सहमति बनी। इस मौके पर गोपाल चंद्र गोप, तपन पांडेय, बलदेव वर्मा, अर्जुन कुम्हार, इंदर सिंह आदि मौजूद थे। संतोषजनक वार्ता के बाद परिजन शव को उठाकर दाह संस्कार के लिए अपने घर ले गए।

# डॉ गायत्री सिंह अध्यक्ष व डॉ नेहा बनी सचिव

**धनबाद सोसायटी ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी की बैठक संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद सोसाइटी ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनोकॉलॉजी की बैठक शनिवार को धनबाद के एक निजी होटल में संपन्न हुई। जिसमें नए सत्र के लिए अध्यक्ष और सचिव का चुनाव किया गया। साथ ही पिछले सत्र के सफल संचालन करने वाले अध्यक्ष डॉ प्रतिभा राय और सचिव डॉ रेनू उपाध्याय को बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व डॉ कोमल सिंह ने प्रोजेस्टेरोन की सुरक्षा विषय पर विस्तार से चर्चा की। सेंट्रल हॉस्पिटल की अवकाश प्राप्त और जिम्स हॉस्पिटल धनबाद की डायरेक्टर डॉ गायत्री सिंह अध्यक्ष और सात्विक आईवीएफ की संचालिका डॉ नेहा प्रियदर्शिनी को सचिव बनाया गया। चुने गए अध्यक्ष और सचिव को बुके देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो की



स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों की यह अखिल भारतीय संस्था है। नए सचिव डॉ नेहा प्रियदर्शिनी ने कहा कि उन्हें जो नई जिम्मेवारी दी गई है इसके लिए धनबाद सोसाइटी के सभी सदस्यों को विश्वास दिलाती हूं की नई जिम्मेवारी का निर्वाहन ईमानदारी से करूंगी। कार्यक्रम में डॉ एसके दास, डॉ एसके गुप्ता, डॉ उर्मिला सिंह, डॉ शिवानी झा, डॉ आशा राय, डॉ रेखा रानी सिन्हा, डॉ अल्का सिंह, डॉ साधना, डॉ सर्वमंगला प्रसाद, डॉ कविता प्रिया, डॉ निकिता सिन्हा, डॉ अपूर्वा दत्ता, डॉ कलावती पांडेय, डॉ अर्पिता दास, डॉ अनिता मुर्मू, डॉ विदुषी ड्रोलिया, डॉ प्रतिभा रीटोलिया, डॉ प्रियंका चौधरी, डॉ ईशा रानी,डॉ रीता हाजरा, डॉ रीना वर्णवाल, डॉ संचिता मंडल, डॉ वर्षा, डॉ दीप्ती झा, डॉ मीणा सिंह, डॉ संध्या वर्णवाल, डॉ अनुपमा अग्रवाल एवं सोसाइटी के सैकड़ों डॉक्टर उपस्थित थे। वहीं डॉ नेहा की इस उपलब्धि पर इनके पिता विजय कुमार झा पूर्व बियाडा अध्यक्ष, ससुर डॉविश्वनाथ चौधरी, अनंत श्रीकृष्णा, डॉ धीरज चौधरी, जयकांत प्रसाद सिंह, मनीषा मीनू, डॉ टी राय, डॉ एस के राय, डॉ विनय कुमार आदि ने बधाई दी।

# कोयला वेतन समझौता में विलंब को लेकर भामसं करेगा आंदोलन : के लक्ष्मा रेड्डी

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** भारतीय मजदूर संघ (भामसं) कोल कर्मियों के एनसीडबल्यूए-11वां वेतन समझौता में हो रहे विलंब को लेकर आंदोलन तीव्र करने जा रही है। उक्त बातें भामसं के कोल प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी ने कहा। उन्होंने ने कहा कि भामसं अपने कामगारों की लड़ाई पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ लड़ते आया है और आगे भी लड़ेगा। एनसीडबल्यूए 11वां वेतन में मात्र 19 फीसदी एमजीबी ही जेबीसीसीआइ की 8वीं बैठक में तय हो पाई। उसके प्रबंधन की मानसिकता एनसीडबल्यूए -11वां वेतन समझौता के प्रति नकारात्मक है। कोल इंडिया के कुछ अधिकारियों ने व्यक्ति विशेष यूनियन के दवाब में आकर उनको लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रही है। जबकि भामसं हमेशा से



कोशिश में लगा है कि मार्च तक कोल कर्मियों की एनसीडबल्यूए-11वां वेतन समझौता का निष्पादन हो जाए। पर प्रबंधन की ओर से जान बूझकर वेतन समझौता को लटकाने की साजिश रची जा रही है, जिसे भारतीय मजदूर संघ बर्दाश्त नहीं करेगा। भामसं जेबीसीसीआइ की 9वीं बैठक जल्द हो इसका प्रयास कर रहा है। ताकि सभी ट्रेड यूनियनों के साथ सामंजस्य स्थापित कर जल्द से जल्द कोल कर्मियों का वेतन समझौता हो सके।

# राधा-कृष्ण मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 15 मई से



आजाद सिपाही संवाददाता

**तेतुलमारी/कतरास।** तेतुलमारी के नगरीकला स्थित शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को स्थानीय ग्रामीणों ने बैठक की। जिसकी अध्यक्षता नगरी कला ग्राम पंचायत के मुखिया रिंकू महतो उर्फ राजेंद्र महतो ने किया। उन्होंने बताया कि राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए आगामी 15 से 19 मई तक यज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ के लिए ध्वजारोहण 12 मई को होगा, जबकि 15 मई को जलयात्रा, 17 मई को नगर भ्रमण व प्राण प्रतिष्ठा, 19 मई को पूर्णाहूति के साथ ही यज्ञ का समापन होगा। दूसरी ओर चड़क पूजा 7 मई को भोक्ता मेला और 18 मई को काली पूजा व हरि बोल का कार्यक्रम रखा गया है। बैठक में झरी महतो, मदन मोहन ठाकुर, गणेश, दिनेश रजक, आनंद कुमार, शंकर महतो, सीताराम महतो, भोला महतो, नारायण महतो, पंकज महतो, हिमांशु रवानी, बबलू कुमार, सुरेंद्र महतो और परशुराम रवानी आदि उपस्थित थे।

# किसानों के सर्वे को लेकर बैठक, आठ गांव चिन्हित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/बेरमो।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत भलमारा पंचायत भवन में आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति की ओर से समेकित बिरसा ग्राम योजना के तहत किसानों के सर्वे करने के उद्देश्य से बैठक की गई। जिसमें प्रखंड प्रमुख पूनम देवी, भलमारा मुखिया मुक्ति देवी, पंसस अशोक महतो, समिति के सचिव बासुदेव शर्मा उपस्थित थे। प्रखंड प्रमुख पूनम देवी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में किसान वर्ग के लोग खेती करना छोड़ धीरे-धीरे दिहाड़ी मजदूर बनते जा रहे हैं। जिस कारण हमलोगों को पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है। सभी तरह के



खाद्य सामग्री केमिकल युक्त बन गए हैं। जिस कारण हमें पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास से किसानों को मजबूत करने के लिए बहुत सारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसमें से समेकित बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला योजना सरकार की बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है। हमारे लिए काफी खुशी की बात है कि यह योजना समिति के सचिव बासुदेव शर्मा के प्रयास से नावाडीह में संचालन किया जा रहा है।

वहीं, समिति के सचिव बासुदेव शर्मा ने कहा कि नावाडीह प्रखंड के कुल आठ गांवों को चिन्हित किया गया है। इनमें से किसानों का सर्वे किया जाएगा। वैसे किसान जिसके पास पर्याप्त मात्रा में खेती करने लायक जमीन हैं, वैसे किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें खेती करने को ले प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला योजना के माध्यम से कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य प्रक्षेत्र में कृषकों को वैज्ञानिक विधि से प्रशिक्षित करना तथा विशेषज्ञों की सेवा उपलब्ध कराना है, साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देना है।

इस मौके पर मुखिया मुक्ति देवी, पंचयात समिति सदस्य अशोक महतो, प्रोग्राम मैनेजर निहाल ओझा, अनवर अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र महतो, रामचंद्र महतो, सहित कई किसान उपस्थित थे।

# 13 से भाकपा माले-विस्थापित कमेटी का अनिश्चितकालीन आमरण अनशन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित दुर्गा मंडप में विस्थापित एवं स्थानीय संघर्ष समिति के तमाम कार्यकर्ताओं और भाकपा माले के नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें बताया गया कि स्थानीय विस्थापितों की जन समस्याओं को लेकर डीवीसी प्रबंधन को पूर्व में आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था और स्थानीय डीवीसी उपमहा प्रबंधक कार्यालय में फरवरी माह में सम्मान जनक वार्ता हुई थी। लेकिन डीवीसी प्रबंधन करीब दो माह गुजर जाने के बाद भी आठ सूत्री मांगों पर कुछ विचार नहीं किया। जिसके तहत पुनः भाकपा माले एवं विस्थापित कमिटी द्वारा 13 अप्रैल से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन कार्यक्रम डीवीसी बोकारो थर्मल पावर प्लांट के गेट पर करने का निर्णय लिया है। जिसे सफल बनाने के लिए बैठक में निर्णय लिया गया है। आगामी अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर कुल 25 से 30 विस्थापित एवं स्थानीय लोग बैठेंगे। इसके अलावा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग से सैकड़ों लोग सभी गांवों के रहेंगे। साथ ही भाकपा माले के अनुमंडल स्तरीय कमेटी के लोगों का भी समय-समय पर उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होता रहेगा। इसके अलावा बगोदर विधानसभा के सदस्य कॉ बिनोद कुमार सिंह का कार्यक्रम में भाग लेने की भी संभावना है। बैठक में मुख्य रूप से बालगोविंद मण्डल, वाजीद हुसैन, रनधीर यादव, सुरेन्द्र घासी, तिलक महतो, रवि तूरी, छतधारी गोप, भोला यादव, कुलेश्वर यादव, बबली अंसारी, मुबारक अंसारी, मिथिलेश रजवार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने पर थाना प्रभारी को किया गया सम्मानित

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** पिछले दिनों गोमिया के स्वांग वन मार्केट में आयोजित भव्य अखाड़ा में 4-5 क्षेत्रों का जूलूसों का मिलन कराया गया था। इस दौरान सभी जूलूस धारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शर्बत भी पिलाया गया। अखाड़ा में कलाकारों ने अपने कलाओं का बेहतर प्रदर्शन कर रामभक्तों का भरपूर मनोरंजन किया। इसी बीच प्रखंड और पुलिस प्रशासन के योगदान की महती भूमिका को अनदेखी नहीं की जा सकती है। ग्रामीणों और युवा व्यवसायी संघ ने पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था की तारीफ भी कर रहे थे। इसी के निमित्त रविवार को युवा व्यवसायी संघ के सदस्यों ने गोमिया थाना प्रभारी राजेश रंजन सहित सभी पुलिस कर्मियों का अभिवादन किया। उनलोगों ने थाना प्रभारी को गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र देकर शांति व्यवस्था मुहैया कराने को लेकर सम्मानित किया। वहीं, थाना प्रभारी ने कहा कि समाज के प्रबुद्ध नागरिकों का सहयोग इसी प्रकार मिलता रहे तो क्षेत्र में हमेशा शांति का वातावरण कायम रहेगा। पुलिस-पब्लिक के सहयोग से ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम संभव है। इस मौके पर पंसस सैफ अली, केदारनाथ स्वर्णकार, देवानंद निषाद, कृष्णा निषाद,आनंद निषाद,मृत्युंजय सिंह,फिरोज खान, अनिल कुमार, पंकज श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## विधायक ने किया जलापूर्ति योजना का शिलान्यास,766 घरों को मिलेगा नल का जल

# बरसों से पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों को मिलेगा नल का स्वच्छ जल : डॉ लंबोदर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत तुलबुल पंचायत के बिरसा गांव में विधायक डॉ लंबोदर महतो एवं जिला अध्यक्ष सुनीता देवी ने संयुक्त रूप से बिरसा हरिदयामो संयुक्त जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया। ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत बाजे गाजे के साथ किया। इस अवसर पर मुखिया ममता देवी, बिनोद विश्वकर्मा, पंसस सरिता देवी उपस्थित रहे। दूसरी ओर, विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने बताया कि इस गांव में पानी की समस्या बरसों से है। ग्रामीणों की मांग पर इस योजना की स्वीकृति मेरी अनुशंसा पर हुई है। इस




जलापूर्ति योजना से गांव के लगभग 4100 की आवादी की जनसंख्या में से 766 घरों के परिवार पानी से लाभावित होंगे। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में कई लोगों ने जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य किया हैं, लेकिन ग्रामीणों के पानी की समस्या किसी को नजर नहीं आयी। आज मेरे कार्यकाल में गोमिया विधानसभा क्षेत्र के कई जगहों पर पेयजलापूर्ति योजना को धरातल पर उतारा गया है। इसके अलावा बहुत सारी योजनाओं पर काम चल रहा है। विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में पेयजल समस्या को दूर करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है, ताकि आने वाले दिनों में लोगों को पेयजल की समस्या का सामना नहीं करना पडे। क्षेत्र के जरुरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। यह भी बताया कि कई क्षेत्रों में पानी की समस्या मेरे संज्ञान में आया है। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष चितरंजन साव, मुकेश सोरेन, हेमन्त केवट, फिकरु साव, बसंती देवी, सौरभ कुमार, नागेश्वर यादव, राजेन्द्र सावसंजय यादव, प्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।

## पार्षद अनिता कुमारी ने बेरमो थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना क्षेत्र में रामनवमी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर वार्ड पार्षद अनिता कुमारी व भाजपा नेता रमेश स्वर्णकार ने बेरमो थाना में थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रामनवमी में कानून व्यवस्था बहाल रखने में बेरमो प्रशासन ने सराहनीय कार्य किया। इसके लिए बेरमो प्रशासन के साथ-साथ फुसरो नप क्षेत्र के सभी सामाजिक संगठन, अखाड़ा कमेटी व पूजा समिति धन्यवाद के पात्र हैं। बधाई देने वालों में अविनाश कुमार शर्मा, जुगनू सिंह, रंजीत कुमार, विकास कुमार केसरी, प्रमोद आनंद साव, बिरेंद्र ठाकुर, सुनील मिश्रा, बिहारीलाल, अशोक रवानी आदि थे।

## सोआ में जी-20 अध्यक्षता का जश्न मनाने के लिए बैठक

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान ओडिशा में एक महीने तक चलने वाले कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए उत्कल दिवस के इस अवसर पर एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) के फैकल्टी और छात्रों के साथ एक बैठक आयोजित की गई है। जी-20 देशों के प्रतिनिधि 27 से 29 अप्रैल तक भुवनेश्वर में होने वाली तीसरी शिक्षा कार्य समूह की बैठक में भाग लेने वाले हैं। जहां तृतीय शिक्षा कार्य समूह की बैठक में भाग लेने का कार्यक्रम है, वहीं इस संदर्भ में 'जनभागीदारी' के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ओड़िशा के 30 जिलों में प्रश्नोत्तरी, निबंध, व्याख्यान, आलोचना चक्र और वेबिनार, विभिन्न खेल कार्यक्रम, मॉक जी-20, स्वच्छता कार्यक्रम, भोजन उत्सव और युवा समाचार कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इस उद्देश्य के लिए सोआ को एंकर के रूप में चुना गया है। सोआ को बलांगीर, क्योंझर और मयूरभंज जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। इन कार्यक्रमों में विभिन्न स्कूलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्र और सार्वजनिक शिक्षण संस्थानों के हिताधिकारी भाग लेंगे। इस अवसर पर आयोजित बैठक में सोआ के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार नंद ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की और विश्वविद्यालय की ओर से हर तरह के सहयोग का वादा किया। उत्कल दिवस के अवसर पर, प्रो. नंद ने विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि शिक्षा और नवीन अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए स्थापित सोआ को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त करेगा।

### एनटीपीसी ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड बनाया

# वित्त वर्ष 22-23 में 23 मिलियन टन कोयला उत्पादन को पार किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनटीपीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग का नेतृत्व करते हुए इस वित्तीय वर्ष में 14.02 मिलियन टन की तुलना में 23.20 मिलियन टन के कोयला उत्पादन के साथ 65 प्रतिशत की अभूतपूर्व वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि प्रदर्शित की है।

पिछले वित्त वर्ष में चार परिचालन कोयला खदानें यानी पकरी-बरवाडीह (झारखंड), चट्टी बरियातू (झारखंड), दुलंगा (ओड़िशा) और तलाईपल्ली (छत्तीसगढ़) ने स्थापना के बाद से इस उच्चतम वार्षिक कोयला उत्पादन को पूरा करने में योगदान दिया है। अभी तक कैप्टिव खदानों ने एनटीपीसी के 22 से अधिक बिजली संयंत्रों को 68.28 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति की है। इस कोयले के उत्पादन के साथ-साथ एनटीपीसी ने पिछले वित्त वर्ष में 31.9 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन हटाने की तुलना में 129 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ 73.0 मिलियन क्यूबिक मीटर का अब तक का सर्वाधिक वार्षिक ओवरबर्डन हटाने का लक्ष्य भी हासिल किया है।

### अगले वित्तीय वर्ष के लिए 31 मिलियन टन के लक्ष्य को प्राप्त करने पर विश्वास व्यक्त किया

एनटीपीसी के सीएमडी ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए पूरी कोयला खनन टीम को बधाई दी और अगले वित्तीय वर्ष के लिए 31 मिलियन टन के लक्ष्य को प्राप्त करने पर विश्वास व्यक्त किया। निदेशक (संचालन) रमेश बाबू वी और सभी खानों के नामित मालिक, एनटीपीसी ने उत्पादन मानदंड स्थापित करने के लिए कोयला खनन प्रभाग की सराहना की। वित्त वर्ष 22-23 में, देश ने गर्मी की लहरों और तेजी से आर्थिक सुधार के कारण बिजली की मांग में निरंतर वृद्धि देखी। इस ऊर्जा संकट के बीच एनटीपीसी कोयला खनन ने कोयला उत्पादन बढ़ाने और एनटीपीसी के बिजली संयंत्रों को लगातार गुणवत्तापूर्ण ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उत्कृष्ट प्रयास किये। एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) पार्थ मजूमदार ने विद्युत मंत्रालय का आभार व्यक्त किया। कोयला मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, झारखंड सरकार, ओड़िशा सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार के खान सुरक्षा महानिदेशालय और भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन, जिला प्रशासन ने एनटीपीसी कोयला खनन के लिए उनके अटूट समर्थन के लिए की सराहना की।

# केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में नये स्टेडियम के लिए भूमि पूजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/कोरापुट।** केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को 'उत्कल दिवस' के अवसर पर कोरापुट जिले में ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के नये स्टेडियम के लिए भूमि पूजन के साथ प्राधापकों के के लिए वर्क स्टेशन और डिजिटल भासा लैब का उद्घाटन किया। साथ ही विश्वविद्यालय में संत कवि भीम भोई चेयर की स्थापना की गई है। इस अवसर पर धर्मेंद्र प्रधान ने सुझाव दिया कि कोरापुट में बोली जाने वाली सभी आदिवासी भाषाओं में बीएड विभाग और केंद्रीय विश्वविद्यालय का उड़िया विभाग संयुक्त रूप से पाठ्यक्रम तैयार करें। विश्वविद्यालयों ने हजारों साल पहले समाज को पूरा करने की जिम्मेदारी ली थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाषा की जिम्मेदारी भी उठानी होगी। इसी तरह मौजूदा समय में पेट्रोकेमिकल सेक्टर सबसे तेज गति से बढ़ रहा है। केवल भौतिकी या पेट्रोकेमिकल से संबंधित एप्लाइड पेट्रोकेमिकल रसायन विज्ञान पढ़ाना। इसलिए उन्होंने आधुनिक समय के अनुरूप पढ़ने पर जोर देने की बात कही। उन्हें महिमा गोसाईं के फैसले का प्रचार करने और भीम भोई के बौद्धिक पक्ष को समाज के सामने पेश करने का काम सौंपा गया है। दिल्ली विश्वविद्यालय और छत्तीसगढ़ बिलासपुर में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के बाद, आज उत्कल दिवस पर ओड़िशा के केंद्रीय विश्वविद्यालय में इस चेयर का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है। कोरापुट मानव सभ्यता की प्राचीन प्रयोगशाला है। 21वीं सदी में ज्ञान के इस खजाने को पुनर्जीवित करना। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री ने 2036 में ओड़िशा के एक अलग प्रांत के गठन की शताब्दी पूरी होने की अवधि के दौरान युवाओं से बड़ा सोचने और बड़ा सपना देखने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री ने ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के अधिकारियों और फैकल्टी के साथ हुई समीक्षा बैठक में हिस्सा लिया था। उन्होंने कोरापुट की स्थानीय कुई भाषा में अनुसंधान, क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देने, भारतमाला परियोजना के माध्यम से अर्थव्यवस्था के विकास और जिले में पर्यटन के विकास पर चर्चा की। इसके अलावा, प्राध्यापक भर्ती और परिसर के समग्र पूंजीगत व्यय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आधारित पाठ्यक्रमों पर चर्चा की गई। श्री प्रधान ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के विकास के लिए सभी कदम उठाये जा रहे हैं।

## असम में यदि आप की सरकार बनी तो मुफ्त बिजली

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने असम में आम आदमी पार्टी (आप) के सत्ता में आने पर मुफ्त बिजली और सभी युवाओं को रोजगार देने का रविवार को वादा किया। केजरीवाल ने यह भी दावा किया कि आप सरकार ने सात वर्षों में दिल्ली का चेहरा बदल दिया, और असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी लगभग इतने ही समय के लिए सत्ता में रही है, लेकिन उसने ह्यगंदी राजनीति के अलावा कुछ नहीं' किया। केजरीवाल ने यहां एक रैली में कहा कि दिल्ली और पंजाब में आप सरकारें मुफ्त बिजली दे रही हैं, और अगर यह पार्टी असम में सरकार बनाती है तो यहां भी ऐसा ही होगा। उन्होंने असम में सत्ता में आने पर राज्य के सभी बेरोजगार युवकों के लिए नौकरियों का वादा भी किया। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी ने सात साल में दिल्ली में 12 लाख लोगों और पंजाब में एक साल में 28,000 लोगों को रोजगार दिया है।

## हावड़ा के बाद अब हुगली में हिंसा और आगजनी, दिलीप घोष बोले: राज्य सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बताया कि महिलाओं और बच्चों पर पथराव किया गया। हावड़ा हिंसा के बाद भी राज्य सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पथराव किया जा रहा है और वाहनों में तोड़फोड़ की जा रही है। पश्चिम बंगाल के हुगली में आगजनी और हिंसा की खबरें आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक, हुबली के रिशरा में रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हिंसा भड़की है। यह भी बताया जा रहा है कि भाजपा नेता दिलीप घोष के काफिले पर पत्थरबाजी भी की गई है।

# प्रधानमंत्री आज सीबीआइ के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगे

### पीएम डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 अप्रैल को दोपहर 12 बजे नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक और सीबीआई के सर्वश्रेष्ठ जांच अधिकारियों के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों के लिए एक अलंकरण समारोह आयोजित किया जायेगा। इस अलंकरण समारोह में प्रधानमंत्री पुरस्कार विजेताओं को पदक प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री शिलांग, पुणे और नागपुर स्थित सीबीआई के नवनिर्मित कार्यालय परिसरों का उद्घाटन भी करेंगे। वह सीबीआई के हीरक जयंती समारोह वर्ष पर एक डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी करेंगे। वह सीबीआई के ट्विटर हैंडल का शुभारंभ भी करेंगे। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की स्थापना भारत सरकार के गृह मंत्रालय के दिनांक 1 अप्रैल, 1963 के एक संकल्प द्वारा की गई थी।



- पीएम विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक और सीबीआइ के सर्वश्रेष्ठ जांच अधिकारियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगे


बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Visit us at www.vermapress.com, e-mail : vermapress@gmail.com

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

S M TOY & School Furniture
Old Bank Colony, RMCH Road Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z
For School, Playground, Playschool Park, Playazone, Mails, Backyard, Recreation Zone Society & Anganwadis
PROP. SANTOSH KUMAR 7503729696, 9205624569

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now ! +91-7903149721
www.universityfly.com

Ranjeet Singh Kundan Singh Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-9934189684 7667384788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
9931066883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

क्या आप परेशान है... विश्व प्रसिद्ध ज्योतिष
गुरु दयाशंकर शास्त्री
काली माता के परम भक्त
16th Times Gold Medalist Astrologer
09878184477
दिव्य चमत्कारी शक्तियों के मालिक
शक्ति चमत्कार देखे 24 घंटों में घर बैठे फोन पर समाधान

Helpline No.: 7061812125
www.janyafertilityclinic.com
Janya Hospital
जान्या हॉस्पिटल
नि:संतान दंपतियों, स्त्रियों एवं गर्भवती महिलाओं और बच्चों के इलाज हेतु संपर्क करें।
DOCTORS
डा० मणि मुक्ता
नि: संतानता ईलाज (IVF) पर भारी छूट
ऐश्वर्या रेसिडेंसी, ए-1, अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड, नियर रिलायंस फ्रेस, दीपाटोली, पुन्दाग, रॉची, झारखण्ड-834004

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**